सुप्रभात
रांची, मंगलवार
15.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया/तृतीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 270 | 12 | हिंदू समाज की एकता व समानता...



## झामुमो महाधिवेशन : असम, ओड़िशा, बंगाल तक विस्तार का ऐलान

# राज्य में नहीं लागू होगा वक्फ कानून

## राजनीतिक प्रस्ताव में सरना धर्मकोड, जाति जनगणना का जिक्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन के पहले दिन राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना, ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति, वक्फ कानून में संशोधन का विरोध, निजी क्षेत्र में स्थानीय के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म कोड, राज्य समेत पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने की बात शामिल है। साथ ही परिसीमन का विरोध का जिक्र है। इसके साथ ही झामुमो का असम, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल तक विस्तार का ऐलान किया गया। वक्फ संशोधन अधिनियम पर विरोध जताते हुए कहा गया कि इससे अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। भूमि राज्य का विषय है, लेकिन केंद्र ने वक्फ संशोधन से पहले राज्य से सलाह नहीं ली। धर्म और जाति के नाम पर आतंक का वातावरण बनाया जा रहा है। झारखंड में इसे लागू नहीं किया जाना चाहिए।

**जीवन-जीविका को सर्वोच्च प्राथमिकता :** पार्टी का 13वां दो दिवसीय महाधिवेशन की शुरुआत सोमवार को केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में खेलगांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम प्रांगण में हुई। यह महाधिवेशन बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को समर्पित है। स्वागत संबोधन में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद झामुमो ने यह मुकाम हासिल किया है। अब पार्टी का लक्ष्य कई राज्यों में विस्तार भी शामिल है। झारखंड के कोने-कोने तक बदलाव लाना है। हम जीवन और जीविका की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य अलग होने के बाद कमान ऐसे लोगों के हाथ में चली गयी, जिनका यहां के लोगों से कोई लेना-देना नहीं था। यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पीड़ित, शोषित लोगों ने उत्पीड़न से तंग आकर वर्ष 2019 में डबल इंजन की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। श्री सोरेन ने कहा कि अब अबुआ सरकार आम लोगों के हित में काम कर रही है। आदिवासियों-मूलवासियों को उनका अधिकार दे रही है। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। (पेज 2 भी देखें)



### खराब सेहत के बाद भी पहुंचे गुरुजी

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन खराब स्वास्थ्य के बावजूद इस कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री खुद अपने माता-पिता को मोरहाबादी स्थित उनके आवास से साथ लेकर महाधिवेशन स्थल पर पहुंचे। महाधिवेशन में गांडेय विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, बंसत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन समेत पार्टी के कई पदाधिकारी भाग ले रहे हैं।

### निशाने पर भाजपा

झामुमो अध्यक्षीय समिति के सदस्य स्टीफन मरांडी ने कहा कि भाजपा ने हेमंत सोरेन के खिलाफ राजनीतिक कुचक्र रचे। सीबीआई, इडी और इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया। मनगढ़ंत आरोप लगाकर उन्हें राजभवन से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए काला अध्याय है। यह कार्रवाई संविधान और लोकतंत्र पर हमले के रूप में दर्ज रहेगी। महाधिवेशन में झारखंड के प्रवासी मजदूरों की सकुशल वापसी, राज्य खजाने की स्थिति में सुधार और कोरोना काल में सरकार के प्रयासों को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मॉडल देशभर में उदाहरण बना है।



### लोकसभा चुनाव का लक्ष्य

महाधिवेशन में यह भी तय हुआ कि पार्टी पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर स्तर पर भाजपा की असमानता और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ेगी। 56 विधायकों की एकता को भाजपा की 56 इंच वाली राजनीति पर तीर के तौर पर बताया गया। महाधिवेशन का समापन 15 अप्रैल को होगा।

### अब कई राज्यों पर झामुमो की नजर

महाधिवेशन में घोषणा की गयी कि झामुमो अब असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की सीटों पर भी अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ायेगा। असम में सूबे के प्रवासियों को संगठित कर चुनाव लड़ने की योजना है। झामुमो ने आदिवासी और मूलवासी समुदाय के भूमि अधिकारों की बात दोहराई। पार्टी ने जल, जंगल, जमीन पर समुदाय के अधिकार को फिर से रेखांकित किया और भूमि वापसी अधिनियम बनाने, जंगल में रहने वालों को स्थायी पप्ता देने और परिसीमन के विरोध का ऐलान किया। प्रस्तावित परिसीमन की आड़ में जनजातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कम करने की साजिश रची जा रही है।

---

### न्यूज डायरी

#### लूट की छूट पर हमला है नया वक्फ : नकवी

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि लश्करे लूट की लंपट छूट पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक़्फ संशोधन एक्ट। सोमवार को पत्रकारों के वक़्फ पर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि चोट लश्करे तबाही पर चीख लश्करे तुष्टीकरण की निकल रही है, जिनके लूट लाइसेंस की नाकेबंदी पर लूटसाहबों की लामबंदी इस बात का प्रमाण है।

#### दुमका में दंपति की चाकू घोपकर हत्या

**दुमका।** जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र में डबल मर्डर से सनसनी फैल गयी है। पहाड़पुर गांव में एक दंपती की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गयी है। मृतक की पहचान मोहन सोरेन और पत्नी बोरोनिका हेंब्रम के रूप में हुई है। घटना से गांव के लोग स्तब्ध हैं। मृतक दंपति मामा के घर रहता था। जमीन संबंधी विवाद में वारदात को अंजाम दिये जाने की आशंका जतायी जा रही है।

#### सलमान को फिर जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। वर्ली में परिवहन विभाग के नंबर पर धमकी भेजी गयी है, जिसमें अभिनेता को जान से मारने के साथ ही उनकी कार को भी बम से उड़ाने की बात अज्ञात शख्स ने कही है। अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है।

#### हफीजुल को कैबिनेट से हटायें सीएम: मरांडी

**गिरिडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के मंत्री हफीजूल हसन के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने शरीयत कानून को भारतीय संविधान से ऊपर बताया है। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री को तत्काल मंत्रिमंडल से हफीजूल हसन को बर्खास्त करना चाहिए।

#### टाइगर जयराम ने लोगों पर बरसाये फूल

**गिरिडीह।** लोकास्था का महापर्व भोक्ता पर्व गिरिडीह और बोकारो के कई गांवों में मना। डुमरी विस क्षेत्र के चपरी (बोकारो जिला) में भी यह पर्व आस्था के साथ मना। यहां झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रमुख सह डुमरी विधायक जयराम महतो भी शामिल हुए। उन्होंने यहां झूलन के रिवाज को भी पूरा किया। वे कई फीट ऊंचाई पर बने झूला में झूले भी और लोगों के ऊपर पुष्प की वर्षा भी की।

#### चार लाख जाली नोट के साथ दो गिरफ्तार

**साहिबगंज।** जीआरपी थाना बरहरवा ने चार लाख बारह हजार रुपये जाली नोट के साथ पंजाब के तीर्थ सिंह और इंद्रप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस बाबत सोमवार को थाना अवर निरीक्षक बुद्धेश्वर उरांव ने बताया कि धनबाद एसपी से मिली गुप्त सूचना के आलोक में सभी पुलिस पदाधिकारी अलर्ट हो गए और संदेह के आधार पर उक्त दोनों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान ठीक से जवाब नहीं देने पर इनके बैग की तलाशी ली गयी।




---

## झारखंड के कई जिलों में आंधी-पानी से भारी तबाही

# रांची में ठनका की चपेट में आकर एक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के कई जिलों में सोमवार को तेज आंधी-पानी और आसमानी बिजली ने तबाही मचायी। आंधी-तूफान के कारण पेड़ गिरने से कई वाहन क्षतिग्रस्त गये। इसी क्रम में रांची के डोरंडा बड़ा घाघरा में वज्रपात की चपेट में आकर अनूप कच्छप नामक एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मौसम विभाग ने कई जिलों में 15 और 16 को भी बारिश होने की बात कही है। सोमवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में दिन में मौसम साफ रहा। अचानक शाम से बादल छाने लगे और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी।



**ऑरेंज अलर्ट जारी :** मौसम विभाग के अनुसार 15 को झारखंड के दक्षिणी और इससे लगे हिस्सों में गर्जन, ओलावृष्टि, वज्रपात होने की भी आशंका है। इन जिलों में 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में गर्जन, वज्रपात और 40-50 किमी कि गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इन जिलों में पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, लोहरदगा और कोडरमा जिला शामिल है।

**धनबाद में कई घरों में घुसा पानी :** कोयलांचल के धनबाद समेत कई इलाकों में शाम के तेज आंधी-तूफान और बारिश से लोगों को काफी नुकसान हुआ है। आंधी-तूफान के कारण कई पेड गिर गये। वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। इस हादसे से इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गयी और लोयाबाद सात नंबर के सैकड़ों घर अंधेरे में तब्दील हो गया। दूसरी ओर, बारिश ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। भारी बारिश से कई घरों में पानी घुस गया है।

# राम मंदिर की तरह बनेगा तपोवन मंदिर, सीएम ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर रांची का ऐतिहासिक तपोवन मंदिर भी बनेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को इस भव्य मंदिर का शिलापूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय समेत कई गणमान्य मौजूद थे। सीएम ने विधि-विधान से शिला पूजन किया और उसे मंदिर निर्माण स्थल पर स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ जय श्री राम का नारा भी लगाया। समारोह के दौरान तपोवन मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। हेमंत सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर भी पोस्ट शेयर किया। लिखा कि रांची में ऐतिहासिक श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में भूमि पूजन समारोह कार्यक्रम में शामिल हुआ। (शेष पेज 11 पर)



मंदिर का शिलापूजन करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य।

---

## चाईबासा पहुंचे डीजीपी, जवानों का हौसला बढ़ाया

# राज्य में नक्सल विरोधी अभियान और तेज होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/चाईबासा।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की। डीजीपी की अध्यक्षता में हुई इस उच्च स्तरीय समीक्षा में नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाया। साथ ही अभियान और तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने एवं क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर भी जोर दें। समीक्षा बैठक में सीआरपीएफ झारखंड के पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह, दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र रांची के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) अमोल विनुकांत होमकर, झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के पुलिस महानिरीक्षक अनुप बिरथरे आदि भी उपस्थित थे।



# बंगाल हिंसा का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

- **अर्द्धसैनिक बलों पर पथराव, हिंसा के तार पीएफआइ और सिमी से जुड़े**

**एजेंसी**

**कोलकाता।** बंगाल के कई जिलों में वक्फ कानून के खिलाफ भड़की हिंसा का मामला सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट के वकील शशांक शेखर झा ने हिंसा और मौतों की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाने और सुप्रीम कोर्ट से इस जांच की निगरानी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को लोगों की जान बचाने और आगे की हिंसा को रोकने के लिए भी कदम उठाने चाहिए।

वहीं अब मुर्शिदाबाद के बाद दक्षिण 24 परगना में भी हिंसा भड़क उठी है। पधर्शनकारियों ने अर्द्धसैनिकबलों पर जम कर पत्थर बरसाये। पुलिस के कई वाहन फूंक दिये। कई प्जवान घायल हुए हैं। हिंसा के चलते लोगों का इन इलाकों से लगातार पलायन जारी है। अब तक पुलिस ने 300 से अधिक लोगों की लोगों की गिरफ्तारी की है। वहीं बंगाल में भड़की हिसा के तार सिमी और पीएफआइ से भी जुड़ रहे हैं।



सोमवार को पश्चिम बंगाल के 24 परगना में तोड़फोड़ के बाद की गयी आगजनी।

### सुरक्षाबलों से भिड़े आइएसएफ के समर्थक

ताजा घटना में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के समर्थक सुरक्षाबलों से भिड़ गये। हिंसा में कई लोगों के घायल होने की खबर है और कई पुलिस वाहनों को आग लगा दी गयी। यह हिंसा बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हुई। भाजपा का आरोप है कि सीएम ममता बनर्जी के बयान की वजह से हिंसा भड़की है। इस बीच, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद और राज्य के अन्य हिंसा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राजभवन का कोर ग्रुप मुर्शिदाबाद और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति पर वास्तविक समय के आधार पर लगातार नजर बनाये हुए हैं।

---

# वक्फ पर सही से नहीं हुआ था काम, कुछ ने लूटी जमीन : मोदी


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि वक्फ पर पहले ईमानदारी से काम नहीं हुआ था। इससे केवर मुट्ठी भर भू-माफियाओं का भला हुआ है जिन्होंने दलितों पिछड़ों, आदिवासियों और विधवाओं की जमीनें लूटी है। अगर सचमुच समाज कल्याण के काम करता तो देश का मुसलमान नौजवान पंक्चर न बना रहा होता। पीएम सोमवार को हरियाणा के हिसार में एक कार्यक्रम के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था, जो नहीं हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिये गरीबों की जमीन लूट रहे थे। उन्होंने बताया कि सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने सरकार को पत्र लिखकर वक्फ कानून में बदलाव की मांग की थी, जिसके बाद सरकार ने इसमें संशोधन किया।

## ...तो मुस्लिम भाइयों को पंक्चर नहीं बनाना पड़ता

### वक्फ के बाद अब यूसीसी की बारी

अपने संबोधन में पीएम ने यूसीसी को लेकर भी अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना स्पष्ट रूप से कहती है कि सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता होनी चाहिए, जिसे मैं धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता कहता हूं। लेकिन कांग्रेस ने इसे कभी लागू नहीं किया। उत्तराखंड में हमने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू की है, लेकिन कांग्रेस इसका विरोध करती रहती है। पीएम की इस बात के बाद देश में वक्फ के बाद यूसीसी लाने की तैयारी की चर्चा गोने लगी है। इस दौरान पीएम मोदी ने वक्फ कानून का विरोध करने पर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा, वह मुस्लिम वर्ग की इतनी ही हितैशी है तो किसी मुस्लिम को कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती। कांग्रेस ने वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया।



### कांग्रेस बनी संविधान की भक्षक

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि पार्टी ही संविधान की भक्षक बन गयी। उन्होंने कहा, हमें ये भूलना नहीं चाहिए कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया। जब तक बाबा साहेब जीवित थे, कांग्रेस ने उन्हें अपमानित किया। दो-दो बार उन्हें चुनाव हरवाया। कांग्रेस ने उनकी याद तक मिटाने की कोशिश की। कांग्रेस ने बाबा साहेब के विचारों को भी हमेशा के लिए खत्म कर देना चाहा। डॉ अंबेडकर संविधान के संरक्षक थे, लेकिन कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गयी है।

# झारखंड में कई स्थानों पर लगे हो सकते हैं आइइडी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ-साथ बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड की राज्य पुलिस को तीनों राज्यों के विभिन्न स्थानों में छिपे हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के बारे में अलर्ट जारी किया है। एनआईए को यह इनपुट माओवादी गतिविधियों में शामिल कई संदिग्धों से पूछताछ के बाद मिला। एजेंसी के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के अनुसार, हमें राज्य के विभिन्न स्थानों से और अधिक छिपे हुए आईईडी का पता चलने की उम्मीद है। एनआइए के अनुसार, चूंकि सुरक्षा एजेंसियां माओवाद प्रभावित राज्यों में उनके गढ़ में माओवादियों को निशाना बना रही हैं, इसलिए अपनी धमक दिखाने के उद्देश्य से माओवादी आईईडी विस्फोट कर तोड़फोड़ करने की कोशिश करेंगे।

**एनआइए ने किया अलर्ट**

## झामुमो का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन शुरू, आठ से अधिक राज्यों के 3500 से अधिक पार्टी प्रतिनिधि पहुंचे

# अनगिनत शहादत के बाद मिला है झारखंड, इसे आगे ले जाना हमसब की जिम्मेवारी : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन सोमवार को शुरू हो गया। इस महाधिवेशन में आठ से अधिक राज्यों से पार्टी के 3500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। महाधिवेशन का आयोजन 14 और 15 अप्रैल 2025 को खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में किया गया है। झामुमो के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के लिए अनगिनत लोग शहीद हुए हैं। आज हम उन सभी को नमन करते हैं। झारखंड को बचाना और आगे ले जाना हम सब की जिम्मेवारी है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो किसानों, दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व करता रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन की कुछ बातें मुझे आज भी याद हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गुरुजी (शिबू सोरेन) का आंदोलन चल रहा था, उस समय लोग जुटते थे और गुरुजी के साथ चलते थे। अलग राज्य के लिए आंदोलन लंबा चला और अनगिनत शहादत के बाद हमें अलग राज्य मिला है। अलग राज्य मिलने के बाद यहां के लोगों के चेहरे पर खुशी झलकी और लोगों ने राहत की सांस ली थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हमारे जवान अलग राज्य के लिए लड़ते थे, लेकिन राज्य का विकास कैसे होगा, इस पर कम चर्चा होती थी। राज्य अलग होने के बाद इस राज्य की कमान ऐसे लोगों के हाथ में चली गई, जिनका यहां के लोगों से कोई लेना-देना नहीं था।

### महाधिवेशन में इन विषयों पर हो रही चर्चा

**पार्टी संविधान में संशोधन** : जेएमएम अपने संविधान में बदलाव पर विचार कर रही है।

**भूमि पुनर्वापसी कानून** : पार्टी इस कानून पर चर्चा करेगी और इसके प्रावधानों को मजबूत बनाने के तरीकों पर विचार करेगी।

**वक्फ संशोधन कानून का विरोध** : जेएमएम वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर सकती है।

**राष्ट्रीय पार्टी बनाने की रणनीति** : जेएमएम अब क्षेत्रीय दल की छवि से बाहर निकलकर राष्ट्रीय पार्टी बनने की रणनीति बना रही है।

**बिहार और बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव** : जेएमएम इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति तैयार करेगी।

**जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों को अधिक शक्तियां** : जेएमएम जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों को अधिक राजनीतिक शक्तियां देने पर विचार कर रही है।

## विधायक स्टीफन मरांडी ने पढ़ा पार्टी का राजनीतिक प्रस्ताव

- राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना और आरक्षण पर जोर
- निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण की मांग

रांची। अधिवेशन में पार्टी के वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी ने राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना का जिक्र किया। स्टीफन मरांडी ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति और परिसीमन के विरोध का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि झामुमो वक्फ एक्ट में संशोधन के खिलाफ है। प्रस्ताव में निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म कोड को संसद द्वारा मान्यता देने और पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने की बात शामिल है।

**महाधिवेशन में कल्पना सोरेन को बड़ी जिम्मेवारी मिलने की चर्चा** : बता दें कि इस महाधिवेशन में नयी कमेटियों का गठन होगा, जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। गांडेय विस क्षेत्र की विधायक कल्पना सोरेन को संगठन में बड़ी जिम्मेवारी मिलने की संभावना है। वहीं हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन का जिक्र किया।





### हफीजुल के शरीयत वाले बयान के खिलाफ भाजपा करेगी आंदोलन

## मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से शीघ्र बाहर करें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री मरांडी सोमवार को गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंत्री हफीजूल हसन के अनुसार वे भारतीय संविधान से ऊपर शरीयत कानून को मानते हैं। उन्होंने कहा कि इस बयान से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस-झामुमो के लोग चाहे लोकसभा, राज्यसभा हो या विधानसभा, संविधान को पॉकेट में लेकर घूमते हैं, जो संविधान का भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का यही असली चेहरा है। इसका प्रकटीकरण हफीजुल हसन की जुबान से हुआ है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर जिस प्रकार से एक संवैधानिक पद पर बैठे राज्य के मंत्री से संविधान का अपमान हुआ, यह अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र विरोधी, संविधान विरोधी बयान है। इसलिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल मंत्रिमंडल से हफीजुल हसन को बर्खास्त करना चाहिये। उन्होंने कांग्रेस और झामुमो से पूछा कि वे हफीजुल हसन के बयान से सहमत हैं या असहमत। उन्होंने कहा कि यदि मंत्रिमंडल से हफीजुल हसन की बर्खास्तगी नहीं होती है तो यह माना जायेगा कि इंडी गठबंधन के लोग मंत्री के बयान से सहमत हैं। संविधान के पालन का केवल नाटक करते हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के आकंठ डूबा इंडी गठबंधन शरिया के आधार पर देश चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जायेगी। पूरे प्रदेश में भाजपा आंदोलन करेगी।

### नेता प्रतिपक्ष का फोन नहीं उठाने का मामला

## देवघर एसपी ने प्रोटोकॉल की अवहेलना की: भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देवघर एसपी ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का फोन नहीं उठाया। श्री मरांडी के अनुसार यह प्रोटोकॉल का घोर उल्लंघन है। दरअसल, सोमवार को किसी मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी देवघर एसपी से बात करना चाहते थे। श्री मरांडी के वरीय निजी सचिव राजेंद्र तिवारी ने अपने दोनों मोबाइल फोन से देवघर एसपी को 1.45 बजे अपराह्न से 3.11 बजे अपराह्न तक 7 बार कॉल किया, लेकिन देवघर एसपी ने फोन रिसीव नहीं किया। इस बीच में एसपी के नंबर पर टेक्स्ट मैसेज भेजते हुए लिखा कि बाबूलाल जी बात करना चाहते हैं। इसके बावजूद कॉल बैक नहीं किया गया। फिर 3 बजे व्हाट्सएप भेजा गया, फिर भी बात नहीं हुई। व्हाट्सअप देखने के बाद निजी सचिव ने सातवीं बार फोन किया, लेकिन फिर भी कॉल रिसीव नहीं किया गया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल का फोन नहीं रिसीव करना प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। एसपी की कार्यशैली ठीक नहीं है। इसमें मनमानी और स्वच्छन्दता प्रदर्शित होती है। यह राज्य की पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था की वास्तविकता को दर्शाता है।

### हाईकोर्ट ने वेतन वृद्धि रोके जाने का आदेश 20 साल बाद किया रद्द

## प्रार्थी को सभी वित्तीय लाभ दें

**महत्वपूर्ण फैसला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सजा के तौर पर दुमका के तत्कालीन हेड मास्टर के दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोके जाने के 20 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में 6 अक्टूबर 2005 को डीडीसी, दुमका के द्वारा प्रार्थी के वेतन वृद्धि रोके रखे जाने के आदेश को रद्द कर दिया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने कहा कि चुकी प्रार्थी 31 जनवरी 2014 को सेवानिवृत हो चुके हैं ऐसे में उन्हें जल्द से जल्द सारा वित्तीय लाभ दिया जाए। दरअसल, 26 फरवरी 2004 को प्राथमिक विद्यालय कुसडीहा, दुमका के तत्कालीन हेडमास्टर हरिहर प्रसाद मंडल के स्कूल में प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ (दुमका) ने औचक निरीक्षण किया था।

आरोप है कि प्रिंसिपल द्वारा स्कूल रजिस्टर एवं स्कूल के दस्तावेज को अपने घर में रखा जाता था, वे कभी-कभी ही क्लास लिया करते थे। क्लास नहीं लेने के संदर्भ में उनका ग्रामीणों से भी झगड़ा होता था। इसके अलावा वे उपस्थित रजिस्टर को नियमित नहीं रखते थे और शिक्षण कार्य में रुचि नहीं दिखाते थे। बाद में उनपर विभागीय कार्रवाई चली थी और 15 अप्रैल 2004 को उन पर आरोप गठित किया गया था। इसके बाद 6 अक्टूबर 2005 को सजा के तौर पर उनका दो वार्षिक वेतन वृद्धि संचयात्मक प्रभाव से रोक दिया गया था। प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा था कि उन्हें बृहद सजा दी गई है परंतु जांच प्रतिवेदन उन्हें नहीं सौंपा गया और साथ ही द्वितीय कारण पृच्छा भी उनसे नहीं हुई है। यह नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। ऐसे में उनके दो वेतन वेतन वृद्धि के आदेश को रद्द किया जाए।

## राष्ट्र निर्माता भी थे बाबा साहब भीम राव आंबेडकर : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा की ओर से सोमवार को बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पूरे प्रदेश में मनाई गयी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद स्थित अंबेडकर चौक में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर इस देश के संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माता थे। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने गरीब,वंचित समाज को ताकत दी। संविधान में राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास, उनके सामाजिक आर्थिक उन्नयन के लिए आरक्षण का प्रावधान किया। वहीं राष्ट्रीय एकात्मकता को कमजोर करने वाली धारा-370 और धर्म आधारित आरक्षण का प्रबल विरोध किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन बाबा साहब के विचारों पर कुठाराघात कर रही है। आज कांग्रेस की सरकार धर्म आधारित आरक्षण लागू करने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बाबा साहब अम्बेडकर को हमेशा सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार बाबा साहब से जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। मोदी सरकार ने बाबा साहब की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की। इधर, भाजपा मुख्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से बाबा साहब के चित्रों पर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## आजसू ने प्रदेश कार्यालय सहित सभी विस क्षेत्रों में मनायी भीमराव आंबेडकर की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी ने सोमवार को सभी 81 विधानसभा में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी। इस अवसर पर रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में बाबा साहब की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों पर विचार विमर्श किया गया।

पार्टी के बुद्धिजीवी कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने सिल्ली स्थित आंबेडकर पार्क में श्रद्धेय बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के निर्माता, महान समाज सुधारक, सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर से हमें समानता सीखनी चाहिए। इधर, प्रदेश कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि बाबा साहब न केवल दलितों के मसीहा थे, बल्कि वे पूरे भारत के पुनर्निर्मार्ता रहे। उनकी विचारधारा आज भी हमें प्रेरणा देती है। उन्होंने आगे युवा कार्यकर्ताओं को प्रदेश हित में कार्य करते हुए पार्टी कार्य को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने सामान्य बंधुता और संविधान के मूल्य की रक्षा का संकल्प लिया।

## तंजानिया के उपराष्ट्रपति से मिले मंत्री संजय सेठ

**(खबर मन्त्र ब्यूरो)**



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को दार एस सलाम स्टेट हाउस में तंजानिया के उपराष्ट्रपति फिलिप इस्डोर मपांगो से मुलाकात की। श्री सेठ ने भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की शुभकामनायें उपराष्ट्रपति मपांगो को दीं। तंजानिया के उपराष्ट्रपति को अफ्रीका-भारत प्रमुख समुद्री जुड़ाव 2025 के सफल उदघाटन की जानकारी दी। उपराष्ट्रपति मपांगो ने संजय सेठ को तीसरे रक्षा एक्सपो के लिए बधाई दी। दोनों पक्षों ने रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। बैठक में स्टगोर्मेना लॉरेंस टैक्स, तंजानिया के रक्षा मंत्री, भारत के नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल डी के त्रिपाठी, तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे, अमित शतीजा भी शामिल हुये।

**शपथ पत्र**

मैं रीगा उरांव, पिता मंगना उरांव ग्राम- मलगो, पोस्ट-आदर, थाना घाघरा, जिला गुमला झारखंड शपथ पूर्वक कहता हूं कि मैं उक्त ग्राम का स्थाई निवासी हूं। यह है कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा आदर में मेरा बचत बैंक खाता संख्या 22014 670466 है। जिसमें गलती से मेरा नाम रोधा उरांव दर्ज हो गया है। यह है कि मेरा फोटो पहचान पत्र में मेरा नाम रोधा उरांव दर्ज है और मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम REEGA ORAON एवं पैन कार्ड में मेरा नाम RIGA ORAON दर्ज है जो मेरा ही है। यह है कि मेरा सही नाम REEGA ORAON है। जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। शपथ पत्र में अपने दोनों नाम की सत्यता की पुष्टि करते हुए उपरोक्त खाता में अपना नाम रीगा उरांव REEGA ORAON करवाने हेतु कर रहा हूं।

**शपथ पत्र नंबर 696/2025**

## भीमराव आंबेडकर जयंती : कांग्रेस ने बनायी मानव श्रृंखला, संविधान को जोड़े रखने का दिया संदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने डोरंडा स्थित डॉ आंबेडकर की प्रतिमा से लेकर स्वामी विवेकानंद चौक, स्वर्गीय देवेंद्र मांझी चौक होते हुए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा तक मानव श्रृंखला बनायी। इस क्रम में नेता-कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को संविधान की प्रति हस्तांतरित की। यह सिलसिला डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा तक जारी रहा, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संविधान की प्रति प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू को सौंपा, जिसे श्री राजू ने राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा के समक्ष रखकर नेताओं कार्यकर्ताओं को संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाया।



### संविधान बदलना चाहते हैं मनुवादी सोच वाले लोग : के. राजू

संविधान रक्षा सभा को संबोधित करते हुए के राजू ने कहा कि मानव श्रृंखला के माध्यम से हमने देश को एक संदेश देने का काम किया है। इस श्रृंखला के माध्यम से संविधान को एक दूसरे को हस्तांतरित करने का उद्देश्य है कि आज कांग्रेस के हर कार्यकर्ता ने संविधान की रक्षा के उत्तरदायित्व का भार अपने ऊपर ले लिया है।

बाबा साहब ने कहा था कि कांग्रेस के बिना इस संविधान की परिकल्पना नहीं की जा सकती। संविधान बाबा साहब के विकासवादी सोच और कांग्रेस के सामाजिक समरसता की सोच की परिकल्पना की सच्चाई है। भाजपा देश से संविधान को समाप्त कर मनुस्मृति लाना चाहती है और मनुस्मृति वर्ण व्यवस्था लाने का माध्यम है। आज देश में दो विचारधाराए हैं एक मनुस्मृति को मानने वालों का दूसरा संविधान को मानने वालों का, हम संविधान के साथ हैं और इसकी रक्षा हमारा दायित्व है।

### संविधान बदलना चाहती है भाजपानीत सरकार : कमलेश

केशव महतो कमलेश ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान की रक्षा का अभियान लगातार जारी है। आज प्रत्येक जिले में बाबा साहब की जयंती पर संविधान रक्षा संगोष्ठी, सभाएं की जा रही हैं। देश में अभियान चलाकर भाजपा संवैधानिक प्रावधानों पर हमला करने की कोशिश कर रही है और जनता के अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही है। सरकार पर संविधान की रक्षा का भार होता है लेकिन भाजपानीत सरकार खुद संविधान का भक्षण करने की कोशिश कर रही है।

### संविधान में बदलाव हुआ तो जनता मनुस्मृति काल में चली जायेगी : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि अगर संविधान में बदलाव हुआ तो जनता मनुस्मृति काल में चली जाएगी। सामाजिक परिस्थितियां भयावह हो जाएगी, हमें इस स्थिति से लोगों को बचाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान को बचाने का जो संकल्प लिया है उस पर मजबूती के साथ संघर्ष करना है। देश की फिजाओं में जहर घोलने की भाजपा की कोशिशों को नाकाम करना है। विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि संघर्ष कठिन है लेकिन हमें हर वक्त तैयार रहना होगा। एक तरफ गोड्से और मनुस्मृति की विचारधारा है तो दूसरी तरफ गांधी और बाबा साहब की विचारधारा देश में चल रही है। हमें यह तय करना है कि हमें किस विचारधारा से देश को आगे बढ़ाना है। सभा को कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बलमुचू, राजेश ठाकुर, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सुरेश बैठा, ममता देवी, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, केदार पासवान ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन महानगर अध्यक्ष कुमार राजा एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने किया।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
मंगलवार 15.04.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 352
epaper.khabarmantra.net
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### रागिनी सिंह ने बाबा साहेब की मनाई जयंती



**झरिया।** संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने झरिया विधानसभा अंतर्गत बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन उनका संघर्ष और उनके विचार हम सभी को संविधान के प्रति अटूट निष्ठा रखने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने व एक न्यायपूर्ण समानतापूर्ण भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार राय, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्य सभा सदस्य आदित्य साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रितम सहित कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में मनाया गया अंबेडकर जयंती




**सिंदरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी में सोमवार को अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ भास्कर झा ने कहा कि बाबासाहेब का संदेश था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। संगठन में शक्ति से असंभव कार्य को संभव बनाया जा सकता है। ज्ञान के माध्यम से जीवन को आधार प्रदान कर सकते हैं। हमें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। आचार्य मनोज ने कहा कि भारत की रक्षा और जगतगुरु बनाने के लिए निरंतर अध्ययन करना परम कर्तव्य है। आचार्य पवन प्रजापति ने कहा कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। बाबासाहेब के संघर्षपूर्ण जीवन एवं जीवन वृत्त पर छात्रा खुशी, सौम्या, आरती तथा छात्र अमन व सचिन ने प्रकाश डाला।मौके पर कार्यक्रम प्रमुख शांतनु कर्मकार, सत्येंद्र तिवारी, सरोज तिवारी सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

### सिंदरी में तेज रफ्तार की आंधी पानी से आधा दर्जन पेड़ गिरे



**सिंदरी।** एक सप्ताह में सोमवार की दोपहर दूसरी बार सिंदरी में तेज आंधी के साथ ओलावृष्टि हुई। बारिश शुरू होने के पहले बिजली आपूर्ति बंद कर दिया गया था। जब बर्षा हो रही थी दिन में ही पूरी तरह अंधेरा छा गया था। अनहोनी की आशंका से लोग घरों मे दुबक गए थे। लगभग आधे घंटे तक कोहराम मचाने के बाद बारिश थम गई। बिजली विभाग ने स्थिति का जायजा लेने के लिए शहर में पेट्रोलिंग करवाई। झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सिंदरी अनुमंडल के एस डी ओ गोविंद जायसवाल ने बताया कि शहरपुरा में छह स्थानों पर पेड़ और पेड का डाल टूटकर गिरने की सूचना मिली है। बिजली विभाग के लोग पेड़ का डाल हटाने के काम में लग गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि सबकुछ ठीक रहा तो सिंदरी के जिन क्षेत्रों में बिजली सप्लाई चालू हो गई थी। वहां देर रात तक बिजली सप्लाई बहाल कर दिया जाएगा।

## एसएसपी व डीडीसी ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। रेलवे स्टेशन रोड स्थित अंबेडकर चौक पर एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, डीडीसी सादात अनवर, एसडीएम राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक आदि ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। एसएसपी ने कहा कि बाबा साहेब, संविधान निर्माण करने और प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने व विवेकशील और शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने की प्रेरणा दी। आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है।वहीं डीडीसी ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना जीवन समाज के पिछड़े, दलित और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और कानूनविद थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने, मौलिक दायित्व की भी बात की। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। मौके पर नेशनल फेडरेशन ऑफ अम्बेडकर मिशन के अध्यक्ष शशि भूषण कुमार, नगर निगम के चिफ इंजीनियर अनूप कुमार सामंता, सिटी मैनेजर विशाल कुमार, सुपरवाइजर चिंटू कुमार, डीआरडीए के मनिष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर डीआरएम चौक पर स्थित आदमकद प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष झारखंड के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक राज सिन्हा, बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा एस टी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब को श्रधांजलि अर्पित की। कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हमारे संविधान निमार्ता एवं अग्रणी राष्ट्र निमार्ताओं में से एक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की आज 134वीं जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी पूरे राष्ट्र सहित पूरे झारखंड में मना रही है। बाबा साहब ने दलितों एवं वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन कार्य किया। श्री मरांडी ने सभी लोगों से आहवान किया की, सामाजिक न्याय और समानता का जो सपना बाबा साहब ने देखा वह मोदी सरकार में साकार हो रहा है। आइये आज हम सभी उनकी जयंती पर उनके संदेश को अपनाएं और एक मजबूत, समावेशी भारत के निर्माण में सहयोग करें। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनीति सत्ता सुख का नहीं सेवा का माध्यम है। बाबा साहब ने जिस विकसित भारत का सपना देखा था आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उसे पूरा करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर उपस्थित बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि बाबा साहब मानते थे कि किसी शिक्षित व्यक्ति में विन्नमता की कमी हो तो वह हिंसक जीव से भी अधिक खतरनाक होता है, और उसकी शिक्षा से यदि गरीबों को हानि हो तो वह व्यक्ति समाज के लिए खतरनाक होता है। वह एक महान संस्थान निमार्ता भी थे। हम सभी को बाबा साहेब के बताये मार्ग पे चलने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी एस टी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल रमेश राही, जिला महामंत्री मानस प्रसुन, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा, जिला मंत्री पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, रूपेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, राजाराम दत्ता, नित्यानंद मंडल, बबलू फरीदी, प्रमोद अग्रवाल, मनोज रिंकू, नीरज सिन्हा, सहित सैंकड़ो लोग थे।

सरकारी अनाज की बबार्दी के बाद डैमेज कंट्रोल करने में जुटे एफसीआई अधिकारी ने कहा

# अनाज सुरक्षित, नहीं हुआ नुकसान

खबर मन्त्र संवाददाता




धनबाद। बीते दस अप्रैल को आंधी-बारिश में भींगे सरकारी अनाज को लेकर डैमेज कंट्रोल करने में रेलवे और एफसीआई के पदाधिकारी जुट गए है। कोई कह रहा है कि यह गरीबों को बांटने वाला चावल नही था, तो कोई यह कह कर बचाव कर रहा है कि अनाज का नुकसान हुआ ही नहीं है।

इसे लेकर सोमवार एफसीआई के पदाधिकारियों ने शहर के एक निजी होटल में प्रेस वार्ता की। एफसीआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एमके गोगोई ने बताया कि पिछले दिनों 10 अप्रैल को हुईं तेज बारिश में बरमसिया रेलवे यार्ड में डंप एफसीआई के अनाज की बोरिया भीग गई थी पर बोरिया भींगने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि 54 हजार बोरी चावल केंद्र सरकार की एथानॉल ओमएसएस स्कीम के लिए पंजाब से मंगाया गया था। जो बोरियां बारिश में भीगी है। उसे तिरपाल से ढका गया था। लेकिन तेज हवा के कारण तिरपाल हट गया और कुछ बोरियां बारिश की चपेट में आ गई।

क्यूसी अधिकारियों की निगरानी में नियमानुसार चावल को सुखाकर पूरी तरह से बचा लिया गया है। एफसीआई को कोई क्षति नहीं हुई है। ऐसी परिस्थिति भविष्य में दोबारा उत्पन्न नहीं हो इसके लिए संवेदक को भी अधिक संवेदनशील रहने को कहा गया है। रेलवे यार्ड में शेड निर्माण के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस दिशा में भी विचार किया जा रहा है रेलवे से भी इसपर पत्राचार किया गया है।

जबकि सच्चाई यह है कि इसमें रेलवे की सबसे बड़ी गलती है, जहां रेलवे वैगन से अनाज उतारा जाता है, वहां आज तक शेड का निर्माण नहीं हुआ है। रेलवे अधिकारी इस मुद्दे पर अभी तक कुछ भी बोलने से बचते नजर आये है। वहीं एफसीआई के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से अनाज बारिश में भींगता है। रेल वैगन से अनाज उतारे जाने के बाद कई कई दिनों तक खुले में पड़ा रहता है। यही वजह है कि जनवितरण प्रणाली की दुकानों में कई बार गरीबों को सड़ा गला अनाज उपलब्ध कराया जाता है। अब सवाल उठता है कि अनाज का नुकसान नहीं हुआ है तो बारिश खत्म होंने के बाद आनन फानन में अनाज को ट्रक में लोड कर क्यों हटाया गया। प्रेस वार्ता में एफ क्यू जोन कोलकाता जेनरल मैनेजर (क्यूसी) डी के सेठी, एफसीआई आर ओ रांची जेनरल मैनेजर डॉक्टर हेमंत जायसवाल, एफसीआई डिविजनल मैनेजर धनबाद चक्रपाणि सिद्धार्थ मौजूद थे।

## झरिया:अलकडीहा पतालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में धूम-धाम से चडक पूजा संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत अलकड़ीहा पतालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आस्था का पर्व चड़क पूजा धूम धाम से मनाया गया। तिसरा क्षेत्र के आस पास के शिव भक्तों द्वारा अपने परिवार व कुटुंब के साथ-साथ घर से नाचते गातें गाजे बाजे के साथ पूजा स्थल पहुंचे। अपने जीभ, दोनों बाजू, छाती, पीठ और घुटने के नीचे कील चुभवाकर 30 फीट के गडे खम्भे के उपर घुमा। हजारों की संख्या में उपस्थित महिलाए पुरुष बच्चे प्रसाद ग्रहण किया।

## कांग्रेस और सेवादल ने बाबासाहेब की जयंती पर किया माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी के रोहड़ाबाँध स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर कांग्रेस ने माल्यार्पण कर उनकी जयंती पर उन्हें याद किया। वहीं कांग्रेस सेवादल ने राँगामाटी अंबेडकर कालोनी स्थित भारत रत्न बाबासाहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 135 वीं जयंती मनाई। कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार की अगुवाई में सिंदरी के कांग्रेसियों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाए। नगर अध्यक्ष ने कहा कि उनके द्वारा बनाए गए संविधान में समाज के हर वर्ग को समान भाव के साथ दशार्या गया है। उन्होंने कहा कि देश में कतिपय सुविधा भोगी विशेष सत्ता के माध्यम से अपने अनुकूल बाबासाहेब के कानून को बदलना चाहते हैं। इसका भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस प्रबल विरोध करता है। सेवादल के प्रदेश सचिव पुरनेन्दु सिंह ने कहा कि बाबासाहेब के मार्ग पर चलकर वंचित एवं शोषित समाज को मुख्य धारा में लाने से विकास संभव है।

मौके पर भोला पासवान, सतीश पासवान, विदेशी सिंह, सोमनाथ दुबे, अजय सिंह, राहुल राज, सुखदेव हाँसदा, रूबी देवी भट्टाचार्य, सरदार जोगेंद्र सिंह, मुन्ना पांडेय, मनोज घोष, सत्येंद्र सिंह, श्याम किशोर सिंह, राजेश राम, मो इकबाल, मंजूर अंसारी, आनंद कुमार, मण्टी कुमार वासफॉ, रणविजय, विजय सोरेन, चुन्नू दुबे, अशोक सिंह, कुसमी देवी, मुस्कान कुमारी, अंग्रहित दुबे, विजय कुमार राम, सतेंद्र सिंह, नकुल कुमार वर्मा, सिंदरी नगर कांग्रेस युवा अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, ओम कुमार, किशोर कुमार उपस्थित थे।

## आस्था के पर्व चड़क पूजा में शरीर में लोहे की किल चुभो कर भोक्ता खूंटा के सहारे घूमे

खबर मन्त्र संवाददाता



**महुदा।** महुदा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में सोमवार को चड़क पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। तेलमच्चो, कांड्रा एवं नागदा स्थित कमलिया शिव मन्दिर के प्रांगण में आस्था के पर्व को लेकर काफी गहमा गहमी रही। तीनों स्थानों पर लगभग 200 भोक्तागण अपने शरीर में लोहे का कील चुभो कर खुंटा के सहारे परिक्रमा किया। मंदिर प्रांगण में चारों और मेला का माहौल बना रहा। आस-पास के गाँव के दर्जनों लोग आस्था के इस पर्व को देखने के लिए शिव मन्दिरों में पहुंचे हुए थे। सभी भक्तों ने चड़क पुजा के अवसर पर गाजे बाजे के साथ त्यौहार को मनाया। मंदिर प्रांगण में चारों ओर मेला का माहौल सा बना रहा। आस-पास गाँव के सैकड़ो लोग आस्था के इस पर्व को देखने के लिए शिव मंदिर प्रांगण पहुँचे। चड़क पुजा के संबंध में पुजारी प्रभाष ठाकुर ने बताया कि सबसे पहले भोक्ताजनों को पास के तालाब ले जाया जाता है, वहाँ शिव भक्तों के शरीर में किल घुसाया जाता है। बहुत से भोक्तागण पिठ के अलावा अपने हाथ, पैर व जीभ में भी किल चुभाते है। उसके पश्चात गाजा बाजा के साथ उसे मन्दिर परिसर लाया जाता है। मन्दिर में पुजा अर्चना करने के पश्चात एक एक करके खम्भा के सहारे उपर चढ़ा कर भक्तगणों के द्वारा खम्भा में बांधकर परिक्रमा करवाया जाता है। खम्भा के नीचे जमीन में भोक्तागणों के परिवार के महिला सदस्य उपवास करके खड़ी रहती है। परिक्रमा करने के पश्चात शिव भक्तगण निचे उतरकर शिव मंदिर में पूजा करते है। इसके पश्चात जल, फल ग्रहण करते है। इसके अलावा तेलमोचो स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में भी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चड़क पूजा को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष सतीश चंद्र महतो, सचिव बिनोद महतो, कोषाध्यक्ष अभिराम महतो, मुखिया प्रतिनिधि कमल महतो, कालाचंद महतो, भुतनाथ राय, दशरथ देशवाली, गोरा चंद महतो, माथुर राय, जोबना राय, परशुराम महतो, संशोधन महतो सहित दर्जनों लोग थे।

## बाबासाहेब संघर्ष, ज्ञान और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे: प्रो अनिल रजक



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति और पिछडा वर्ग कर्मचारी समन्वय काउंसिल के तत्वावधान मे आयोजित बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर के 135 वें जन्म दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर काउंसिल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने बाबासाहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर बी एन राय ने कहा कि बाबासाहेब भारतीय संविधान के जनक और सामाजिक पुरोहित के रूप में जाने जाते हैं। बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर अनिल रजक ने कहा कि वे संघर्ष, सामाजिक न्याय और ज्ञान के प्रतीक माने जाते हैं। उनके कारण समाज के दबे, कुचले, वंचितो के हितों के सपनों को साकार किया जा सकता है। काउंसिल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने कहा कि बाबासाहेब सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और फासीवाद की लडाई को मजबूत करने का भरपूर प्रयास किए।मौके पर राजीव मुखर्जी, विमल कुमार, अजीत मंडल, राजू सिंह, प्रो एन के सिंह,

एक नजर में

### नियमित बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन

**कतरास।** बाघमारा के डुमरा हॉस्पिटल कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने सुचारु ढंग से बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर सोमवार को विद्युत कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। वे बिजली मिस्त्री के खिलाफ विद्युतापूर्ति बाधित करने का आरोप लगा रहे थे। नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं करने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। उनका कहना था कि कॉलोनी के बगल में बिजली ऑफिस है। यहां से कॉलोनी और आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की जाती है। बिजली काट देने के कारण पानी की समस्या झेलनी पड़ती है। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। बिजली आपूर्ति में सुधार करने का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शनकारी अपने घर गए।

### महुदा क्षेत्र में बाबा साहब की जयंती मनाई गई



महुदा। महुदा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाया गया। महुदा मोड़ स्थित अंबेडकर नगर में आयोजित समारोह में विधायक शत्रुघ्न महतो, धनेश्वर महतो, हरिलाल दास ने बाबा साहेब की तस्वीर पर फुलमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। इससे पूर्व प्रभात फेरी निकाली गई। जो महुदा मोड का भ्रमण किया। वापस अंबेडकर नगर में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। विधायक ने बाबा साहब के सपनों को साकार करने की बात कही।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी एवं ट्रस्ट की सचिव हलीमा एजाज ने प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बाबा साहेब के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि बाबा साहेब चाहते थे कि समता मूलक समाज का निर्माण हो। उनके द्वारा बनाए गए संविधान से ही आज मेरा देश का शासन का संचालन किया जा रहा है। विनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी, सीता कुमारी, मुमताज अंसारी, चंदा कुमारी, पुजा महतो, पुजा कुमारी, कविता कुमारी, चिंता कुमारी आदि ने सम्बोधित किया।

### टाटा स्टील के झारिया डिवीजन में राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह की हुई शुरूआत

**जोड़ापोखर।** राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह 2025 की शुरूआत के उपलक्ष्य में सोमवार को जामाडोबा स्थित जनरल मैनेजर के कार्यालय में एक भावुक और प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने ध्वजारोहण किया और उन बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने अपने कर्तव्यों की निर्वाहन करते हुए प्राणों की आहुति दे दी। सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों के अंतर्गत स्कूलों, अस्पतालों और आस-पास के क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता सत्र और समुदाय को शामिल करने वाली गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस समारोह में चीफ, जामाडोबा ग्रुप सुब्रत दास,हेड सेफ्टी बरुण कुमार बनर्जी, सीनियर एरिया मैनेजर, सिक्योरिटी सुजीत कुमार झा, रवि कुमार और झारिया डिवीजन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बता दे कि राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह हर साल 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह अवसर हमें हमारे दमकलकर्मियों की साहस और प्रतिबद्धता की याद दिलाता है, जो न केवल अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की सुरक्षा करते हैं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाते हैं। इस अवसर पर, शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, आग से निपटने में उनके अदम्य साहस और समर्पण की भी सराहना की गयी।इस वर्ष के राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह 2025 का थीम है एकजुट होकर प्रज्ज्वलित करें अग्नि सुरक्षित भारत का निर्माण करें।

### फेलकंस ने एवेंजर्स को हराकर जेपीएल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

**मैथन।** जेसीआइ चिरकुंडा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 8वां जेपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का खिताब फेलकंस ने अपने नाम कर लिया है। रविवार देर रात खेले गये रोमांचक फाइनल में फेलकंस ने एवेंजर्स को छह रन से हराकर जेपीएल ट्रॉफी पर कब्जा किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फेलकन्स की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाए। जिसमें केशव पोद्दार ने 32 व बादल जीवराजिका ने 23 रन बनाए। हर्ष ने तीन विकेट लिये। जवाब में एवेंजर्स की टीम सात विकेट के नुकसान पर 72 रन ही बना सकी। ध्रुव अग्रवाल ने 29 एवं हर्ष खंडेलवाल ने 18 रन बनाए। शरद अग्रवाल ने तीन एवं अमर राजपुरिया ने दो विकेट लिये। टूनार्मेंट का बेस्ट बैट्समैन अमन शर्मा व बेस्ट बालर विकास केजरीवाल चुने गये। मैन ऑफ द सीरीज केशव पौद्दार को दिया गया। फाइनल मैच का बेस्ट बालर शरद अग्रवाल, बेस्ट बल्लेबाज केशव पौद्दार, मैन ऑफ द मैच शरद अग्रवाल, बेस्ट कैच मुकेश अग्रवाल, एक मैच में सर्वाधिक रन तरुण अग्रवाल, बेस्ट गेंदबाजी एक मैच में अभिषेक गोपालका, बेस्ट इकोनॉमी रेट बादल जीवराजिका, बेस्ट स्ट्राइक रेट अमन शर्मा व बेस्ट फील्डर का पुरस्कार अभिषेक गोपालका को दिया गया। मौके पर जेपीएल के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज बंसल, अध्याय अध्यक्ष प्रिया गाडयान, सचिव पूनम खरकिया, राहुल खरकिया, राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, मनीष बगड़िया, रविंद्र शर्मा, प्रणय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, शरद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सन्नी सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### 17 अप्रैल को नहीं चलेगी झारग्राम मेमू

**धनबाद।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। 17 अप्रैल को गाड़ी संख्या 18019/18020 झाड़ग्राम-धनबाद - झाड़ग्राम मेमू एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### वैसाखी पर डीनोबीली स्कूल मैथन में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मैथन।** डीनोबीली स्कूल मैथन में सोमवार को वैसाखी पर्व के मौके पर विद्यालय प्रांगण में रंगा-रंग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर नृत्य संगीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर मौजूद विद्यालय के प्राचार्या शुक्ला चौधरी ने सभी बच्चों को उत्साहित किया। वही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयंती पर विद्यालय के तमाम लोगों ने बाबा साहब को याद करते हुए उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया।

### भाजपाइयों ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

**कतरास।** भारतीय जनता पार्टी के कतरास मंडल कमेटी के द्वारा बस स्टैंड स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल के पास समारोह एवं गोष्टी हुई। विधायक शत्रुघ्न महतो ने बाबा साहेब के सोच और विचारों पर चर्चा करते हुवे उसे अमल में लाने पर जोर दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं की मांग पर विधायक ने अगले साल की जयंती से पहले यहां भव्य शेड निर्माण कराने की बात कही।

### लोकप्रिय समाजसेवी राजू सेठ का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**झरिया।** झरिया के लोकप्रिय समाजसेवी 62 वर्षीय राजू सेठ का निधन रविवार को इलाज के दौरान हो गया। वे पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे और जमशेदपुर के अस्पताल में इलाजरत थे। उनके निधन की सूचना पर झरिया में शोक की लहर छा गई। देर रात जमशेदपुर से उनका पार्थिव शरीर झरिया चौथाई कुल्ही स्थित उनके आवास पहुंचते ही उनके आवास पर शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्व राजू सेठ अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शोकाकुल परिजनों में स्व राजू की पत्नी,पुत्र एवं पुत्री सहित अन्य रिश्तेदारों का रो रोकर बुरा हाल रहा। जिसे सभी ने ढाढस बंधाया। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर अंत्योष्टि के लिए बस्ताकोला स्थित गौशाला मुक्तिधाम ले जाया गया। जहां उनके बड़े पुत्र राहुल सेठ ने मुखाग्नि दी।

### बागदाहा के लोगों ने दिखाई भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था

**राजगंज।** चार दिवसीय चड़क पूजा के तीसरे दिन सोमवार को राजगंज क्षेत्र के बागदाहा में भोक्ताघूरा का कार्यक्रम हुआ। करीब तीस फीट ऊँचे लकड़ी के खूंटे में दो दर्जन भोक्ताओं ने अपने पीठ पर कील चुभो कर परिक्रमा किया। इस क्रम में भोक्ता गण ढोल, ढाक की गूंज के बीच पारम्परिक नृत्य करते हुए मंडप थान की परिक्रमा करते रहे। इससे पूर्व अहले सुबह भोक्ताओं के द्वारा विधिवत पूजन कर खूंटे को तालाब से निकाला गया। चड़क पूजा में इस बार भी आस्था से लबरेज रवि महतो ने अपने शरीर मे दर्जनों कील के अलावे त्रिशूल को चुभो कर भक्तिभाव से आराधना की। चड़क पूजा को देखने के लिए श्रद्धालुओं व लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, परन्तु आंधी व बारिश की बजह से श्रद्धालुओं के साथ लोगों को भी भारी परेशानी हुई।

### शिव भक्तों की आराधना को देखने के लिए पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

**सिजुआ।** टाटा सिजुआ 12 नंबर स्थित गौरी शंकर धाम में आयोजित तीन दिवसीय चड़क पूजा श्रद्धा और भक्ति के साथ सोमवार को संपन्न हुआ। शिव भक्तों ने परंपरागत ढंग से पूजन किया। भोक्ता झूला देखने तथा पूजा अर्चना के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। शिवभक्त अपने बदन में लोहे की हुक से छेदवाया और उसमें रस्सी बांधकर पचास फीट उंचे खूंटे पर लटक कर परिक्रमा किया। शिव भक्तों की आराधना को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

## कोयलांचल में विभिन्न जगहों पर याद किये गये भारत रत्न बाबा साहेब

# डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूम धाम से मनी















**खबर मन्त्रे टीम**

**धनबाद।** कोयलांचल के विभिन्न जगहों पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर को याद किया गया। धनबाद, झरिया, जामाडोबा, कतरास, बाघमारा, सिंदरी, महुदा, पुटकी, बलियापुर, निरसा, चिरकुंडा, जोड़ापोखर इत्यादि क्षेत्रों में 134वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई। कही आदमकद प्रतिमा तो कही उनके फोटो पर पुष्प माला और पुष्पांजलि अर्पित की गई। हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर धनबाद के डीआरएम चौक पर स्थापित बाबा साहेब की आदम कद प्रतिमा पर समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही ही इस अवसर पर केक भी काटा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के महासचिव भूचु हाड़ी, सचिव राजेश हाड़ी, कोषाध्यक्ष विजय हाड़ी, रक्षामंत्री भोला हाड़ी, सूचनामंत्री रंजीत हाड़ी, वरिष्ठ पदाधिकारी चतुर हाड़ी, संरक्षक अमित किशोर हाड़ी, युवा समिति के अध्यक्ष बिनोद हाड़ी, उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, सचिव दिनेश हाड़ी, विक्की हाड़ी, महासचिव अजय हाड़ी, सूचनामंत्री श्रवण हाड़ी, राजू हाड़ी, अजीत राम, झरिया प्रखंड के विकास हाड़ी, मनोज हाड़ी उपस्थित हुए।

हाउसिंग कॉलोनी में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सोमवार को संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती समारोह जिला कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में संपन्न हुआ।सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेस जनों ने बाबा साहब के फोटो पर पुष्प माला अर्पित करते हुए अपनी-अपनी तरह भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए एक संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बीजेपी कहती है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब को संविधान सभा का सदस्य बनाया, ड्राफ्टिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा बाबा साहेब अंबेडकर एक महान समाज सुधारक न्यायविद अर्थशास्त्री और राजनीतिक नेता थे। संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में सर्वश्रेष्ठ बीके सिंह नवनीत नीरज साहित्य कमर राजेश्वर सिंह यादव पप्पू पासवान लक्ष्मण तिवारी मृत्युंजय सिंह जोगेंद्र सिंह जोगी दीपक से सिंह अक्षय वर प्रसाद हरेंद्र शाही कालीचरण यादव सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता में उपस्थित थे।

कोलाकुसमा में धनबाद हाड़ी जाति विकास मंच शाखा कोलाकुसमा ग्राम में बाब साहब भीम राव अम्बेडकर की 134वीं जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाड़ी जाति विकास मंच झारखंड प्रदेश महासचिव राजू प्रसाद हाड़ी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी कुमार हरि, प्रदेश सहसचिव कालो हाड़ी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से एक साथ मिल कर बाब साहब भीम राव अम्बेडकर जी के मानचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हाड़ी जाति विकास मंच झारखंड प्रदेश महासचिव राजू हाड़ी ने भीमराव अम्बेडकर के आदर्शो एवं नितियों को आत्मसात करने का आह्वान लोगों से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जागेश्वर हाड़ी, मधु हाड़ी, राजू हाड़ी,जितेंद्र हाड़ी, राजा हाड़ी,चिरंजीवी हाड़ी,अजित हाड़ी, अजय हाड़ी, संजय हाड़ी, प्रदीप हाड़ी,शक्ति हाड़ी, मनोज हाड़ी, मानिक हाड़ी, सीके हरि, राजेंद्र हाड़ी,गणेश हाड़ी, प्रकाश हाड़ी,राजेश हाड़ी, सिद्धार्थ हाड़ी सहित कोलाकुसमा ग्राम के दर्जनों महिलाएं पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

### देश की न्यायपालिका और कार्यपालिका बाबा साहेब के बनाए संविधान पर कार्य कर रही

**सिंदरी।** सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह ने रोहड़ाबाँध स्थित बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश सिंह ने कहा कि देश इनके बनाए कानून का अक्षरशः पालन कर रहा है। देश की न्यायपालिका और कार्यपालिका इनके बनाए संविधान पर कार्य कर रही है। मौके पर बुधन राम, बलबीर सिंह जेदिया, भोला पासवान, अरुण पासवान, लालमोहन सर, कामेश्वर सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने उनके जयंती की शुभकामनाएं दी

**जोड़ापोखर।** भारत रत्न से सम्मानित संविधान निमार्ता भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष समता स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित संविधान की रचना करने वाले बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वां जन्म दिवस के अवसर पर डिगवाडीह सीएमएफआरआई गेट के पास उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। सभी उनके जीवन की संघर्षो का व्याख्यान किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे मदन राम, जितेंद्र पासवान, डब्लू अंसारी, दिनेश खरवार, मनन यादव, सुरेश चौधरी, आदि लोग उपस्थित थे।

## अंबेडकर चौक पर एक खास कार्यक्रम

**झरिया/ बस्ताकोला।** सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर झरिया के अंबेडकर चौक पर एक खास कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर झरिया के पूर्व विधायक सह जमसं केन्द्रीय अध्यक्ष पूर्णिमा नीरज सिंह सहित कांग्रेस सहित विभिन्न संगठन के लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर याद किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माण करने और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने व विवेकशील व शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने के साथ हर भारतीय को जीवन जीने का एक अधिकार दिया। आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के दिन है। उन्होंने ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने अपना जीवन समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकृष्ण पाठक अक्षय लाल यादव, प्रीतम रवानी, राजीव पांडे, राजू सिंह, दीपक यादव, राकेश पासवान, राजू महतो, बुधुराम वीरेंद्र यादव, मणि भूषण तिवारी, पप्पू पांडे, बजरंगी सिंह आदि थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**कतरास।** भाकपा - माले कतरास अंचल कमेटी के द्वारा गुहीबांध बसस्टैंड कतरास में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता अंचल सचिव अधिवक्ता भैरवनाथ महतो ने किया। पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर ने दलित, पिरित, शोषण वर्ग,को आह्वान किए थे कि शिक्षित बनो संगठित हो और संघर्ष करो। आज उनके बताएं रास्ते में चलकर संविधान की रक्षा अमन चैन की रक्षा हम कर सकते हैं। कार्तिक महतो, रामेश्वर साव, कपूर पंडित, मानिक महतो, रॉबिन महतो, चंदन महतो, ठाकुर महतो,मनपुरन महतो, नागेंद्र वर्मा, सागर कुमार वर्मा, शंकर प्रजापति, बजरंगी प्रजापति, कृष्ण प्रजापति, सृष्टिधार महतो, शानी शर्मा आदि शामिल थे। समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा, शंकर चौहान, एस के मोबीन, हसीब खान,असगर मियां, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, अजय चौहान, संतोष पासवान, श्रीधर पान्डे, मन्नु चौहान आदि ने उनके तश्वीर पर पुष्प अर्पित किया।

### समाज को जोड़ने और एक दूसरे की मदद करने का लें प्रण : उपायुक्त

**गिरिडीह।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सोमवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिलावासियों को अंबेडकर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहेब की अद्भुत प्रतिभा, ज्ञान एवं आदर्शों को दुनिया हमेशा याद रखेगी।

## कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की दिखाए गये रास्ते पर चलने का लिया प्रण

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा नगर परिषद समीप अंबेडकर चौक में सोमवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान दर्जनों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता एवं वरीय नेता पहुंचे तथा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान मौके पर उपस्थित भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह एवं निरवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी ने कहा की आज पूरे देश में संविधान निमार्ता पर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने जो देश को दिया जिसके चलते पूरा देश में कानून व्यवस्था कायम है। आज हमने ऐसे महापुरुष का जयंती मनाने के लिए इकट्ठा हुए हैं जिन्होंने हर वर्ग के उत्थान को लेकर काम किया है। देश की न्यायपालिका और कार्यपालिका इनके बनाये गए संविधान पर कार्य कर रही है। मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद न्यू वर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अनिल यादव, चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंहा, एगयारकुंड मंडल मंडल अध्यक्ष सुरजीत चंद्र, मुखिया रंजीत पासवान, अर्जुन सिंह, पवन, चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जेलगोड़ा मानस मंदिर में नौ दिवसीय मानस महाधिवेशन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जेलगोड़ा मानस मंदिर में नौ दिवसीय मानस महाधिवेशन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुबह महिला भक्तों द्वारा मंडप परिक्रमा किया गया।वही गिरिडीह से पधारे अनिल पाठक की छह सदस्यीय टीम द्वारा रामायण पाठ कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें काफी संख्या में महिला भक्तों ने भाग लिया। मुख्यातिथि समाजसेवी कुंभनाथ सिंह ने प्रभु सीताराम का पूजा अर्चना कर कमिटी को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। सुबह पूजा अर्चना में जजमान में शिधेश्वर भारती व उनकी पत्नी गीता देवी थी, वही पुजारी में अशोक पाठक थे। संध्या रामचरित्र मानस पर प्रवचन करते अयोध्या से पधारे अशोकानंद जी महाराज ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ जाता है तब तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होते है।उन्होंने आह्वान किया कि अविभावक अपने बच्चों को रामचरित्रमानस का ज्ञान जरूर दे।

## बिन मौसम बारिश से कोयलांचल में वायरल फीवर, सर्दी, खांसी का बढ़ा खतरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** कोयलांचल में बिन मौसम बरसात का सिलसिला जारी है। सोमवार को भी शाम चार से पांच बजे तक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मौसम सुहाना हो गया, लेकिन कई स्थानों पर लोगों को जल जमाव का भी सामना करना पड़ा। मौसम में इस बदलाव से मौसमी बीमारियां भी घरों में प्रवेश कर गई है। सर्दी, बुखार, बदन दर्द और खांसी के लक्षण देखने को मिल रहा है। एसएनएमएमसीएच के मेडिसीन विभाग में ऐसे मरीज ज्यादा देखने को मिल रहे है। इस संबंध में मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डॉ यूके ओझा ने बताया कि अचानक आए मौसम में बदलाव के कारण वायरल फीवर सहित सर्दी, सर दर्द जैसे लक्षण ज्यादा देखने को मिलते है। इस मौसम में साफ सफाई के अलावा खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसा कर आने वाले खतरों से बचा जा सकता है। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण धनबाद सहित राज्य के अन्य हिस्सों में यह स्थिति बनी हुई है। इसके अलावा पूर्वी मध्य प्रदेश, झारखंड, गंगटोक से लेकर बांग्लादेश तक एक साईक्लोनिक सर्कुर्लेशन बना हुआ है। जिसके कारण आंधी-बारिश देखने को मिल रहा है। यह स्थिति अगले तीन दिनों तक बनी रह सकती है। आसमान में काले और घुंघराले बादल जब दिखाई दे, तो समझ ले की बारिश होंने वाली है। इस दौरान बारिश से बचे, सूखे स्थान पर चले जाये, बिजली के खंभा और पेड़ के पास नहीं रूके। इस मौसम में वर्जपात का खतरा बना रहता है। इससे हर किसी को बचने की जरूरत है।

## एक नजर में

### झारखंड बांग्ला भाषा संघर्ष समिति ने दिया शहीद कॉमरेड गुरदास चटर्जी को श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** सोमवार को देवली गोविंदपुर स्थित शहीद कामरेड गुरदास चटर्जी के शहादत स्थल पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर झारखंड बांग्ला भाषा संघर्ष समिति ने श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से सम्राट चौधरी, राणा चट्टराज, सुशोभन चक्रवर्ती, मिंटू दास, समीर मंडल, अशोक कुमार राय, कल्याण चक्रवर्ती, जयदीप बनर्जी, आदि लोग शामिल थे।

### गुरदास चटर्जी ने माफियाओं के खिलाफ खोला था मोर्चा, इसीलिए उनकी हुई हत्या : सांसद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** सोमवार को देवली स्थित शहीद गुरूदास चटर्जी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि आरा (बिहार) के सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि गुरदास चटर्जी ने दलित और आदिवासियों की रक्षा तथा जल, जंगल और जमीन की लूट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था, यही कारण था कि उनकी हत्या कर दी गई, परंतु उनकी हत्या के बाद कोयलांचल में लाल झंडा कमजोर नहीं हुआ। कहा कि शहीद विधायक गुरदास चटर्जी के अधूरे सपनों को पूरा किया जाएगा। इसके लिए पार्टी हर मोर्चे पर काम करेगी और भारतीय संविधान को खत्म होने भी नहीं दिया जाएगा। इसके लिए संसद से लेकर सड़क तक संग्राम करेगी। केंद्र की भाजपा सरकार देश में कॉर्पोरेट लूट में लगी हुई है। उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक अरूप चटर्जी एवं सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो गुरदास चटर्जी के सपनों को साकार करेंगे।

### 1944 की घटना में जान गंवाने वाले कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर सोमवार को गोल्फ ग्राउण्ड स्थित फायर स्टेशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष 1944 में मुंबई डाक यार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में जान गंवाने वाले कर्मियों को श्रद्धाजंली दी गई। फायर स्टेशन के पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया आज ही के दिन मुंबई में एक हवाई जहाज में हुए विस्फोट से भीषण आग लग गई थी, जिसमें अग्निशमन विभाग के 66 अधिकारी व कर्मी शहीद हो गए थे और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। इस ऐतिहासिक घटना की याद में हर साल 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है। पहले दिन कार्यालय प्रांगण में शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई है। पूरे सप्ताह जिले के विभिन्न मॉल, अस्पताल और सार्वजनिक स्थलों पर अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलेगा। लोगों को आग लगने की स्थिति में आवश्यक सावधानियों, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग तथा सुरक्षित निकासी के तरीकों की जानकारी दी जाएगी।

### झरिया में कांग्रेस नगर अध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**झरिया।** नगर कांग्रेस के नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार साहू उर्फ मीनू एवं कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का स्वागत अभिनंदन के पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश गुप्ता की आकस्मिक निधन का का 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात समस्त झरिया के कांग्रेस जनों ने स्वागत अभिनंदन किया। वक्ताओं ने अध्यक्ष को अपना-अपना पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया।

### डॉ. इरफान अंसारी ने किया उच्च स्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल जामताड़ा के द्वारा जिले के जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत चेगायडीह मुख्य सड़क पर स्थित बड़ा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के कर कमलों से संपन्न हुआ। यह पुल कुल 2 करोड़ 71 लाख 807 रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा।वही करमाटाँड प्रखंड के धबको शिमला जोरिया में उच्च स्तरीय पुल एवं अर्जुनडीह जोरिया में भी उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास किया।

समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि जामताड़ा की जनता का मैं तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मुझे न सिर्फ तीसरी बार विधायक चुना, बल्कि मंत्री पद की जिम्मेदारी भी सौंपी। उन्होंने कहा, आप देख सकते हैं कि जामताड़ा में विकास की आंधी चल रही है।

# मां-बाप से मिलता है बच्चों को आधार और संस्कार : डीसी

## आरके पब्लिक स्कूल का रंगारंग 31वां वार्षिक समारोह




उद्घाटन करते डीसी व पुरस्कार देते एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा के डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि मां-बाप से ही प्राप्त होता है बच्चों को फाउंडेशन और संस्कार। ये बच्चे के लिए आधार स्तंभ यानी नींव का काम करता है और इसी के अनुरूप उनके जीवन की रचना होती है। श्री जमुआर जिला मुख्यालय के एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आरके पब्लिक स्कूल के 31वें वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इसके पूर्व उन्होंने रेहला रोड स्थित विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती और भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चे माता के चुम्बन और पिता के दुलार में नागरिकता का पाठ पढ़ते हैं। किसी भी माता-पिता के लिए उसका बच्चा खूबसूरत गिफ्ट होता है। वे बच्चे के आंखों में अपनी तस्वीर देखते हैं। उनका सपना बच्चे को इंसान बनाने का होता है। उन्होंने बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि शुरू के 25 साल सभी चीजों को छोड़ दें। कमियां को न देखें। कमियां में आप अच्छा फलेंगे फूलेंगे। उससे बल मिलता है। बस आपके अंदर योजना और जुनून हो उस चीज के लिए जिसे आपने ठान लिया है। उन्होंने हाल ही में आईपीएस बनी अपनी बेटी साक्षी जमुआर का उदाहरण देते हुए कहा कि उसे मैने जो गाइडलाइन दिया उस पर आगे बढ़ी। आज सफलता उसके हाथ में है। उन्होंने आरके पब्लिक स्कूल की बड़ाई करते हुए कहा कि यहां से कई साक्षी जमुआर निकल सकते हैं। विशिष्ट अतिथि एसडीओ संजय पांडेय ने कहा कि इस विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रयास सफल हो रहा है। यहां के प्रतिभावान बच्चे समाज के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखते है।

बच्चे शिक्षक के गाइडलाइन में रहें। उनका भविष्य अवश्य उज्ज्वल होगा। विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि 31 वर्ष पूर्व गढ़वा में विद्यालय खोलकर यहां की प्रतिभा को उचित प्लेटफॉर्म देने का प्रयास शुरू किया गया था। एक हजार से अधिक छात्र उच्चस्तरीय सरकारी अथवा गैर सरकारी पदों पर नियुक्त होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस विद्यालय के कई बच्चे आईएएस और आईपीएस भी बने हैं। उन्होंने माता-पिता से बच्चों को मोबाइल और पैसे नहीं देने की अपील की। बच्चों को फास्ट फूड से परहेज करने और खाने में तेल की मात्रा को कम करने की सलाह दी। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गणेश वंदना, फेस्टिवल नृत्य, कत्थक नृत्य, पंजाबी नृत्य, घुमरा डांस आदि को जीवंत मंचन किया गया। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का संगीतमय नाटक ने सबके रोंगटे खड़े कर दिए। बेटी बचाने और बेटी पढ़ाने का बड़ा संदेश दिया गया। मानव पिरामिड बनाकर बच्चों ने अपने शौर्य और साहस का अनूठा दृश्य प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पूर्वर्ती छात्र छात्राओं, प्राचार्य, वर्तमान के मेधावी छात्र छात्राएं एवं अन्य गणमान्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो, विजय चौबे, नन्द कुमार गुप्ता, डॉ आलोक तिवारी, ध्रुव केसरी सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का खूबसूरत संचालन शिक्षक संतोष पांडेय और देवेंद्र सिंह ने किया।

## एक नजर में

### करंट लगने से एक घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चेपली टोला में बीती रात्रि बिजली का फ्यूज लगाने के क्रम में सरईया गांव निवासी अमित साह पिता जगरनाथ साह एगारह हजार वोल्ट बिजली करंट के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में स्वजनों ने भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चेपली टोला में बिजली कटी हुई थी। खराब फ्यूज को ठीक करने अमित साह पोल पर चढ़कर फ्यूज लगा रहा था, इसी बीच बिजली चालू हो गई और बिजली तार से करंट लगने से पोल से नीचे गिर गया।

## सृजना दिवस बैसाखी गुरु पर्व पर डुमरी दो नंबर गुरुद्वारा में बड़ी श्रद्धा से मनाया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** सोमवार को गुरुद्वारा संगत द्वारा खालसा पंथ का सृजना दिवस बैसाखी गुरु पर्व पर डुमरी दो नंबर गुरुद्वारा में बड़ी श्रद्धा, सत्कार से मनाया गया। बाबा का दीवान फूलों से सजाया गया। अहले सुबह से संगत गुरुद्वारे में पहुंचकर गुरु के चरणों का आशीर्वाद लिया।

पंजाब अमृतसर से आए रागी जत्था सरबजीत सिंह ने शब्द हम रस होवे अमृत पीवे, अमृत पान करो सात सगत, प्रसूत कर संगत को निहाल किया। इस्त्री सत्संग ने शब्द तू दाता सब मांगते एक देवहार, साहेब मेरे कौन जाने गुण तेरे, प्रस्तुत कर सगत को निहाल किया। जलधर पंजाब से आए, सतनाम सिंह ताज, टाडी जत्था ने शब्द गायन कर सगत को निहाल किया और गुरु गोविंद सिंह जी का इतिहास बताया कि देश को गुलामी से आजाद करने के लिये गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 ई वैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की। जिसने संघर्ष करके उतर भारत मे मुगल साम्रज्य को समाप्त कर दिया। संगत को बताकर निहाल किया। उपस्थित संगत ने वाहेगुरु, वाहेगुरु के सामूहिक जाप किया और बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों से गूंजता रहा बाबा का दीवान।

खालसा पंथ का सृजना दिवस बैसाखी पर्व की संगतों को लख-लख बधाइयां देते हुए बाबा के दरबार में दूर दरार से आई संगत धनबाद, झरिया, सिंदरी, पाथरडीह, चासनाला, डिगवाडीह, जामाडोबा, डुमरी चार नंबर, कॉपरेटिव कलोनी, डुमरी तीन नंबर की संगत ने बाबा की हजूरी में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गुरु का लगर खाया।

# सातवीं वर्षगांठ पर आरोग्य शिविर



शिविर में उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सीएचसी में सोमवार को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आरंगी तथा 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सीएचओ एएनएम के द्वारा एक साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण सेवाएं आमजन को प्रदान की गईं। शिविर के दौरान मुख्य रूप से एनसीडी (गैर संचारी रोग), सिकल सेल एनीमिया तथा टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक जांच और स्क्रीनिंग की गई। इस स्क्रीनिंग का उद्देश्य इन रोगों की समय पर पहचान कर उचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करना था। इसके अतिरिक्त नागरिकों की डिजिटल स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ावा देने हेतु बड़ी संख्या में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आभा आईडी का निर्माण भी किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार, डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ अभिनीत विश्वास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, सुनील पटेल, अनुज कुमार, धर्मजीत राम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मीगण एवं स्थानीय जनता उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मनाई अंबेडकर जयंती



मंचासीन पीएलवी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को शहर के सहिजना स्थित सीपी मेमोरियल स्कूल में डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी ने दीप प्रज्जवलित कर एवं डॉ अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। मौके पर पीएलवी अरविंद तिवारी ने डॉ अंबेडकर का जन्म, शिक्षा की शुरूआत कैसे हुई इसकी जानकारी दी। पीएलवी कृष्णा नंद दुबे ने संविधान के निर्माण में अंबेडकर जी की महत्वपूर्ण भूमिका का वर्णन किया एवं भारत का संविधान कब बना एवं इसे लागू कब किया गया जानकारी दी। पीएलवी रामा शंकर चौबे ने कहा कि अंबेडकर जी ने संविधान में ये उल्लेख किया कि समाज में सभी वर्गों के लोगों को उचित शिक्षा मान-सम्मान दिया जाए। कार्यक्रम का समापन पीएलवी सुधीर चौबे ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। मौके पर पीएलवी संगीता सिन्हा, पीएलवी उमा शंकर द्विवेदी, पीएलवी तृप्ता भानु, शिक्षक राजू पाल, विनय दुबे, रूपेश मेहता, सौरभ तिवारी, सत्या कुमारी सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास मनी

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर बाजार में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरस्वती माता, भारत माता एवं बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बहनों के द्वारा भजन गाकर संपूर्ण सभा को भक्तिमय बनाया गया। मौके पर भैया बहनों ने बाबा अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला।

### श्री सूर्य सहस्त्रार्चन महायज्ञ एवं श्री राम कथा संपन्न

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत के सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर में चल रहे तीन दिवसीय श्री सूर्य सहस्त्रार्चन महायज्ञ एवं श्री राम कथा के तीसरे दिन भक्तजन सुबह से ही श्री सूर्य नारायण मंदिर में पहुंचकर विधवा पूजा अर्चना व परिक्रमा किए। सोमवार को यज्ञाचार्य सौरभ भारद्वाज एवं आए हुए विद्वान पंडित धीजानंद शास्त्री, पंडित विनय चतुर्वेदी, राजन तिवारी, शुभम तिवारी के द्वारा पूजा अर्चना रुद्राभिषेक हुआ हवन किया गया। तत्पश्चात मुखिया मूंगा साह के सौजन्य से महाप्रसाद का वितरण किया गया। संध्या में यज्ञाचार्य एवं कथावाचक सौरभ भारद्वाज द्वारा संगीत में श्री राम कथा प्रवचन का श्रवण कराया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मौके पर मंदिर के अनुशासन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी ब्रजेंद्र कुमार सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह, अशर्फी मेहता, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, मंजेश गुप्ता, दिनेश वर्मा, चंदन कमलापुरी, दिपियंकर वर्मा, सुधीर प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंबेडकर जयंती पर रैली, मूर्ति का अनावरण



रैली में उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर रैली निकाली गई। ब्लॉक मोड़ पर कार्यक्रम आयोजित कर नवनिर्मित मूर्ति का विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्यासी अशर्फी चंद्रवंशी, राजेंद्र राम, चंदेश्वर राम, ललित राम, मारूत नन्दन सोनी, धर्मेंद्र कुमार सिंह और सुनील चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अनावरण किया। साथ ही पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथियों एवं स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर अशर्फी चंद्रवंशी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निमार्ता थे, बल्कि वे एक महान शिक्षाविद्, लेखक और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने सामाजिक भेदभाव, छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया और शिक्षा, समानता और बंधुता के सिद्धांतों को समाज में स्थापित किया। उनका सपना एक ऐसा भारत निर्माण का था, जहां हर व्यक्ति को समानता का अवसर मिले, चाहे उसका धर्म, जाति, वर्ग या लिंग कुछ भी हो। इसके पूर्व अम्बेडकर जयंती पर भीम आर्मी द्वारा एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली ब्लॉक रोड, लोहरपुरवा, चंद्री, पुराना हॉस्पिटल, मुख्य बाजार होते हुए अंबेडकर चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। कार्यक्रम में मंच संचालन राजेंद्र राम ने किया। मौके पर सुनेश्वर राम, राजेंद्र राम, अशोक पाल, वीरेंद्र चंद्रवंशी, बिगु राम, ललित राम, रामाशीष राम, संजय गौतम, चंदेश्वर राम, विनय पाल, भानु पासवान, कैलाश राम, फूदेनी राम, जितेश्वर राम आदि उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में मनी अंबेडकर जयंती



उपस्थित पूर्व विधायक व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** टाउनशिप के अम्बेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया गया। पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने समर्थकों के साथ स्थल पर पहुंचकर अम्बेडकर जी के योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। भानु प्रताप शाही ने बताया कि डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर न केवल समाज सुधारक थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय और समता के प्रतीक भी हैं। अम्बेडकर जी का जन्मदिन हमें यह याद दिलाता है कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए लगातार प्रयास करना आवश्यक है। शाही ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि आज के इस आयोजन के माध्यम से हम उनके आदर्शों और सिद्धांतों को पुनः जीवित कर रहे हैं। भानु प्रताप शाही ने स्वयं मिठाई बांटकर यह संदेश दिया कि समाज में मिठास फैलाने के साथ-साथ, हम समाज के तबके में मौजूद सभी वर्गों को बराबरी का दर्जा देने के लिए कटिबद्ध हैं। मौके पर अनिल चौबे, मधुलता कुमारी, सोना किशोर यादव, संजय यादव, रवि पाल, धनंजय साह, गणेश सिंह, अजय सोनी, राजेश गुप्ता, लालू ठाकुर, विमलेश यादव, सुनील सिंह, सुदर्शन सिंह, संतोष कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## एससी एसटी ओबीसी काउंसिल कार्यालय में

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूम धाम से मनाई गई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** एससी एसटी ओबीसी काउंसिल कालीमंडा कार्यालय में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सेवा संस्थान की ओर से बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती धूम धाम से व केक काटकर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जुगल भूईयाँ व संचालन काजल बाउरी ने किया। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएलकेएम नेता अशोक मंडल व समाज के गणमान्य लोगों ने बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वही मुख्य अतिथियों को पुष्प गुचछ देकर उनका स्वागत किया गया। जेएलकेएम नेता अशोक मंडल ने कहा कि संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती आज 14 अप्रैल सोमवार को धूमधाम से मनाई जा रही है, देश इनके बनाए हुए कानून का पालन कर रही है। जिसके चलते पूरा देश में कानून व्यवस्था कायम है। आज हमने ऐसे महापुरुष का जयंती मनाने के लिए इकट्ठा हुए हैं जिन्होंने हर वर्ग के उत्थान को लेकर काम किया है देश के न्यायपालिका और कार्यपालिका इनके बनाए गए संविधान पर कार्य कर रही है। मौके पर जेएलकेएम नेता अशोक मंडल, चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्लू बाउरी, दारा बाउरी, जुगल भूईया, शिवलीबाडी पूर्वी पंचायत के मुखिया तनवीर आलम, काजल बाउरी, फारूक अंसारी, मास्टर आर्य, बुलन बाउरी सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन



मंचासीन अतिथि

**कांडी।** प्रखण्ड के चटनियां पंचायत अंतर्गत पिपरडीह गांव के नीरज पेट्रोल पंप के समीप रविवार की रात्रि में चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखण्ड प्रमुख नारायण यादव ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चैता दुगोला कार्यक्रम में बिहार व झारखण्ड के लोक गायक व्यास शिव शंकर यादव व व्यास महावीर यादव के बीच महा मुकाबला हुआ। दोनों ही व्यास ने पूरे रात हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उधर दर्शकों ने भी दोनों व्यासों की गायकी सुनने के लिए पूरी रात डटे रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन कमेटी के अध्यक्ष रघुनाथ यादव, उपाध्यक्ष सत्येंद्र रजवार, सचिव सुखनंदन यादव, कोषाध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि लल्लू यादव, उप सचिव सतीश कुमार पाण्डेय, उप कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, अवधेश रजवार, छठन रजवार, मोतीलाल यादव, चंद्रमा यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# अपराध नियंत्रण को लेकर थाना में बैठक



बैठक करते थाना प्रभारी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना परिसर में साइबर क्राइम एवं अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने स्वर्ण व्यवसाईयों एवं सीएसपी संचालकों के बीच बैठक बुलाई। बैठक में व्यवसाईयों को सचेत करते हुए थाना प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि इन दिनों पूरे पलामू प्रमंडल में स्वर्ण व्यवसाईयों एवं सीएसपी संचालकों से लूट एवं छिनतई की घटना में बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने बताया कि उड़ीसा राज्य के गंजाम जिला जो अब समुद्र में डूब चुका है, इस जिले के अधिकांश लोग अपराधी प्रवृत्ति के हो गए हैं और वह चारों तरफ गैंग बनाकर छिनतई की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वे ताक में रहते हैं जब आप दुकान खोलकर अपना झोला या बैग रखकर अगरबत्ती दिखाते हुए लापरवाह हो जाते हैं, या दुकान बंद कर घर जाने लगते हैं, इस दौरान वे तेजी से झपट्टा मारकर झोला छीनते हैं तथा भागते हैं। इस दौरान एक अपराधी पहले से ही एक बाइक स्टार्ट कर रखे रहते हैं और तेज रफ्तार से भाग जाते हैं। रमना में इस तरह की तीन घटना हो चुकी है। थाना प्रभारी ने व्यवसाईयों को कई अपराधियों के फोटो भी दिखाए और बोले कि जैसे ही यह आपकी दुकान में सामान लेने के बहाने से तो घुसे तो उन्हें तत्काल पकड़ लें और पुलिस को फोन करें। उन्होंने ब्यवसाइयों को अपना मोबाईल नम्बर भी उपलब्ध कराया। साथ ही व्यवसाईयों को साइबर फ्रॉड के बारे में भी जानकारी दी। बताया कि अनजान नम्बर से कोई भी लिंक आए तो उसे ना खोलें और किसी पर भी अनजान नंबर पर वीडियो कॉल से बात ना करें। थाना परिसर में हुई बैठक के दौरान व्यवसाईयों ने नगर पंचायत प्रशासन के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कई तरह के टैक्स व्यवसाईयों से वसूल किए जा रहे हैं। लेकिन सुविधा बिल्कुल जिरो के बराबर है। व्यवसाईयों ने कहा कि अगर नगर पंचायत प्रशासन बाजार क्षेत्र के प्रत्येक चौक चौराहों पर सीसीटीवी लगा देता है तो इससे अपराधियों के घर पकड़ करने में पुलिस को सहूलियत होगी। इस मांग पर थाना प्रभारी श्री तिवारी ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार से दूरभाष पर बात कर स्थिति से अवगत कराया गया। इसके बाद कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी लगाने का प्रपोजल चल रहा है जल्द ही बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी की व्यवस्था कर दी जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर किसी को भी किराए पर रहने के लिए मकान दे रहे हैं तो उसे व्यक्ति की थाना में बिना वेरिफिकेशन करवाये मकान न दें। मौके पर मारुति नंदन सोनी, संजय कमलापुरी, वीरेंद्र सोनी, शिव सोनी, अखिलेश सोनी, शक्ति सोनी, बासुकीनाथ सोनी, बबलू सोनी, दिनेश सोनी, कार्तिक सोनी, अमरनाथ सोनी, रमाशंकर सोनी, मुन्ना सोनी, पप्पू सोनी, आशीष सोनी, वीरेंद्र कुमार सिंह, दिवाकर सिंह, तेजवंत कुमार दुबे, अभिजीत सिंह, पप्पू जायसवाल, रंजीत कुमार, दिलदार जयसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुमारधुबी।** निरसा के एस जी एम कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम प्राचार्य संजय सिंह ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद टोली के साथ कॉलेज परिसर से निरसा हटिया मोड तक प्रभात फेरी निकाली गई एवं लोगों को बीच जागरूकता फैलाई गई। संजय सिंह ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का देश के संविधान निर्माण में अहम भूमिका रही। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. टिकट मांझी, प्रो एम आलम, प्रो.कामिनी सिंह, प्रो रितेश कुमार तिवारी, प्रो रमेश कुमार भट्ट, धीरज मिश्रा, किंगकर मंडल, विशेश्वर मरांडी, कोमल कुमारी महतो, प्रीति सिंह, चांदनी कुमारी, सामन अली, एम मोहम्मद, तसवार अली, नीलम कुमारी, सुरजाति मिश्रा के साथ कॉलेज के सभी कर्मचारी वह छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सेवानिवृत कर्मी को दी गई विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** डीआरएम कार्यालय परिसर में सोमवार को समारोह आयोजित कर सेवानिवृत कर्मी अर्जुन महतो को विदाई दी गई। उन्हें शॉल ओढ़ाकर पुष्प गुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। रेलवे में उनके 39 साल की शानदार सेवा की सभी सहकर्मियों ने सराहना की। श्री महतो धनबाद रेलवे नियन्त्रण कक्ष में पदस्थापित थे। समारोह में मुख्य नियंत्रक प्रभारी जितेन्द्र प्रसाद ने अर्जुन को सरकारी सेवा के साथ साथ सामाजिक सरोकार से जुड़ा व्यक्तित्व बताया।

# यूपीआई में समस्या

देश भर में यूपीआई को गत एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा जिसके चलते देश भर के उपभोक्ता कई घंटों तक परेशान रहे। यूपीआई नेटवर्क का संचालन करने वाले नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जानकारी दी कि उसे रुक-रुक कर तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते यूपीआई लेनदेन आंशिक तौर पर विफल भी हो रहे हैं। बहरहाल चिंता की बात यह है कि यह अपनी तरह की इकलौती घटना नहीं है। शनिवार को यूपीआई के अचानक बंद होने के पहले भी हाल के दिनों में दो बार ऐसा हो चुका है। हालांकि एनपीसीआई ने गत सप्ताह यह सूचना दी थी कि उसने समस्या की जड़ का पता लगाने के लिए विश्लेषण किया है लेकिन शायद इससे खास मदद नहीं मिली। चूंकि यह बीते एक साल में इसके बाधित होने का छठा अवसर था इसलिए अब वक्त आ गया है कि कुछ सवाल किए जाएं और ऐसी बाधाओं की आशंकाओं को समाप्त किया जाए। इसमें दो राय नहीं कि एनपीसीआई ने बीते एक दशक में शानदार काम किया है। उसने देश में डिजिटल लेनदेन को पूरी तरह बदल दिया है। इस समय देश में रोज करीब 60 करोड़ यूपीआई लेनदेन होते हैं। यूपीआई की कामयाबी के कारण बहुत बड़ी संख्या में भारतीय बिना नकद राशि लिए घर से निकलते हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिनका मोबाइल फोन ही उनका बटुआ है क्योंकि देश के दूरदराज इलाकों में भी यूपीआई से भुगतान स्वीकार किया जाता है। ऐसे में लेनदेन की प्रक्रिया का अबाध होना आवश्यक है। अगर यूपीआई अनायास बंद होता रहा तो कारोबारों को बहुत नुकसान होगा, खासकर छोटे कारोबारियों और वेंडरों को। एक तरह से देखें तो यह वित्तीय व्यवस्था के लिए भी जोखिम भरा साबित हो सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7**

**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

**धनबाद कार्यालय**
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
(R.N.I No. आवेदित)

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जजों की संपत्ति का प्रकटीकरण पारदर्शिता की ओर कदम

न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है।

न्यायपालिका पर जनता का भरोसा लोकतंत्र का अहम आधार है। न्यायिक प्रणाली में किसी संदेह की गुंजाइश नहीं रहे, इसके लिये न्यायपालिका में अधिक पारदर्शिता, जबावदेही एवं निष्पक्षता की जरूरत है, इसके लिये सर्वोच्च न्यायालय से निचली अदालतों तक के न्यायाधीशों को संपत्ति सार्वजनिक करने जैसे कदम उठाए जाने की अपेक्षा आजादी के अमृतकाल में तीव्रता से की जा रही थी, ताकि न्यायपालिका की पारदर्शिता को लेकर उठने वाले संदेह दूर हो सकें, यह मुद्दा जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर जली हुई नोटों की गड्डी मिलने जैसी घटनाओं और उनसे उपजे विवादों के बाद गंभीर सार्वजनिक विमर्श का बन गया था। जनचचाओं एवं आदर्श राष्ट्र-निर्माण की अपेक्षाओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर जो सहमति जताई है, वह सही दिशा में उठाया गया उचित एवं प्रासंगिक कदम है। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी और आम लोगों का उस पर भरोसा मजबूत होगा। देश में न्यायालयों को ऐसी संस्था के रूप में देखा जाता है, जो आम लोगों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है। न्याय करने वाले न्यायाधीशों पर संदेह के बादल मंडराना न्याय-प्रक्रिया पर भरोसा कम करने का एक बड़ा कारण बनता रहा है। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी ही चाहिए।

न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करने का मुद्दा बहुत पुराना रहा है। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है। बाद में, एक और प्रस्ताव आया कि न्यायाधीश चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर सकते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं, स्वैच्छिक था। पिछले लगभग तीन दशक में, यह मामला कई बार उठा है। सूचना का अधिकार लागू होने के बाद यह बहस भी हुई कि न्यायपालिका इसके दायरे में क्यों नहीं? इसके पीछे यही तर्क रहा कि किसी निजी जानकारी को तब तक साझा करने की जरूरत नहीं, जब तक उससे सार्वजनिक हित न जुड़े हों। 2010 और 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह केस आया था, तब इसी तथ्य को आधार बनाकर कहा गया कि जानकारी सार्वजनिक करना न्यायाधीशों की इच्छा पर है। एक तरह से यह व्यवस्था न्यायाधीशों को लगातार संदेहों के घेरे में रखती रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा का निर्णय न्यायपालिका में पारदर्शिता कायम करने वाला एक सराहनीय कदम होगा। जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग के पीछे बड़ा तर्क भी यही दिया जाता रहा है कि जब तक जजों की संपत्ति सार्वजनिक नहीं होगी, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों पर ठोस कार्रवाई संभव नहीं हो सकेगी। देश में न्याय की प्रक्रिया सहज, सरल पारदर्शी एवं समानतामूलक होने के साथ आम आदमी के भरोसे वाली होनी चाहिए। इसके लिये भारत की सम्पूर्ण न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण होना चाहिए। भारतीयकरण के लिये ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता, जबावदेही आवश्यक मूल्य है।





-ललितगर्ग

**न्यायपालिका ही फरियाद का अंतिम पड़ाव कहा जाता है। ऐसे में न केवल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बल्कि न्यायपालिका के सभी स्तरों पर न्यायाधीश अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करें तो इससे जनता को उनके प्रति विश्वास बढ़ेगा। अब तक का अनुभव बताता है कि उच्च न्यायालयों के स्तर पर भी जजों में संपत्ति को सार्वजनिक करने की प्रवृत्ति काफी कम है। मार्च 2025 तक, उच्च न्यायालयों के कुल 763 में से सिर्फ 49 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है।**

सरकार की एक संसदीय समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य की जाए। हालांकि कतितय कारणों से सरकार इस मामले में आगे नहीं बढ़ी। इसका एक बड़ा कारण सरकार पर यह आरोप लगना भी बना कि सरकार न्यायपालिका में अनावश्यक राजनीतिक दखल दे रही है। लेकिन न्यायपालिका की साख के लिए उसका स्वतंत्र होना और दिखना भी जरूरी है। लेकिन सम्पत्ति की घोषणा के मामले में उन्हें अतिरिक्त सुविधा देना या उनके लिये अतिरिक्त सुविधा का होना, संदेह का कारण बनता रहा है। दरअसल, वर्तमान परिपाटी के अनुसार न्यायाधीशों के लिये निजी संपत्ति का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना एक स्वैच्छिक परंपरा है। जिसे अनिवार्य बनाने की मांग की जाती रही है। निश्चय ही न्याय व्यवस्था के संरक्षक होने के कारण इसके स्वैच्छिक रहने पर तमाम किंतु-परंतु हो सकते हैं। दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं, तो निश्चित ही इस कदम से एक सकारात्मक संदेश जरूर गया है।

न्यायिक पारदर्शिता को बढ़ाने के उद्देश्य से, सुप्रीम कोर्ट के सभी 30 मौजूदा न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की है। यह घटनाक्रम न्यायपालिका में पारदर्शिता की कमी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद हुआ है, खासकर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े विवाद के बाद। जिन न्यायाधीशों ने पहले ही अपनी घोषणाएं प्रस्तुत कर दी हैं, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। इसे फैसले को न्याय के प्रति जनता के भरोसे को और मजबूत करने के लिहाज से सही एवं सामयिक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो सुखद होने के साथ-साथ श्रेयस्कर न्याय-प्रक्रिया का द्योतक है। निश्चय ही यह एक सार्थक पहल ही कही जाएगी। इस नवीनतम प्रस्ताव के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने सामूहिक रूप से संपत्ति के खुलासे को सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने का निर्णय लेकर जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत के अनेक पड़ोसी देश बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल आदि में न्यायाधीश अपनी संपत्तियों की घोषणा करते हैं। कई देशों में यह स्वैच्छिक है तो कुछ जगह अनिवार्य भी है।

न्यायपालिका ही फरियाद का अंतिम पड़ाव कहा जाता है। ऐसे में न केवल सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बल्कि न्यायपालिका के सभी स्तरों पर न्यायाधीश अपनी संपत्ति को सार्वजनिक करें तो इससे जनता को उनके प्रति विश्वास बढ़ेगा। अब तक का अनुभव बताता है कि उच्च न्यायालयों के स्तर पर भी जजों में संपत्ति को सार्वजनिक करने की प्रवृत्ति काफी कम है। मार्च 2025 तक, उच्च न्यायालयों के कुल 763 में से सिर्फ 49 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक की है। न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अभी इस दिशा में और प्रयासों की जरूरत है। निर्वाचित प्रतिनिधियों और नौकरशाहों को अपनी संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करना कानूनन अनिवार्य किया जा चुका है। ऐसे में आम जनमानस में धारणा बनी रहती है कि न्यायपालिका के बाबत भी कोई ऐसी पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए। यह प्रश्न न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता और जबावदेही से भी जुड़ा है। यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि विधि एवं न्याय विभाग की संसदीय समिति ने वर्ष 2023 में न्यायाधीशों के लिये अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा की सिफारिश की थी। लेकिन इस बाबत अभी तक कोई वैधानिक नियम नहीं बनाए गए हैं। लेकिन अब स्वयं न्यायपालिका की तरफ से ऐसी व्यवस्था लागू करने का सराहनीय प्रयास होना सुखद ही कहा जायेगा। न्यायपालिका हमेशा से समाज में पारदर्शिता, प्रामाणिकता, निष्पक्षता व शुचिता की पक्षधर रही है। जनता इस कसौटी पर अपने न्याय के देवताओं को भी खरा उतरता देखना चाहती है। निस्संदेह इस तरह के फैसले का समाज में पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की दृष्टि से दूरगामी प्रभाव भी होगा। इस दिशा में ऐसी किसी भी पारदर्शी व्यवस्था का समाज में स्वागत ही होगा।

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**– अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**– राजेश चौहान, कोडरमा**

## ट्वीट

झारखंड पंचायत सहायक संघ के सदस्य मुझसे मिलने आए ,और भविष्य के लिए मुझे शुभकामनाएँ दीं । ब्लॉक और पंचायत स्तर पर इन्हें कार्य का लंबा अनुभव है । विभाग द्वारा इन्हें पंचायत हेल्प डेस्क हेतु पंचायत भवन में स्थापित किया गया है । मैंने पंचायत हेल्प डेस्क की परिकल्पना की थी , और इस कार्य के लिए पंचायत सहायक की अनुशंसा करते हुए सरकार को प्रस्ताव बढ़ाया था। इनके योगदान से पंचायत का सफलता पूर्वक कार्य विस्तार और संचालन होगा

मैंने इन्हें शुभकामनाएं दीं और कभी अलविदा ना कहने का आग्रह किया । मैंने इनसे आग्रह किया की जिन गाँव की इनको जिम्मेदारी जी जाएगी , उनसे ये पूरी तरह से जुड़ जाएं । **– निशा उरांव, प्रशासनिक अधिकारी**

# मेक इन इंडिया से सुदृढ़ हुआ भारतीय औषधि विज्ञान

**मुकुंद**

सामयिक

**आज** दुनिया में भारत के फार्मास्युटिकल क्षेत्र (औषधि विज्ञान) की छवि तेजी से बदल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के आह्वान से यह इंडस्ट्री पहले से कई गुना सुदृढ़ हुई है। यही नहीं भारत पिछले छह-सात वर्षों से यूनिसेफ का सबसे बड़ा वैक्सीन आपूर्तिकर्ता रहा है। भारत ने इस अवधि में यूनिसेफ की कुल खरीद में 55 प्रतिशत से 60 प्रतिशत योगदान दिया। आज का नया भारत क्रमशः डीपीटी, बीसीजी और खसरे के टीकों के लिए डब्ल्यूएचओ की मांग का 99 प्रतिशत, 52 प्रतिशत और 45 प्रतिशत पूरा करता है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के अनुरूप रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का औषध विभाग सस्ती दवाओं की कीमत, उपलब्धता, अनुसंधान, विकास और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करता है।

भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीबीआई) की वेबसाइट में 13 अप्रैल को इस आशय के आंकड़े साझा किए गए हैं। भारतीय दवा उद्योग घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली, कम लागत वाली प्रभावी दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और स्वदेशी ब्रांडों के मजबूत नेटवर्क में इसके प्रभुत्व को दशार्ता है। इसमें चिकित्सा उपकरण उद्योग के कई क्षेत्र अत्यधिक पूंजी-प्रधान हैं। वह इसलिए कि इस क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों का निरंतर समावेशन किया जाता है। इसमें मदद के लिए औषध विभाग सरकारी अनुमोदन के माध्यम से एफडीआई प्रस्तावों पर एफडीआई नीति के अनुसार अनुमोदन या अस्वीकृति के लिए विचार करता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक एफडीआई प्रवाह (फार्मास्युटिकल्स और चिकित्सा उपकरणों दोनों में) 11,888 करोड़ रुपये रहा है । इसके अलावा, औषध विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ब्राउन फील्ड परियोजनाओं के लिए 7,246.40 करोड़ रुपये के 13 एफडीआई प्रस्तावों को मंजूरी दी ।

भारत सरकार की 2020 में शुरू की गई उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने भी इसमें क्रांतिकारी पहल की है। पीएलआई का प्रमुख उद्देश्य घरेलू उत?पादन को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और निर्यात बढ़ाना है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के दृष्टिकोण के अनुरूप यह योजना उत्पादन में प्रदर्शन के आधार पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

फार्मास्यूटिकल्स के लिए पीएलआई योजना को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 फरवरी 2021 को मंजूरी दी थी। इसका वित्तीय परिव्यय 15,000 करोड़ रुपये है। यह तीन श्रेणियों के तहत पहचाने गए उत्पादों के उत?पादन के लिए 55 चयनित आवेदकों को छह साल की अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है । इस योजना में कैंसर रोधी और ऑटो इम्यून जैसी दवाओं का उत्पादन शामिल है। पीएलआई के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि लक्षित निवेश को पार करना है। प्रारंभिक प्रतिबद्धता 3,938.57 करोड़ रुपये आंकी गई थी। वास्तविक प्राप्त निवेश पहले ही 4,253.92 करोड़ रुपये (दिसंबर 2024 तक) तक हासिल हो चुका है।

इसके अलावा मार्च 2020 में स्वीकृत बल्क ड्रग पार्क योजना (वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26) का उद्देश्य उत?पादन लागत को कम करने और बल्क ड्रग्स में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय सामान्य बुनियादी ढांचे वाले पार्क स्थापित करना है। इस योजना के तहत गुजरात, हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के प्रस्तावों को मंजूरी दी दी जा चुकी है। वित्तीय सहायता प्रति पार्क 1,000 करोड़ रुपये या परियोजना लागत का 70 फीसद (पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिए 90 फीसद) तक सीमित है।इसका कुल परिव्यय 3,000 करोड़ रुपये है। सबसे खास प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना है। इसका लक्ष्य पूरे देश में किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके तहत लोगों को समझाया जा रहा है कि इन दवाओं के उत्पादन में गुणवत्ता से कई समझौता नहीं किया जाता। यह धारणा गलत है कि महंगी दवा का मतलब बेहतर प्रभाव होता है। सरकारी अस्पतालों में बीमारी का प्रभावी विकल्प लिखने में जेनेरिक दवाओं को प्राथमिकता दी जाती है। अच्छी बात यह है कि आठ अप्रैल, 2025 तक देश भर में कुल 15,479 जन औषधि केंद्र हैं। करोड़ों लोग इनके माध्यम से सस्ती दवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# सरदार पटेल को लेकर क्या है सच?

- डॉ. मयंक चतुर्वेदी

विमर्श

अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कांग्रेस द्वारा किए जानेवाले कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए जिस बात पर जोर दिया, वह था कि ह्यह्यसरदार पटेल और नेहरूजी के बीच गहरे और मधुर संबंध थेह्णह्ण किंतु इतिहास तो कुछ और ही कह रहा है। अब कांग्रेस इस बात को कितना छिपाएगी कि जवाहरलाल नेहरू ने अपने समय में सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे श्रेष्ठ नेताओं के साथ कैसा व्यवहार किया है। आज कांग्रेस सरदार पटेल को लेकर कितना ही झूठा नैरेटिव गढ़ने का प्रयास करे लेकिन इससे सच नहीं बदलने वाला है। इतिहास काल का वह पन्ना है, जिसमें एक बार जो कहानी लिख जाती है, वह फिर मिटाए नहीं मिटती। क्योंकि ये इतिहास फिर कभी अपनी वैसी ही पुनरावृत्ती नहीं करता, जैसा कि तत्कालीन समय में घटता है।

कांग्रेस ने वास?तव में जो सरदार पटेल के साथ किया, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकेगा। सरदार पटेल की जब मृत्यु हुई तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की एक घोषणा सामने आई और इस घोषणा के तुरन्त बाद एक आदेश भी आया। उस आदेश में दो बातों का प्रमुखता से जिक्र था, पहला-सरदार पटेल को दी गयी सरकारी कार उसी वक्त वापस ले ली जाय और दूसरा, गृह मंत्रालय के वे सचिव/अधिकारी जो सरदार-पटेल के अन्तिम संस्कार में बम्बई जाना चाहते हैं, वे अपने खर्चे पर जाएं। सरदार पटेल के प्रति नेहरू के अंदर का विद्वेष इतना करके भी रुक जाता तब भी बहुत होता; किंतु वह कहां माननेवाले थे। उसके बाद नेहरू ने अपने मंत्रिमण्डल की तरफ से तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को कहलवाया कि वे सरदार पटेल के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए नहीं जाएं। पर जब नेहरू को पता चला कि वे अंतिम संस्कार में जा रहे हैं तो तुरंत उन्होंने वहां सी. राजगोपालाचारी को भेजा और जो सरकारी श्रद्धाजंलि (स्मारक) पत्र राष्ट्रपति के नाते डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा पढ़ा जाना था, वह उनसे न पढ़वाते हुए उसे सी. राजगोपालाचारी को सौंप दिया गया।

इतना होने के बाद भी जवाहरलाल नेहरू के अंदर सरदार पटेल को लेकर जो गुस्सा भरा था, वह कम होने का नाम नहीं ले रहा था। यदि यह सच नहीं है, तो फिर क्यों बार-बार कांग्रेस के अन्दर से स्व. पटेल के स्मारक बनाने की मांग उठ रही थी और कहा जा रहा था कि इतने बड़े नेता की याद में सरकार को कुछ करना चाहिए पर नेहरू लगातार विरोध करते रहे, फिर जब नेहरू ने देखा कि पार्टी में उनके प्रति मनमुटाव पैदा हो रहा है, तब जाकर उन्होंने इस बारे में सोचे जाने और कुछ करने की हामी भरी थी। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में नेहरू के खिलाफ सरदार पटेल के नाम को रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी पुरुषोत्तमदास टंडन को पार्टी से बाहर कर देने का उनका फरमान भी पटेल के प्रति नेहरू की अंदरूनी नफरत को प्रदर्शित करता है। जबकि होना ये चाहिए था कि समर्पण दोनों तरफ का होता, देश की स्वाधीनता में जो सरदार पटेल का योगदान रहा, वह अद्वितीय है, जो सरदार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे थे, उन्होंने महात्मा गांधी के कहने पर गृहमंत्री बनना स्वीकार किया। फिर भी हो क्या रहा था? ये समर्पण एकतरफा दिखाई दे रहा था।

नेहरू का रुख सरदार के प्रति उनके अंतिम समय तक नहीं बदला। दूसरी ओर सरदार वल्लभ भाई पटेल महात्मा गांधी से वचनबद्ध थे, वह पहले ही उनके सामने ये हामी भर चुके थे कि वे जवाहरलाल नेहरू को अकेला नहीं छोड़ेंगे, जब तक उनकी सासें चल रही हैं, उनका नेहरू के प्रति एकतरफा समर्पण रहेगा।

**देश की पहली हाइड्रोजन चलित रेलगाड़ी ट्रायल रन के लिए तैयार है। रेवाड़ी स्टेशन पर खड़ी हाइड्रोजन चलित रेलगाड़ी।**



## कार्टून वर्ल्ड



# हजारीबाग की सड़कों पर मौत की छांव

## क्या सूखे पेड़ों की यह चुप्पी किसी बड़े हादसे की आहट है?

**अभय कुमार सिंह**

**हजारीबाग।** एक शहर जो अपनी हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, वहीं अब यही हरियाली के लिए वर्षो पहले लगाए गए कई पेड़ सुख गए है जो एक खौफनाक साया बनकर शहरवासियों के सिर मंडरा रही है। सड़कों के किनारे खड़े सूखे पेड़ अब सिर्फ पेड़ नहीं, बल्कि मौत के मौन प्रतीक बन चुके हैं, कब गिर जाएं, कौन दब जाए, कोई नहीं जानता। हजारीबाग से बगोदर, बरही, बड़कागांव या रांची किसी भी रूट पर जाइए, आपको सड़क किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ मिल जाएंगे। इन पेड़ों की हालत ऐसी है कि हल्की सी हवा भी इनकी कमजोर टहनियों को गिराने के लिए काफी है। यह कोई अनुमान नहीं, कड़वा सच है, क्योंकि पहले भी इन पेड़ों से गिरी टहनियों के कारण जानें जा चुकी हैं। यही नहीं हजारीबाग की प्रसिद्ध झील, जो कभी शहर की शांति और सौंदर्य का प्रतीक थी, अब वहां लगे 50 साल पुराने सूखे पेड़ों की वजह से एक संभावित हादसे का केंद्र बन चुकी है। ये पेड़ अब धीरे-धीरे अपने हिस्से गिरा रहे हैं और अगला हिस्सा किसके सिर पर गिरे, कोई नहीं कह सकता। खास बात यह है कि यह क्षेत्र प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेहद संवेदनशील है, जहां वन विभाग से लेकर अन्य उच्च प्रशासनिक अधिकारी निवास करते हैं। इसके बावजूद, इन सुखे पेड़ों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।





सड़क किनारे सूखे पेड़

### खतरे की चार केस स्टडी और प्रशासन की खामोशी

**केस स्टडी 1**

**एनएच-522 पर सूखे पेड़ों से खतरा**

हजारीबाग से बगोदर मार्ग पर सूखे पेड़ों की स्थिति खतरनाक हो गई है। हल्की हवा में टहनियाँ टूटकर गिरती हैं, जिससे राहगीरों और वाहनों के लिए खतरा बढ़ गया है। स्थानीय प्रतिनिधियों ने वन विभाग से कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**केस स्टडीः 2**

**शहर में 150 से अधिक सूखे पेड़**

हजारीबाग शहर में सड़क किनारे 150 से अधिक सूखे पेड़ खड़े हैं, जो तेज हवा या बारिश में गिर सकते हैं। इन पेड़ों के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**केस स्टडीः 3**

**चरही घटो रोड पर सूखे पेड़ों से बढ़ा खतरा**

चरही घटो रोड पर दर्जनों सूखे पेड़ बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। पंचायत मुखिया और ग्रामीणों ने वन विभाग को कई बार आवेदन भेजा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**केस स्टडीः 4**

**साप्ताहिक बाजार के पास सूखे पेड़**

हजारीबाग-सिमरिया मार्ग एनएच 100 पर कई सूखे पेड़ दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। इस मार्ग में सबसे अधिक बानादाग में पेड़ सूख चुके हैं, जिससे राहगीरों को खतरा है।

### लोगों ने कहा, ये पेड़ अब यमराज हैं!


स्थानीय निवासियों ने साफ कहा कि ये पेड़ अब साक्षात यमराज बन चुके हैं। हर गुजरने वाला शख्स किसी अनहोनी की आशंका के साथ यहां से गुजरता है। वन विभाग और जिला प्रशासन को चाहिए कि तुरंत सर्वेक्षण कर इन पेड़ों को हटाने की कार्रवाई करे और इसके बदले नए छायादार और मजबूत पेड़ लगाए। सवाल यह है कि क्या प्रशासन को किसी ब्रेकिंग न्यूज की जरूरत है? क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद जागेगा? क्या किसी की जान जाना अब कार्रवाई का ट्रिगर बनेगा? अगर समय रहते कदम नहीं उठाया गया, तो आने वाला कल इस लापरवाही को एक दर्दनाक खबर में तब्दील कर सकता है।

# नामांकन में मनमानी : सेंट जेवियर स्कूल की फीस वसूली से अभिभावक भड़के

### शिकायत लेकर पहुंचे मैंगो मैन के पास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में कक्षा-11 में दाखिले की प्रक्रिया ने अभिभावकों की नींद उड़ा दी है। स्कूल द्वारा प्रेप से लेकर दसवीं तक पढ़ चुके छात्रों से भी फिर से नामांकन लेने की जिद और भारी-भरकम फीस वसूली की तैयारी ने लोगों को गुस्से से भर दिया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन ने ग्यारहवीं कक्षा में पुनः नामांकन के नाम पर 50,000 रुपये की फीस तय कर दी है। यही नहीं, 28 अप्रैल से कक्षाएं शुरू करने की बात कहकर अप्रैल माह की फीस भी तुरंत मांगी जा रही है। इस जबरन वसूली और प्रक्रिया को लेकर अभिभावक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब बच्चा प्रेप से दसवीं तक यहीं पढ़ा है, तो फिर ग्यारहवीं में दोबारा नामांकन क्यों? विभिन्न अभिभावकों ने इसे स्कूल की गैर-जिम्मेदाराना और शोषणकारी नीति बताया। उनका कहना है कि यह आर्थिक दबाव बच्चों के भविष्य को संकट में डाल रहा है। कुछ लोगों ने डीसी नैंसी सहाय से इस मामले में दखल की मांग की है और चेतावनी दी है कि आवश्यकता पड़ने पर वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। अभिभावकों ने इस मुद्दे को समाजसेवी और ह्यमैंगो मैनह्ल के नाम से चर्चित मनोज गुप्ता के सामने रखा।





सेंट जेवियर स्कूल

श्री गुप्ता ने इसे सीधा आर्थिक शोषण बताते हुए कहा कि अगर स्कूल ने मनमानी जारी रखी, तो वे आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने मंगलवार से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए डीसी से अविलंब हस्तक्षेप की मांग की है।

वही नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष और समाजसेवी किशोरी राणा ने कहा कि अभी विधानसभा में राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री री-एडमिशन और फीस बढ़ोतरी रोकने को लेकर बड़ी- बड़ी बातें कर रहे थे। लेकिन शिक्षा माफिआ के आगे ये नतमस्तक है। गरीब का बच्चा अच्छे स्कूलों में पढ़ाई ना करे यही इनकी मंशा है। अब ऐसा चलने नहीं दिया जाएगा। बहुत जल्द आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी।



मनोज गुप्ता



किशोरी राणा

इधर इस मामले पर स्कूल के प्राचार्य से संपर्क करने की कोशिश की गयी पर संपर्क ना हो सका।

ज्ञात हो कि बच्चों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता को लेकर उठे इस मामले ने हजारीबाग के अभिभावकों को झकझोर दिया है। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले पर क्या सख्त कदम उठाता है।

## कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ : पीयूष बेदिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पतरातू प्रखंड समिति की सोमवार को भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल व संचालन संजय अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया के पुत्र पीयूष कुमार बेदिया उपस्थित थें। बैठक में संगठन की मजबुती, जन समस्याओं का समाधान, मइयां सम्मान योजना से वंचित युवतियों को इसका लाभ दिलाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान दर्जनों युवको ने झामुमो का दामन थामां। सभी नये सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि पीयूष बेदिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन लोग झामुमो से जुड़कर पार्टी और समाजहित में कार्य करना चाहते हैं। श्री बेदिया ने कहा कि मैं भी अपने पिता हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया की तरह पार्टी की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए इस क्षेत्र में उतरा हूं। युवाओं को एक सूत्र में पिरोकर झामुमो को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष झलकू बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश बेदिया, ग्यास खान, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत, वीरेंद्र यादव, इमामुल अंसारी, चरेंद्र बेदिया, इस्लाम अंसारी, राजन करमाली, अशोक दास, विजय मुंडा, जयलाल सिंह, वीरेंद्र मांझी सहित दर्जनों नये सदस्य मौजूद थें।



संजीव बेदिया के पुत्र पीयूष बेदिया के साथ नये सदस्य

## भाजपा द्वारा दिगवार में केंद्रीय योजनाओ को लेकर हुआ चौपाल का आयोजन

**कुजू।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ नगर परिषद दिगवार वार्ड चार में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक में भाजपा द्वारा चौपाल का आयोजन किया। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए जनहित विकास कार्यों के बारे में जनता से रूबरू हुए। इस चौपाल में दर्जनों की संख्या संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना शौचालय योजना, आयुष्मान भारत, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पेंशन योजना मुफ्त राशन योजना गैस कनेक्शन, हर घर नल जल योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन योजना सहित अनेक योजनाओं गरीब जनता को मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। चौपाल की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरि व संचालन पूर्व महामंत्री नगर परिषद सुनील प्रसाद साहू तथा धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता अरुण कुशवाहा ने किया। चौपाल कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह, भाजपा नेता हरिनारायण कुशवाहा, विनोद प्रसाद, अर्जुन कुशवाहा, अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि रीमा देवी महिला, नेत्री सुनीता रविदास, संगीता देवी, रवि कुशवाहा, राहुल गिरी, राजू रविदास, दिलेश्वर कुशवाहा, रोहन लाल, नरेश प्रजापति, काशी रविदास, अशोक गिरी, मन्नू कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार, ईश्वर राम आदि शामिल थे।

# मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में दिखी पुलिस और जनता की शानदार साझेदारी, पुलिस टीम ने मारी बाजी

## रामगढ़ जिला पुलिस टीम ने मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में रिवर साइड की जनता टीम को हराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड स्थित मयूर स्टेडियम सोमवार को एक बेहद खास आयोजन का गवाह बना। जहां रामगढ़ पुलिस और जनता के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। यह सिर्फ एक खेल नहीं था, बल्कि एक संदेश था स्वास्थ्य, सौहार्द और समाज में आपसी विश्वास को मजबूत करने का। भुरकुंडा रिभर साईड स्थित मयूर स्टेडियम में आयोजित इस मैत्री मैच में रामगढ़ जिला पुलिस टीम ने भुरकुंडा रिभर साईड पब्लिक टीम को 12 रनों से हराकर कप पर कब्जा जमा लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ़ जिला पुलिस टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी रिभर साईड की पब्लिक टीम 107 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। बेहतर प्रदर्शन के लिए दिगंबर पांडेय को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मैच में मुख्य अतिथि पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, सार्जेंट मेजर मंटू यादव और भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता शामिल रहे, जिन्होंने खुद मैदान पर उतरकर फिटनेस और खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। विजेता-उपविजेता टीम को विनर और रनर ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही बेहतर आयोजन के लिए जनता को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गयां मौके पर पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने कहा कि हमारी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, लेकिन असली जीत उस दोस्ती की रही जो मैदान पर देखने को मिली। आयोजन ने यह साबित कर दिया कि वर्दी के पीछे भी एक मित्र होता है। उन्होंने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी करियर बनाया जा सकता है। रामगढ़ पुलिस टीम में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता, दिगंबर पांडेय, विवेक पाठक, मुनाजिर आलम, चंदन कुमार, सुनील कुमार, साकिब शेख, रघु पासवान, बबन राम, गौरव कुमार, रंजीत कुमार यादव शामिल थें। वहीं पब्लिक टीम में रितेश कुमार, शुभम सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, तूफान सिंह, मोती सिंह, निक्कू कुमार, आयुष सिंह, सोनू कुमार, मोनू कुमार, तंशिक आदि शामिल थें। मौके पर राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, रिवर साईड गुरुद्वारा के प्रधान भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, आजसू नेता राजेश मंडल, छोटू सिंह, मनोज चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।



मैच में शामिल रामगढ़ पुलिस टीम व रिभर साईड की पब्लिक टीम

## स्पीड न्यूज

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में धूमधाम से मनी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



मौके पर उपस्थित लोग

बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर जीवन भर समाज के शोषित और वंचित वर्गों के हक के लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई और एक समतामूलक समाज की नींव रखी। विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान अंबेडकर जी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। कक्षा 6 की आरोही कुमारी और कक्षा 10 के प्रियम कुमार ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सीसीए प्रभारी रवि उदय सिंह ने कहा कि अंबेडकर जी का जीवन दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा देता है। वे अपने संघर्षों से पूरे समाज के लिए मिसाल बने। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी छात्रों से अपील की कि वे संविधान के नियमों का पालन करते हुए भारत को एक श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

### बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उपायुक्त ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**हजारीबाग।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आज उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक अवस्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर उपायुक्त ने संविधान के रचयिता बाबा साहेब के मूल्यों और उनके आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे एक महान विचारक, समाज सुधारक, और संविधान निमार्ता थे। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, एनडीसी, जिला स्तरीय अधिकारी, संस्थानों के सदस्य सहित आम जन मौजूद थे।



माल्यार्पण करती उपायुक्त

### चरही के सडवाहा में शिव-पार्वती मंडा पूजा संपन्न

**चरही ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 दिवसीय आस्था का महापर्व शिव-पार्वती मंडा पूजा धूमधाम के साथ शनिवार को संपन्न हो गया।श्रद्धालुओं ने लगातार 7 दिनों तक लोटन सेवा करते रहे।इस पूजा का शुरूआत पटभंगी पूजा से किया गया था।शुक्रवार रात को शिव मंदिर में शिव भक्तों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव पर भभूत अर्पन किया।उसके बाद भगवान शिव पर अर्पित किये गए भभूत को पूरे गांव में वितरण किया गया।इस अवसर पर पूजा कमिटी के द्वारा मेला का आयोजन किया गया था।साथ ही दर्शकों के लिये छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया था।दूर-दराज के गावं से आये लोगों ने रात-भर मेले और नृत्य का आनंद लेते रहे।शनिवार को अहले सुबह शिव भक्तों ने दहकते आग के अंगारों पर नंगे पांव चले।इस कार्यक्रम को संपन्न होने के बाद पुनः शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद शिव भक्तों ने अपने-अपने पीठ पर लोहे के बने मोटे-मोटे और नुकिले कील को गुथवाकर रस्सी के सहारे 50 फिट के बने बनस झूला को झुलकर इस पूजा को संपन्नकर पारण किया। मंडा पूजा को सफल बनाने में पुजा कमिटी के बासुदेव करमाली,उमेश सिंह,अजीत सिंह,भुनेश्वर ठाकुर,रमेश करमाली,सत्येन्द्र नारायण सिंह, कुलेश्वर करमाली ,किशुन महतो,बडेलाल ठाकुर,छोटेलाल ठाकुर,बंगाली करमाली,गुडू महतो,शिव कुमार यादव,दीपनारायण महतो सहित कई लोग थे।

### मनीष जायसवाल ने अनुसूचित छात्रावास में अंबेडकर प्रतिमा का किया अनावरण



**हजारीबाग।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने जिला कल्याण अनुसूचित जाति छात्रावास परिसर में बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा उनके विधायक कार्यकाल में विधायक निधि से 5 लाख रुपये की लागत से स्थापित हुई थी। कार्यक्रम में छात्रावास के छात्रों और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि समाज में समानता और खुशहाली हो। उन्होंने आह्वान किया कि हम सब उनके ३शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो३ के मूलमंत्र को अपनाएं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रतिमा स्थल पर जल्द ही शेड का निर्माण कराया जाएगा।

### जतराटांड़ में भगवान शिव और पैंकी में हनुमान जी की प्रतिमा का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

**कुजू।** करमा ग्राम के जतराटांड़ में भगवान हनुमान पैंकी मुंडा टोला में भगवान शिव परिवार की विधिवत पूजा अर्चना के साथ सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। इस दौरान करमा में यज्ञाचार्य नरेश पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडित ने यजमान बने मोहरलाल मुंडा, महादेव मुंडा, जगरनाथ मुंडा, सुखलाल महतो, पारसनाथ महतो सपत्नीक जबकि पैंकी में यज्ञाचार्य रामशरण गिरी जी महाराज, मनीष कुमार पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडितो ने यजमान बने बरतू मुंडा, फूलो मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश मुंडा,चूरामन मुंडा, धनेश्वर मुंडा, विकास रविदास सपत्नीक के हाथों पूजा पाठ कराया।

## एक नजर में

### झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मेगालिथ एवं इसको गुफा का अवलोकन किया

**बड़कागांव।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बड़कागांव में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित बड़कागांव प्रखंड के बरवाडीह गांव स्थित मेगालिथ स्थल तथा नापोखुर्द पंचायत के इसको गांव में इसको गुफा का अवलोकन किया। इस दौरान इसको गुफा में उकेरी गई कलाकृतियों को भी सचिव ने बारीकी से अवलोकन किया। तथा इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी से इन दोनों पर्यटन केंद्रों पर होने वाले सुंदरीकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां ली। अलका तिवारी ने दोनों पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर काफी प्रसन्न नजर आई। अवलोकन के पश्चात अलका तिवारी रांची के लिए प्रस्थान कर गई। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी,बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल,अंचलाधिकारी मनोज कुमार,एसडीपीओ पवन कुमार,इंस्पेक्टर अनिल कुमार,थाना प्रभारी नेमधारी रजक के अलावा कई लोग उपस्थित थे।



### भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर भाजपाइयों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया

**रामगढ़।** भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं द्वारा थाना चौक स्थित अंबेडकर पार्क में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ अधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार व अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री विनोद कुमार उपस्थित थे।सभी ने` डॉ अंबेडकर कि संघर्ष को याद किया।



कार्यक्रम में शामिल

### बाबा साहेब अंबेडकर ने दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया: ब्रह्मदेव महतो

**कुजू।** सीसीएल कुज्जू क्षेत्र के पुंडी परियोजना में सोमवार को कोल इंडिया एससी/ एसटी एम्पलाज एसोसिएशन (सिस्टा) की क्षेत्रीय कमिटी द्वारा संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो व पुंडी शाखा सचिव सह सिस्टा के क्षेत्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर उन्होंने मौजूद लोगों को बाबा साहब के जीवनी के बारे में बताते हुए उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प दिलाया। मौके पर रमेश मुर्मू, गांधी महतो, प्रसाद जी, गणेश तुरी, मानकों देवी, शिवधर महतो, खखून रविदास, गुलाम रब्बानी, एलारूस उरांव, रंजीत नोनिया, जागो गंझु, मंगरा गंझु रतनी देवी, पंचू महतो, राजेश चंद्र, सुदामा प्रजापति, धर्म महतो, धनेश्वर प्रजापति, मंसूर मियां, प्रकाश कुमार, जयदेव मुखर्जी, टिकेंद्र कुमार महतो सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते

### सर्वोदय निकेतन में बाबा साहब की जयंती मनी

**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि बाबा साहब आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के पश्चात देश के संविधान निर्माण के समय ड्राफ्टिंग कमिटी की अध्यक्षता की। साथ ही देश के कमजोर, दलित, शोषित और पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान हेतु देश के संविधान में उचित कानूनों को स्थान दिलाए। आपके दिखाए मार्ग पर चलते हुए आज देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश वर्मा, मनीष प्रसाद, ब्रह्मदेव महतो, सुशांत कुमार सिंहा, सिंधु गुप्ता, पूजा कुमारी, अनीता राज मुंडा, रजनी कुमारी, अनिल कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, ज्योति कुमारी, गजाला परवीन, बासुदेव सोरेन आदि सहित बहुत सारे लोगों ने अपने विचार रखे।



सर्वोदय निकेतन में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

### भीमराव अम्बेडकर ने एक संतुलित संविधान का निर्माण किया: अतिथि

**कुजू।** पंकरिया टोला में सिंबल ऑफ नॉलेज, भारत रत्न, संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वां जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीसीएल कुजू महाप्रबंधक राजीव कुमार, मांडू सीओ विमल कुमार सिंह, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश कुमार लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम, कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा, दक्षिणी पंचायत मुखिया राकेश कुमार, कुजू पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से बाबा साहब की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। मौके पर वक्ताओ ने कहा कि अंबेडकर की प्रखर विद्वता की वजह से उन्हें संविधान लिखने को मिला। आज उसी संविधान से पूरा देश चलता है। भीमराव अम्बेडकर ने एक संतुलित संविधान का निर्माण किया। जिसमे सभी वर्गों को मौलिक अधिकार दिया गया है। उन्होंने अपने जीवन में बहुत आलोचनाओं का सामना किया , काफी प्रताड़ित भी हुए, किंतु कभी भी अपने संघर्षों से नाता नहीं तोड़ा और आज इनकी पूरे विश्व में सबसे ज्यादा प्रतिमाएं स्थापित है। जबतक हम सभी लोग शिक्षा से नहीं जुड़ेंगे तब तक हम अपने अधिकर के बारे में नहीं जान पाएंगे। इसलिए हम सभी को कम खाना है, पर बच्चों को जरूर पढ़ाना है। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत बैच लगा कर किया गया। मौके पर दिनेश चंद्र भारती, महादेव रविदास, मैघलाल राम, रघूनाथ मेहता, नरेश करमाली, सुरेश राम,संतोष भुइया, डीजल भुईयां, कपूर भुईयां, महेन्द्र भुईयां, सुरेश राम, छोटेलाल करमाली, बहादुर रविदास,शक्ति राम, बिनोद राम, अनूप राम, बुटन भुईयां,अनिता देवी, गुलाबी देवी,फूलकुमारी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर विधायक ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को बड़े ही धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान विधायक डॉ. नीरा यादव ने अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान उनके साथ भाजपा के वरीय नेता रवि मोदी, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, महामंत्री शिवेंद्र नारायण समेत कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

वहीं डॉ. नीरा यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे सच्चे अर्थों में भारत रत्न एवं लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे। हम सभी लोगों को उनके जीवन से संघर्ष और चुनौतीपूर्ण कार्यों को करने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

मौके पर रामनाथ सिंह, महेंद्र प्रसाद यादव, विनोद कुमार मुन्ना, नरेंद्र सिंह, सुनील पंडित, गौतम कुमार, दिनेश सिंह, हरि पंडित, नीलेश कुमार, नगीना पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

# कलम से क्रांति करने वाले महानायक थे डॉ. अंबेडकर : संजय पासवान

- अम्बेडकर क्लब ने बाबा साहेब की 134वीं जयंती धूमधाम से मनायी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती बसधरवा में अम्बेडकर क्लब द्वारा धूमधाम से मनाई गयी। वहीं सर्वप्रथम केक काटकर जयंती की शुरुआत की गई, जहां बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वहीं सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मानना था कि शिक्षा हाशिए पर खड़े हर इंसान की बराबरी की पहली सीढ़ी है। उन्नीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में भारत एक साथ कई लड़ाइयां लड़ रहा था। एक लड़ाई अंग्रेजों से आजादी की चल रही थी, तो वहीं दूसरी लड़ाई हजारों साल की जातीय गुलामी से चल रही थी। पहली लड़ाई में कई तरह के हथियार शामिल थे, तो दूसरी लड़ाई का सबसे बड़ा हथियार थी कलम। इसी कलम से क्रांति कर मानवतावादी भारत का सपना देखने वाले महानायक का नाम है बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर। बचपन में भीमराव अम्बेडकर को स्कूल में पानी पीने से लेकर दर्जनों डिग्रियां हासिल करने के बाद, नौकरी करने तक भेदभाव का शिकार होना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। हमें शिक्षा हासिल करने के लिए बाबा साहेब के बताये रास्ते पर चलते हुए संगठन बनाकर संघर्ष करना होगा। वहीं दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने कहा कि हम जब बाबा साहेब की 134वीं जयंती मना रहे हैं, उस दौर में वंचितों को अधिकार देने वाला संविधान पर हमला बढ़ गया है। वहीं प्रकाश रजक ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट किया जा रहा है, इसलिए संविधान की रक्षा के लिए सबको एकजुट होना होगा। मौके पर जगदीश राम, मुरली राम, लेखराज दास, डालेश्वर राम, तानेश्वर राम, शिवपुजन पासवान, रघुनाथ दास, महेश दास, जीतन दास, दशरथ दास, रमेश दास, भूनेश्वर दास, राजकुमार दास, अजय दास, कुलदीप दास, महेन्द्र दास, सागर दास, सुरेश दास, गोविंद दास, मुंशी दास, सुनील, बिरेन्द्र आदि मौजूद थे।

## सामाजिक न्याय व समानता के प्रतीक थे डॉ. भीमराव अंबेडकर : ओम प्रकाश राय



**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। वहीं निदेशक ओम प्रकाश राय ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ.अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता होने के साथ-साथ सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक थे। उन्होंने जीवन भर दलितों, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। मौके पर सुनील कुमार, तबारक अंसारी, मनीष कुमार, विकास कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, विजय प्रकाश, राजेन्द्र कुमार, शिवम सिंह, अजय कुमार राणा, अजय कुमार यादव, रौशन कुमार, इंद्रमणि कुमारी, फूल कुमारी, सुनीता देवी, अनीता कुमारी, संध्या कुमारी, संध्या सिंहा, जया लक्ष्मी, कामना सिंहा, सरोजिनी डुंगडुंग, रूपा गुप्ता, प्रियंका सलूजा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय में अंबेडकर जयंती मनाई गई



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्या अंजना कुमारी, शिक्षकगण और छात्रों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। वहीं प्रकाश गुप्ता व अंजना कुमारी ने बाबा साहेब के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और सभी से उनके पदचिन्हों पर चलकर एक समतामूलक और समरस समाज के निर्माण का आह्वान किया। वहीं छात्रों ने भी कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। छात्रा तन्वी ने अंग्रेजी में तथा अनमोल कुमार ने हिंदी में बाबा साहेब की विचारधारा पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। शौर्य गुप्ता और साद आरिफ ने एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से डॉ.अंबेडकर के समाज और संविधान में दिए गए योगदान को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। मौके पर राजीव रंजन सिंह, कृष्ण कुमार, सौरभ केसरी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## कैलाश सरस्वती मंदिर में मनी डॉ. अंबेडकर की जयंती

**कोडरमा।** कैलाश सरस्वती विद्या मंदिर में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्या विकास समिति हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिंहा, प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू तथा मुख्य वक्ता श्वेता श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वहीं श्वेता श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने दलित समाज के उत्थान में काफी संघर्ष किया तथा दलित समाज को समाज में एक उचित स्थान दिलाया, साथ ही भारतीय संविधान के निर्माण में भी उन्होंने काफी योगदान दिया। वहीं ओमप्रकाश सिंहा ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के उपलब्धियां की चर्चा करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जो नारा था संगठित रहो शिक्षा पाओ और अपने अधिकार के लिए सदैव तत्पर्य रहो। वहीं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक समरसता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मौके पर मनोज कुमार सिंह, विजय मिश्रा, नीरज सिंह, उमाशंकर कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार महतो, दीपक विश्वकर्मा, उमाशंकर कुमार, विजय तिवारी, मुरलीधर कुमार, पवन शर्मा, प्रभात सौरव, प्रणव प्रभास, धीरज पांडे, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, चंद्रकावेरी निहाल, अर्चना सिंहा, रिमझिम कुमारी, सोनिया कुमारी आदि मौजूद थे।

## आदर्श प्लस टू उवि में बाबा साहेब की जयंती मनी

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जो कानून निर्माता थे, उनकी 134वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान बच्चे व विद्यालय के शिक्षकों ने भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब दलित परिवार में जन्म लेने के बाद भी उस समय समाज में दलितों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ उन्होंने संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र साधन है जिसके बल पर आप समाज में आगे आ सकते हैं। वहीं उन्होंने युवाओं से आह्वान किया और नारा दिया कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। कार्यक्रम को उप प्राचार्य रवींद्र कुमार रवि, कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार व प्रशासक दीपक कुमार ने भी संबोधित किया। मौके पर अर्जुन चन्द्र यादव, महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, फुलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, शाहिद हुसैन, सीताराम यादव, शमशेर आलम, बिट्टू कुमार, सुनील कुमार यादव, पंकज कुमार साव, पप्पु कुमार, नीलम प्रभा, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, जन्नत परवीन, पम्मी रॉय, केदार यादव, सतीश कुमार पासवान, रवि रंजन आदि शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मनाई गई डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर निदेशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार के द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने डा. अंबेडकर के विचारों, उनके योगदान और उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में छात्रों ने बेहतरीन वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठी से आठवीं वर्ग समूह में न्यूटन हाउस की देवांशी अग्रवाल प्रथम, रमन हाउस की अंकिता कुमार द्वितीय एवं न्यूटन हाउस की समृद्धि सेठ तृतीय स्थान पर रही। वहीं वर्ग नवमी से बारहवीं वर्ग समूह में न्यूटन हाउस के हर्षवीर रीतान्भर प्रथम, आइंस्टीन हाउस के शिवम् सलूजा एवं भाभा हाउस की सुहाना गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। वहीं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है, हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर शिक्षा, मेहनत और आत्मसम्मान को अपना मूलमंत्र बनाएं। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और शिक्षा के प्रेरणाश्रोत भी हैं। हमें उनके विचारों से सीख लेकर एक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज की ओर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पूरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल ने जयंती पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंबेडकर को किया याद



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर को याद किया गया। उनकी जयंती पर स्कूल में स्पेशल टीम पर असेंबली आयोजित की गई। असेंबली में स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद कुमार, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार सहित अन्य शिक्षकों और छात्रों ने अंबेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने संविधान निर्माण और देश के विकास में उनके योगदान को याद किया।

वहीं उन्होंने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। इस संविधान में हर जाति और वर्ग के लिए अधिकार निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संपूर्ण जीवन संविधान की मर्यादाओं से बंधा हुआ है। हमें अपने जीवन को संविधान की मर्यादाओं के अनुकूल जीना चाहिए। मौके पर दीपक सर्राफ, शगुफ्ता परवीन, आशुतोष गौतम, किशोर कुणाल, संजय तिवारी, सुभय कुमार, पीटीआई कुंदन कुमार राणा, राकेश पांडेय, रजनी बाला, सुनील पाठक सहित अन्य शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बैंक कर्मी की मौत

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत जामुखाड़ी में शाम 4 बजे सोमवार को सड़क हादसे में निजी बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनतारा निवासी 28 वर्षीय विवेक सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार विवेक हजारीबाग के बरही स्थित एक निजी बैंक में काम करता था और वह सोमवार को बरही से कोडरमा अपने घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज बारिश के कारण बाइक का पहिया फिसल गया और बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में विवेक का हेलमेट उछलकर दूर जा गिरा और उनका सिर डिवाइडर से टकरा गया। सिर पर लगी गंभीर चोट के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पिता राजेंद्र सिंह को सूचना दे दी गई है।

## हेरिटेज पब्लिक स्कूल में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

- समानता और शिक्षा विषय पर पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** हेरिटेज पब्लिक स्कूल में भारत के महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता, शिक्षाविद् और संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वहीं प्राचार्या मारिया मंडल सहित सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए मौन श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। सभा में विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष, शिक्षा और उनके संविधान निर्माण में दिए गए योगदान पर आधारित भाषण, कविताएं और प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। वहीं विद्यार्थियों के लिए समानता और शिक्षा विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और विचारशीलता का परिचय देते हुए पोस्टर और निबंध प्रस्तुत किए। वहीं प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की।

# बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की 134वीं जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

- बाबा साहब की जयंती मनाने की सार्थकता तब होगी जब उनके बताए पथ पर चलने का प्रयास किया जाए : मनोद दांगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड सेवा संस्थान पहलवान आश्रम भखरा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के कोषाध्यक्ष विजय कुमार व संचालन सुरेश राय ने किया। वहीं सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात बारी-बारी से कई वक्ताओं ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं गोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्था सचिव मनोज कुमार दांगी ने कहा कि बाबा साहब की जयंती और पुण्यतिथि मनाने की सार्थकता तब होगी जब उनके बताए गए पथ पर चलने का प्रयास किया जाए। बाबा साहब जिस प्रकार भेदभाव मुक्त समरस समाज की स्थापना की कल्पना संविधान में किया है, उसकी जमीन पर उतरने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। वहीं कार्यक्रम प्रभारी निर्भयकुल ने कहा कि भारत को बाबा साहब एक एक संविधान रूपी ग्रंथ दिया है जो पूरे दुनिया में सर्वमान्य है।

वहीं विजय कुमार ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिए हुए संविधान का दिन है कि देश में सुसंगठित और सुसज्जित समाज का निर्माण हो रहा है, जहां एक-एक व्यक्ति को हक एवं अधिकार मिल रहा है। मौक पर सुमंत कुमार, देवानंद राय, जोस्फीन एक्का समेत कई लोग मौजूद थे।

## बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर हैंड इन हैंड इंडिया द्वारा डोमचांच प्रखंड अंतर्गत पारहो पंचायत भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारहो पंचायत की किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना पढ़ने के साथ की गई। वहीं सहायक परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने उपस्थित किशोरियों को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही। वहीं साबिर अंसारी ने उपस्थित किशोरियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बेहतर पेंटिंग एवं ड्राइंग करने वाली प्रियंका कुमारी, गुंजन कुमारी तथा आंचल कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी बच्चियों को बेहतर शिक्षा के लिए कॉपियां एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर पार्वती कुमारी, पूनम कुमारी, कविता कुमारी, चंपा कुमारी, मोनम कुमारी, पूजा कुमारी, सपना कुमारी, खुशबू कुमारी, कूनम कुमारी, सोनम कुमारी आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

- संविधान में सभी को मिला समान अवसर : डीसी



**चतरा।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर चतरा शहर के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान उपायुक्त रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि एक महान क्रांतिकारी, विधि विशेषज्ञ और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया और ऐसा संविधान दिया जिसमें समाज के हर वर्ग, जाति और धर्म के लोगों को समान अवसर प्राप्त हैं। उन्होंने लोगों से बाबा साहब के विचारों पर चलने और सामाजिक समरसता को बनाए रखने का संकल्प लेने की अपील की। डीसी ने जिलेवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं भी दीं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद उपायुक्त घोलप ने चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते हुए उपायुक्त ने सभी का मनोबल भी बढ़ाया, जिससे छात्रावास परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला योजना पदाधिकारी मन्नू कुमार, अंचलाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर प्रखंड स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**इटखोरी।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को इटखोरी हाई स्कूल मैदान में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर युवा मंच इटखोरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, पूर्व विधायक जोगेंद्र नाथ बैठा, प्रदेश अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता और चतरा के पूर्व डीएसपी केदारनाथ राम मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और फीता काटकर की गई। इसके बाद अतिथियों को माला और फूलों के गुच्छे देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हाई स्कूल मैदान से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो इटखोरी चौक, गांधी चौक और धनखेरी होते हुए गांधी स्मारक पहुंची। वहां महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। सभी वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जीवनभर समानता, शिक्षा और न्याय की बात की। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में एकता और भाईचारा कायम रखना चाहिए। इस मौके पर बाबा साहब के साथ-साथ भगवान बुद्ध के विचारों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में सामाजिक एकता और सौहार्द का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, प्रमुख प्रिया कुमारी, धुना पंचायत मुखिया सोनी कुमारी, कोनी मुखिया रंजय भारती, समिति सदस्य उर्मिला देवी, मृत्युंजय सिंह, डॉ. दुलार शर्मा, प्रियंका वर्मा, प्रतिनिधि भरत साव, अशोक यादव, राज कुमार रजक, बाल गोविंद राम, संतोष सोनी, मुंशी रविदास, राम सुरेश रविदास, ब्यास त्रिलोकी रविदास, संदीप रविदास, बासुदेव रविदास, बिशुनदेव रविदास, सुरेश रविदास, नागेश्वर रविदास, ईश्वर रविदास, नरेश रविदास और रामा शंकर पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अंबेडकर जयंती पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**गिद्धौर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गिद्धौर प्रखंड के बारिसाखी पंचायत अंतर्गत मायाडीह गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अधिकार मित्र पवन कुमार के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, छुआछूत, बाल विवाह और डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। अधिकार मित्र पवन कुमार ने संविधान के अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 21 के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अनुच्छेद 19 नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संघ बनाने, आवागमन, निवास और व्यवसाय करने जैसे अधिकार प्रदान करता है। वहीं अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है, जिसमें सम्मान के साथ जीने और स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार भी शामिल है। शिविर में उपस्थित लोगों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी बताया गया, ताकि वे जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें।

### जपुआ में बिरहोर परिवारों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के जपुआ गांव में सोमवार को बीडीओ राहुल देव और सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा के द्वारा बिरहोर परिवारों के बीच जाति और आवासीय प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने बिरहोर परिवारों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान बिरहोर परिवारों ने गांव में पेयजल की समस्या को लेकर एक चापाकल लगाने की मांग भी रखी। गौरतलब है कि उपायुक्त के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन द्वारा लगातार कैंप लगाकर इन परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। पहले भी यहां कैंप लगाकर कई बिरहोर परिवारों के आधार कार्ड बनाए गए थे। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बताया कि जपुआ गांव के 110 बिरहोर परिवारों को प्रमाण पत्र दिए गए हैं। जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी।

### टंडवा में प्रखंड स्तरीय अंबेडकर जयंती समारोह मना

- हर एक इंसान के पास संविधान का किताब हो : एसडीएम



**टंडवा (चतरा)।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रखंड स्तरीय 134वीं जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष दास एवं संचालन सुबेश से राम ने किया। कार्यक्रम की शुभारंभ विधिवत फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित के पश्चात बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यर्पण कर किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया एसडीएम सनी राज एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव जिप सदस्य सुभाष यादव व्यवसायिक संघ के जिला अध्यक्ष विकास गुप्ता भाजपा नेता मिथिलेश गुप्ता मुखिया प्रतिनिधि मोइन अंसारी समेत अन्य मौजूद हुए। इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने बाबा साहब की जीवनी पर बारी-बारी से प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि एसडीएम सनी राज ने बाबा साहब के संघर्षशील जीवन एवं सामाजिक उत्थान को लेकर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि अभी के समय में हर एक इंसान के पास संविधान का किताब होना चाहिए। आज के युवा पीढ़ी को शिक्षा में विशेष ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि बाबा साहब ने शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दिए तभी आज वह ज्ञानी महापुरुष के रूप में जाने जाते हैं, और उनकी विचारधारा पर आज समाज में छुआछूत की भावना दूर हुई एवं दबे-कुचले को आगे बढ़ने का अधिकार मिला। इस प्रकार से अन्य बिंदुओं पर विशेष प्रकाश डालकर मौजूद लोगों एवं छात्र-छात्राओं में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामोतार राम, प्रयाग दास, रबिन्द्र दास, अमीरका राम, अनिल राम, मुकेश दास, पिंटू दास समेत अन्य ने अहम भूमिका निभायी।

### कुंदा में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के गोलंबर के पास सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व कुंदा पंचायत के मुखिया मनोज कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर धूप-अगरबत्ती जलाकर और माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और प्रबुद्धजन शामिल हुए और बारी-बारी से बाबा साहेब को नमन किया। मुखिया मनोज कुमार साहू ने कहा कि बाबा साहेब न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने ऐसे संविधान की रचना की जिसने समाज में भेदभाव और ऊंच-नीच जैसी कुरीतियों को समाप्त करने की राह दिखाई। कार्यक्रम में समाजसेवी लवकुश कुमार गुप्ता, सिकिदग पंचायत मुखिया पति अखिलेश प्रसाद यादव, प्रमोद कुमार गुप्ता, अनुज कुमार साहू, रवि कुमार वर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, विजय साव, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुरेंद्र कुमार ठाकुर, गहन भोक्ता और महेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## चुना शाह बाबा का 56वां उर्स शरीफ 17 से

जमशेदपुर। जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित हजरत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चुना शाह बाबा का 56वां सालाना उर्स शरीफ 17 अप्रैल से शुरू हो रहा है। गद्दी नशीन ताज अहमद साहब और सरपरस्त हिदायतुल्लाह खान की देखरेख में आयोजित इस उर्स में कुरआन ख्वानी, तकरीर, चादरपोशी, कव्वाली और लंगर जैसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जानकारी देते हुए दरगाह कमिटी, चुना शाह बाबा, बिष्टुपुर, जमशेदपुर के जनरल सेक्रेटरी हाजी एस एम कुतुबुद्दीन ने बताया कि हर साल सववाल की 18 तारीख (हिजरी) से उर्स मुबारक की शुरूआत कुरान ख्वानी से शुरू होती है। बताया 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे कुरान ख्वानी होगी। 18 अप्रैल को नमाज ए ईशा बाद उलमा ए कराम सोहरा ए कराम नातख्वानी और तकरीर पेश करेंगे जिसमे मुख्य वक्ता कोलकाता के मौलाना जहीर वारसी मिस्बाही साहब होंगे। 19 अप्रैल को 10 बजे सुबह से चादर व संदल गस्त, 1:20 में चादर पोशी, 2 बजे दिन से लंगर वितरण और रात 9 बजे महफिले शमा (कव्वाली) का आयोजन होगा, जबकि 20 अप्रैल को लंगर और कव्वाली की महफिल सजाई जाएगी। 21 अप्रैल को रात 9 बजे से भव्य महफिल-ए-शाम का आयोजन होगा जिसमें गुजरात से साहिल अली साबरी कव्वाल पार्टी और बिहार के नवादा से जानी वारसी कव्वाल पार्टी अपनी प्रस्तुतियों से महफिल को रौशन करेंगे।

## आशियाना आदित्य सोसाइटी में समानांतर समिति के गठन का लगा आरोप



जमशेदपुर। आशियाना आदित्य रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार नागेलिया और सचिव आलोक चौधरी ने प्रेस रिलीज के माध्यम से आरोप लगाया है कि 13 अप्रैल को आशियाना आदित्य सोसाइटी प्रांगण में अवैध एवं अनैतिक ढंग से मीटिंग बुला कर समानांतर अंतरिम समिति के गठन का प्रयास किया गया। यहां जारी बयान में कहा गया कि आशियाना आदित्य परिसर में अवैध एवं अनैतिक ढ़ंग से मीटिंग बुलाकर समानांतर अंतरिम समिति के गठन का प्रयास किया गया। आशियाना आदित्य सोसाइटी में रेरा नियमों के अंतर्गत प्रमोटर द्वारा अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए पहले ही एक अंतरिम समिति का गठन किया जा चुका है जिसका पंजीकरण दस्तावेज रजिस्ट्रेशन ऑफिस में लंबित है। आशियाना आदित्य परिसर में एक मीटिंग बुला कर 450 फ्लैट ऑनर्स में से 50- 60 फ्लैट ऑनर्स ने कुछ लोगों के बहकावे में आकर एक समानांतर अंतरिम समिति के गठन का प्रयास किया जो पूर्ण रूप से अवैध एवं गैरकानूनी है। सभी आशियाना आदित्य के निवासियों को सूचित किया जाता है कि यह एक वैध रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन है जो आशियाना आदित्य रेजिडेंट मेंटेंस सेल्फ सपोर्टिंग को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के अंतर्गत सुचारू रूप से कार्य कर रही है। सोसाइटी के कुछ फ्लैट ऑनर्स के द्वारा भ्रामक रूप से बिना दिशा निर्देशों का पालन किए हुए अनधिकृत रूप से जो एक समानांतर समिति का गठन किया गया है वह गैरकानूनी है।

## परशुराम जन्मोत्सव 29 को, पूर्व संध्या पर संघ निकालेगा शोभा यात्रा



जमशेदपुर। ब्राह्मण युवा शक्ति संघ की बैठक कैरेज क्लोनी कमलेश दुबे के आवास पर सम्पन्न हुई, बैठक की शुभआरम्भ करते हुए संघ के संस्थापक सदस्य पंडित सुनील शर्मा ने बताया ब्राह्मण युवा शक्ति संघ लगातारा 2016 से शोभा यात्रा निकालते रही हैं। हांलांकि कोविड काल के समय बिभिन्न मंदिर मे पूजा अर्चना कर या ऑनलाइम जूम ऐप के माध्यम से भी संघ ने परशुराम जन्मोत्सस्व को मनाया है। इस वर्ष भी संघ ने निर्णय लिया है की 29 अप्रैल को मानगो बड़ा हनुमान मंदिर से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व संध्या पर शोभा यात्रा निकलेगी जो साकची शीतला माता मंदिर पर भगवान श्री परशुराम जी के 21 फिट प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर आरती का आयोजन होगा और प्रसाद वितरण कर समापन किया जायेगा। बैठक मे जुगसलाई से आये पंडित ने इस पुनीत कार्य मे दायित्व लेते हुए 500 ब्राह्मणो के सांग शोभा यात्रा मे शामिल होने का संकल्प लिया है इसकी पूरी तैयारी हेतु जगह जगह बैठक करने और ब्राह्मण परिवार को एकत्रित करने का कार्य संघ को करना होगा जिसे सभी ने स्वीकार करते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया। अप्पू तिवारी ने बताया की संघ द्वारा जल्द ही एक संयोजक मंडली का निर्माण कर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर सभी को एकजुट करने का प्रयास करेंगी। साथ ही यह भी कहा की जो भी भगवान श्री परशुराम को मानने वाले या उन्हें समझने वाले है जिनकी आस्था उनके प्रति है उन्हें भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक मे महेन्द्र पांडेय, कमलेश दुबे, कैलाश शर्मा, अशोक शाश्वत, नितिन झा, अशोक उपाध्याय, निर्मल दीक्षित, संतोष जोशी अप्पू तिवारी, चंदन उपाध्याय, पवन उपाध्यय, ललन झा, अरुण आदि मौजूद रहे।

# मातु भिक्षाम देहि..... भिक्षाम देहि से गूंजा अमल संघ मैदान

### ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर का 7वां सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न, संस्कार एवं संस्कृति की रक्षा करने के लिए उपनयन जरूरी : आचार्य रंगेश शर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो





उपनयन संस्कार के पश्चात अपनी माता से भिक्षा ग्रहण करते बाल सन्यासी रुपी बटुक।



**जमशेदपुर।** पैरों में खड़ाऊ, हाथ में भिक्षा पात्र, पिताम्बर वस्त्र धारण कर 10 बटुकों ने अपने उपनयन संस्कार के पश्चात अपने गुरुओं के लिए भिक्षा मांगते हुए अपनी-अपनी माता के पश्चात पहुंचे, और कहा... मातु भिक्षाम देहि, भिक्षाम देहि। अपने कलेजे के टुकड़ों को बाल संन्यासी के भेष में देख माताओं की आंखें नम हो गईं, और उन्होंने उपनयन संस्कार की परम्परा के अनुसार अपने बेटों के भिक्षा पात्र को भर दिया। इसी के साथ अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा, जमशेदपुर में ब्रम्हर्षि विकास मंच के तत्वावधान में चल रहे 7वें सामूहिक उपनयन संस्कार सोमवार को हुलासगंज के आचार्य रंगेश शर्मा एवं उनकी 5 सदस्यीय आचार्य के द्वारा पूरी वैदिक रीति रिवाज के अनुसार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम में स्वस्तिवाचन, मंडप पूजन, धृतधारी, देवपूजन, चौलकर्म मुंडन, उपनयन संस्कार, वेदारंभ, अभिषेक, आशीर्वाद आदि विधियां पूरी की गईं। पूरे संस्कार के दौरान महिलाओं द्वारा पारंपरिक गीत से पूरे क्षेत्र का माहौल पारिवारिक बन गया था। मुंडन के उपरांत सभी बटुक गेरूआ वस्त्र धारण कर अपने कंधे पर भिछाटन के पात्र लिए अपने रिश्तेदारों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के समक्ष भिंक्षाम देही , भिक्षांम देही के शब्दों का उच्चारण करते हुए आगे बढ़ रहे थे। तब सभी महिलाएं पारंपरिक भोजपुरी गीत गाकर उनके स्वागत के लिए आतुर थीं। कार्यक्रम के दौरान शहर के कई विशिष्ट अतिथियों ने शिरकत की। सभी ने इस प्रकार के कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में आवंडर से दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। सभी बरूआ के परिवार इस आयोजन में अपने बच्चों का उपनयन कराकर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। मंचाशीन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के प्रसिद्ध समाजसेवी रामाधार सिंह, श्री ब्रह्मर्षि विकास मंच सरायकेला-खरसावां के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा, ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय, महासचिव योगेन्द्र मौआर, समाजसेवी सुधीर कुमार सिंह, उपस्थित थे। मंच संचालन विनोद शुक्ला ने किया। इसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित एवं स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित की। मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय एवं महासचिव योगेन्द्र मौआर ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत कमिटी के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। आचार्य रंगेश जी महाराज ने कहा कि संस्कार एवं संस्कृति की रक्षा करने के लिए उपनयन जरूरी है। हमें अपने संस्कार को बरकरार रखने की आवश्यकता है। तभी हम अपने देश की विरासत को बचाएं रख सकते हैं। अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज को सकारात्मक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधीर कुमार, विजय नारायण, कृष्णकांत, गोपाल सिंह, मुकेश, चंदन कुमार, बिरेन्द, संजय राय, कामेश्वर तिवारी, झूलन ठाकुर, डॉ अनिल सिंह, रवीन्द्र, अशोक, कुंदन, राजेश शर्मा, मनोज ठाकुर, श्री राम ठाकुर, कृष्णनंदन सिंह, संजय सिंह, मुकेश शर्मा, अमरेन्द्र की भूमिका रही।

# 10 नंबर बस्ती क्षेत्र में आज से मिलेगा टाटा का पानी

खबर मन्त्र ब्यूरो



10 नंबर बस्ती में सुरक्षित जलापूर्ति के लिए बना नया वाटर टैंक।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील लिमिटेड सेवा क्षेत्रों में सभी बस्तियों और असेवित क्षेत्रों में पाइप से जलापूर्ति बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, टाटा स्टील यूआईएसएल ने आज से 10 नंबर बस्ती में जलापूर्ति शुरू करने जा रहा है। यह निवासियों को टाउन वाटर सिस्टम से पाइप से पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शुखिया रोड, सिंधु रोड और पद्मा रोड पर नए जल नेटवर्क सफलतापूर्वक बिछाए गए हैं, जो पूरे 10 नंबर बस्ती क्षेत्र को कवर करते हैं। लगभग 1000 घरों की सेवा के लिए डिजाइन किया गया, यह नेटवर्क शुरूआत में 109 घरों को जोड़ेगा, जहां नए जल कनेक्शन की औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। टाटा स्टील यूआईएसएल सक्रिय रूप से अधिक से अधिक घरों को आगे आने, कनेक्शन के लिए आवेदन करने और पेयजल की बेहतर गुणवत्ता से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अब तक, लगभग 150 निवासियों ने आवेदन पत्र जमा किए हैं, जो सेवा में बढ़ती रुचि को दशार्ता है। यह पहल टाटा स्टील यूआईएसएल के सतत शहरी विकास के व्यापक दृष्टिकोण और बेहतर बुनियादी ढांचे और सेवाओं के माध्यम से समुदायों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है।

आज से जलापूर्ति शुरू होने के साथ, 10 नंबर बस्ती के शेष निवासियों को गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पानी का कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## भाजपा ने सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई बाबा साहब की जयंती





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। सोमवार को भाजपा जमशेदपुर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष परेश मुखी के नेतृत्व में सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कार्यकर्ताओं ने साकची पुराना कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकची जिला कार्यालय से पुराना कोर्ट मोड़ तक पैदल मार्च करते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाए। इससे पहले, साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस दौरान मौजूद कार्यकताओं ने बाबा साहब के बताये सामाजिक समानता के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद विद्युत महतो ने कहा कि डॉआंबेडकर ने देश से भेदभाव और असमानता को दूर किया।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने नेता जी के कारनामों को किया याद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** देश के वास्तविक इतिहास से इतिहासकारों ने आम जनता को दूर रखा। इस लिये तो नेता जी सुभाष चंद्र बोष के स्वतंत्रता की लड़ाई में दिये गए साहसिक योगदान कभी नही बताया गया। मगर सच्चाई धीरे धीरे सामने आने लगा और 14 अप्रैल 1944 को मोइरंग की आजादी को लोग जानने लगे हैं। परिषद के वार्षिक कार्यक्रम में यह कार्यक्रम पहले से ही शुमार था और हर वर्ष पूरे भारत से 50 ऑफिसर और जवान मोइरंग जाकर वहां कार्यक्रम करते आ रहे हैं। 2018 में मैं (सुशील कुमार सिंह) स्वयं अपने सहयोगी हवलदार रमेश सिंह और जे डब्लू ओ ललन प्रताप सिंह के साथ पहली बार मोइरंग गए और वहां के राजकीय प्रोग्राम में शामिल हुए। मौके पर राजीव रंजन डॉ कमल शुक्ला दिनेश सिंह प्रमोद कुमार अनिल झा, सतनाम सिंह उपेंद्र सिंह अशोक श्रीवास्तव, राजेश कुमार राजीव रंजन आदि शामिल हुए।

## समानता व न्याय के प्रतीक थे बाबा साहेब : काले

अंबेडकर जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



बाबा साहेब की जयंती पर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अमरप्रीत सिंह काले। साथ में जन सेवक समिति के चंद्रशेखर सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** भारत रत्न श्रद्धेय डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। एग्रिको स्थित टाटा स्टील क्लब हाउस में अभ्युदय, सेवा भारती, क्रीड़ा भारती एवं पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में श्री काले ने विशेष रूप से भाग लिया। शिविर में कुल 75 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। यह शिविर डॉ अंबेडकर जयंती एवं मोइरंग दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। इसके अतिरिक्त, भालूबासा स्थित मुखी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके क्रांतिकारी विचारों तथा संविधान निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर काले ने कहा, डॉ अंबेडकर का जीवन दर्शन आज भी सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में हमें दिशा दिखाता है। उनके विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु समिति को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों को स्मरण करते हुए इस प्रकार की जनसेवा से जुड़ी पहल और भी प्रेरणास्पद बन जाती है।

## भोजपुरिभाषियों ने सामूहिक सत्तू खाकर मनाया सत्तुवान

खबर मन्त्र ब्यूरो



सतुआन में उपस्थित साहित्यकार अरविंद विद्रोही, टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व अन्य।

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में सोमवार को जमशेदपुर भोजपुरिया समाज की ओर से लोक संस्कृति का महान पर्व सत्तुवान चना, मकई एवं जौ का सत्तू, आम के टीकोढा की चटनी, धनियापति, पुदीना की चटनी, आम का आचार, गुड़, प्याज, हरा मिर्चा इत्यादि सामूहिक रूप से सेवन कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष टुन्नू चौधरी एवं झारखण्ड भा ज पा प्रदेश के वरीय नेता शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोजपुरी समाज के धरोहर व सिंहभूम जिला भोजपुरी साहित्य परिषद के अध्यक्ष साहित्यकार अरबिंद विद्रोही ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सत्तुवान भोजपुरी संस्कृति की काल बोधक पर्व है, हिन्दू पतरा में सौर मास के हिसाब से सूरज जब कर्क रेखा से दक्षिण की जाते है तभी ये महान सत्तुवान पर्व मनाया जाता है। भोजपुरिया समाज आज के दिन नदी में स्नान, पूजा के बाद जौ के सत्तू,कच्चा आम के टिकोरा, गुड़ गरीब असहाय को दान, ईस्ट देवता, ब्रह्म बाबा आदि को चढ़ा कर प्रसाद के रूप में नया अन्न को ग्रहण किया जाता है। यह सत्तुवान पर्व संस्कृति के सचेतना, मानव जीवन मे उल्लास एवं सामाजिक सदभाव व प्रेम प्रदान करता है। इस सत्तुवानी पर्व में भोजपुरी समाज के महामंत्री प्रदीप सिंह भोजपुरिया, यमुना तिवारी हर्षित, मसूद खान, उदय प्रताप हयात, शशि भूषण मिश्रा, कौशलेश कुमार, राजेश पांडेय, सुशील कुमार शर्मा, राजेश भोजपुरिया, डॉ अजय किशोर चौबे, जगदीश मिश्रा, विजय किशोर चौबे, बलविंदर सिंह, अनिल गिरि, सुनील दुबे, जितेश तिवारी, बिमल जी, पी सी पांडेय, श्याम सुंदर पांडेय, संजय प्रसाद, पप्पू कुमार सिंह, विवेक सिंह बबुवान, अरुण दुबे आदि उपस्थित थे।

## सनातन उत्सव समिति ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि

**जमशेदपुर।** सनातन उत्सव समिति के द्वारा सोमवार को संविधान के रचईता सह निमार्ता बाबा भीम राव अम्बेडकर के जयंती पर पूराना कोर्ट के समीप बाबा भीम चौक पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रधांजलि अर्पित किया। उक्त अवसर पर समिति के संस्थापक वीर सिंह ने कहा की वर्तमान परिवेश मे बाबा भीम राव जी के सपनो को संजोये रखने और उनके आदर्शो को आत्मासात करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। माल्यार्पण कार्यक्रम मे मुख्य रूप से चिंटू सिंह, अप्पू तिवारी, कुलदीप सिंह, ललित सिंह, राहुल दुर्गे, प्रतीक दिनकर, रोहित कुमार, साहिल समेत अन्य मौजुद रहे।

# टाटा स्टील ने मनाया राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस

>> 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस पर झंडोत्तोलन करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने कर्तव्य का निर्वाह करने के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। टाटा स्टील 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सभी इकाइयों में राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह भी मनाएगी। इस दौरान कर्मचारियों, वेंडर पार्टनर्स, ठेकेदारों, स्कूली छात्रों एवं समुदाय के बीच अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजित उद्घाटन समारोह में चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील मुख्य अतिथि के रूप में फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज, जमशेदपुर में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ विनिता सिंह, जनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील, अरविंद कुमार सिन्हा, चीफ सिक्योरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन तथा शहनवाज खान, यूनियन कमेटी के सदस्य (फायर ब्रिगेड) ने जांबाज अग्निशामकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। चाणक्य चौधरी ने समुदाय को जानलेवा स्थितियों से बचाने के लिए अग्निवीरों की साहस और निस्वार्थता की सराहना की। उन्होंने टाटा स्टील की फायर सर्विस की सराहना करते हुए कंपनी के अंदर और बाहर अग्नि संबंधित आपात स्थितियों के प्रबंधन में उनकी दक्षता की प्रशंसा की। उन्होंने टाटा स्टील फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज, जमशेदपुर में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए उच्चस्तरीय अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता की सराहना की। आग की रोकथाम को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए, उन्होंने टीम से शॉप-फ्लोर पर नियमित फायर ऑडिट्स करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने फायर एंड रेस्क्यू टीम को सप्ताहभर की गतिविधियों को पूरी निष्ठा के साथ सम्पन्न करने की सलाह दी, ताकि शॉप-फ्लोर और समुदायों में आग सुरक्षा के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाई जा सके। उन्होंने अग्निशमन वाहन को भी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## एक नजर में

### डॉ अंबेडकर की स्मृति में निकाली बाइक रैली



जमशेदपुर। हर साल की भांति इस साल भी सोमवार को सामाजिक संस्था डॉ अम्बेडकर एसी एसटी ओबीसी मानॉरिटी वेफेयर समिति के बैनर तले भारत रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर के 134वी जयंती के मौके पर मोटरसाइकिल रैली अम्बेडकर शोभा यात्रा का शुभारंभ एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से हुआ। रैली शहर के विभिन्न क्षेत्र से आये अम्बेडकरवादी एकजुट होकर गोलमुरी दुसाध भवन में स्थित बाबा साहेब के मूर्ति पर माल्यार्पण कर आगे बढ़ी। रैली मे एक ट्रक पर झांकी के रूप मे बाबा साहेब के अनुयाई सुग्रीव मुखी डॉ अम्बेडकर बनकर चल रहे थे। उनके पीछे पीछे लोगो जय भीम का नारा लगाते हुए मोटर साईकिल रैली एग्रीको लाइट सिग्नल से भालूबासा चौक कुम्हारपाड़ा बाराद्वारी रामलीला मैदान साकची बिरसा चौक जुबली बंगाल क्लब जुबली पार्क रोड उपायुक्त एवं एस एस पी कार्यालय होता हुआ अम्बेडकर चौक पुराना किताब दुकान के पास बाबा साहेब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंचा। यहां पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माझल्यापर्ण के पश्चात रैली जन सभा मे तब्दील होगया। इस मौके पर विभिन्न दलित आदिवासी मुलवासी समाज के अगुओ के साथ टाटा स्टील फाउंडेशन के पदाधिकारी अभिषेक मुखी को नीला गमछा एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया । उपस्थित सभी लोगो ने बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के विचारों को जन जन पहुंचने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का अध्यक्षता अध्यक्ष सोनाराम बोदरा मंच संचालन महासचिव रविंद्र प्रसाद ने और अंत मे धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता शम्भु मुखी डूंगरी ने दिया।

### भारत आदिवासी पार्टी ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। भारत आदिवासी पार्टी की ओर से डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर साकची पुराना कोर्ट स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन ने कहा कि शिक्षा से ही समाज को परिवर्तन की जा सकती है।सबको एक समान शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान से ही एक समतामूलक समाज का निर्माण हो सकती है।अब समय आ गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कार्तिक मुखी, भोगान हेम्ब्रम, विकास कुमार, नीलू हेम्ब्रम, दुलारी टुडू, रीता हेम्ब्रम, रितेश हेम्ब्रम उपस्थित थे।

### महार समाज ने बाबा साहब को याद किया



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में महार समाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोनारी के नया लाइन स्थित सरदार अखाड़ा के समीप आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने डॉ आंबेडकर के विचारों को याद करते हुए सामाजिक समरसता और संविधानिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ आंबेडकर का जीवन संघर्ष और समर्पण की मिसाल है, और उनका सपना एक समतामूलक समाज की स्थापना था।

### सपा ने बाबा साहब को किया नमन




जमशेदपुर। साकची ओल्ड कोर्ट गोलचक्कर पर युवजन सभा के शुभम सिन्हा के नेतृत्व में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। बाबा साहेब के विचारों पर रोशनी डालते हुए युवा सपा के प्रदेश महासचिव शुभम सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब ने कुल 32 डिग्रीयां लिए एवं 9 भाषा के ज्ञानी बने, उनकी कलम ने सदेव दबे, कुचले और वंचित वर्ग को समानता देने का काम किया हैं । इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रदेश महिला सभा अध्यक्ष तानिया बासु, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष अजीत यादव,कमल शर्मा, बिल्किस खातून,श्वेता शर्मा,राकेश शर्मा, सतीश सिन्हा,मनोज प्रसाद, आकाश लाल, सूरज अग्रवाल, श्याम लाल दस, सोमनाथ बसु, गिरिजेश सिंह, सुमन चंद्रवंशी एवं अन्य मौजूद रहे।

### पासी समाज ने बाबा साहेब की जयंती मनायी



जमशेदपुर। पासी समाज कोल्हान प्रमंडल समिति की ओर से सोमवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 134 सी जयंती, समाज के मुख्य कार्यालय में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि श्री संजीव कुमार उपस्थित थे। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव ने जो हमें मूल मंत्र दिया था शिक्षित बनो, संगठित रहोऔर संघर्ष करो, इस पर हमें अमल करने की जरूरत है आज के परिपेक्ष में। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्री कंचन लाल कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार सरोज जी रामबाबू वर्मा जी हरबंस कुमार जी सचिन देवनाथ जी शंकर प्रसाद सुनील कुमार हरिराम आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों को नीला शॉल ओढ़ा कर एवं संविधान की प्रति देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित बच्चों के बीच पाठ सामग्री का वितरण भी किया गया। धन्यवाद ज्ञापन रामबाबू वर्मा ने किया।

### नारायण आइटीआई में याद किए गये डॉ अंबेडकर



जमशेदपुर। नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में डॉ बाबासाहब आम्बेडकर की जयंती मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे जी ने कहा कि लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ताओं में से एक थे। आम्बेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। सन 1990 में, उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था। 14 अप्रैल को उनका जन्म दिवस आम्बेडकर जयंती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जाता है।

## स्पीड न्यूज

### बचदोहर में मनी बाबा साहेब की जयंती



**पांकी पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के पांकी प्रखंड के ग्राम बचदोहर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि अंबेडकर के आदर्शों को अपनाकर ही देश व समाज में समता मूलक स्थापित की जा सकती है। मौके पर सरोज चटर्जी, बच्चन ठाकुर, लाला यादव, राजेन्द्र यादव, ललित मेहता, विनेस राम, शंभू कुमार, गोल्डन कुमार, पिंटू कुमार, विकास कुमार, बाबुलाल राम, चारिक राम, बंगाली मेहता मौजूद थे।

### गुरुकुलम का रिजल्ट 100% : डॉ मोबीन



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम आवासीय विद्यालय, गुरहा में वार्षिक परीक्षा परिणाम सह सम्मान समारोह मना। इसके मुख्य अतिथि धीरज शर्मा थे। उद्घाटन श्री वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित व डॉ अंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर किया। उन्होंने अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जो हमें जीवन में अमिट छाप दिला सकता है। वहीं बार्षिक परीक्षा में सबसे अच्छा अंक लाने वाले छात्र छात्राओं के बीच मेडल प्रदान किया गया और सभी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इसमें प्राचार्य मोबिनुद्दिन कुरैशी, निर्देशक जफर, बिकास बर्मा, रानी कुमारी, अनुराधा कुमारी, संतोषी तिवारी, सम्मा प्रविण, जेबा बसर, रंजना बारा भी थे।

### पुलिस ने किया दो वारंटी को गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** सदर थाना के विभिन्न कांडों में वंछित दो अजमानतीय वारंटी को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसमें विनोद उरांव पिता नंददेव उरांव ग्राम चियांकी महादेवमाड़ा थाना सदर जिला पलामू व दीपक पांडे पिता स्व शशिभूषण पांडे ग्राम बड़कागांव थाना सदर का नाम शामिल है।

### रील बना रहे तीन बाइक सवार घायल



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के निमिया में बाइक सवार तीन लोग रील बनाने के क्रम में एक पेड़ में जाकर धक्का मार दिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें दो की हालत गंभीर है।

### 100 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरित




**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां पीपल चौक के समीप बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। रविंद्र पासवान ने बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर उसे शिक्षा की अहमियत को बताया गया। समाजसेवी ने बताया कि मनुष्य के जीवन में शिक्षा का होना निहायत जरूरी है। मौके पर कामता पासवान, मतिया देवी, गुड़िया देवी, मनुमति देवी, सुलेखा देवी, गायत्री देवी, कमलेश राम, अशोक साव, विकास पासवान, शिवपूजन, प्रदीप, विजय राम, महेंद्र राम, लवकुश, रवि पासवान, राजू भी थे।

### प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अरुण शर्मा का निधन



**तरहसी पलामू।** क्षेत्र के जाने-माने चिकित्सक और माता धनेश्वरी हॉस्पिटल के संचालक डॉ अरुण शर्मा का सोमवार दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया। वे कई महीनों से कैंसर से जूझ रहे थे। डॉ शर्मा अपनी सेवाभावी प्रवृत्ति और समर्पण के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से चिकित्सा जगत और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी है। वे अपने पीछे दो बड़े भाइयों, एक समर्पित परिवार और हजारों मरीजों की यादें छोड़ गये हैं, जिनके जीवन में उन्होंने अमूल्य योगदान दिया। अंतिम संस्कार शाम 4 बजे सेवती डैम स्थित श्मशान घाट पर किया गया। तीन माह पूर्व उनके इकलौते बेटे सह दांत के चिकित्सक की बाइक दुर्घटना में मौत हो गयी थी।

### अंबेडकर जयंती पर बसपा ने निकाला जुलूस



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनी। बसपा के बैनर तले झांकी तथा छोटे बड़े वाहनों से जुलूस निकाली गयी। जुलूस की शुरुआत सरसोत स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर की गयी। जुलूस में ढकचा, सलैया, सरसोत, सुल्तानी, ढाब, सेमरवार कटैया आदि गांवों से सैकड़ों बाईक के साथ शामिल हुए। पूर्व विधायक सह बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि वंचित वर्गों के उत्थान के लिए डॉ भीमराव अंबेडकर ने जो कार्य किया है। वो आज भी प्रेरणादायक है। जुलूस में बसपा नेता प्रमोद रवि, पूर्व जिप सदस्य आशा कुमारी, मुखिया जितेंद्र पासवान, प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, सनोज गुप्ता, रंजीत वर्मा, राणा पासवान, श्याम सुंदर देहाती, डॉ मनोज कुमार शामिल थे।

### बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की जयंती मनी



**मोहम्मदगंज।** बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को रविवारीय बाजार प्रांगण में स्थापित उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर उनका नमन किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। जिसमें बीडीओ रणवीर कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी रामजन्म राम के अलावा रामवचन मेहता, सुमेश राम, पंचू रजवार, उपेंद्र रजक, जवाहर पासवान, मंटू दास, विनोद पासवान, बद्री राम, वकील राम, मनोज सिंह, राकेश चौरसिया, डॉ आरसी मेहता, भरदुल पासवान, नीतेश दास, रामचंद्र पासवान, सिद्धार्थ कुमार व पंकज दास सहित अन्य कई लोग शामिल थे। इस मौके पर कहा गया कि भारत के संविधान की रचना में बाबा साहेब के योगदान से देश की सामाजिक और राजनीतिक लोकतंत्र को मजबूती मिली है।

---

मौर्या फार्म हाउस में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी

# पांकी विधायक ने विकास के लिए वित्त मंत्री से किया विचार-विमर्श

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विस क्षेत्र के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में मौर्या फार्म हाउस में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। मौके पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मुख्य अतिथि वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग मंत्री राधा कृष्ण किशोर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रशेखर शुक्ला को फूल माला बुके संविधान की प्रति एवं बाबा साहब की तस्वीर और अंगवस्त्र देकर हार्दिक स्वागत किया।



वित्त मंत्री को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते पांकी विधायक व अन्य।

**खास बातें :** मौके पर पांकी विस क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए विचार विमर्श किया गया। मंत्री ने विकास कार्य में हर संभव सहयोग की बात कही। कहा कि पांकी विस क्षेत्र समेत झारखंड में विकास की रफ्तार तेज हुई है। मौके पर प्रमुख सुनील पासवान, निजी सचिव सरोज चटर्जी, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, मीडिया प्रभारी राकेश वर्मा और सोनू, निर्मल मेहता, समाजसेवी अजय पासवान, संतोष वर्मा, विरेन्द्र मेहता, कमेश यादव, ललित मेहता, महेंद्र कुशवाहा, धर्मेन्द्र मेहता, रंजय ठाकुर, परमेश्वर साव,सुधिर तिवारी, मिथलेश पासवान, बंगाली मेहता, अरविंद मेहता, दिलिप मेहता, थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

# काम नहीं लगा तो जनप्रतिनिधियों से उठेगा विश्वास : अरुणा शंकर

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर बोले- फंड की कमी नहीं होगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने चैनपुर नेउरा रोड की दुर्दशा पर दुखी मन से एक बार फिर संज्ञान लेते हुए दो दिन पूर्व सांसद बी डी राम एवं झारखंड सरकार वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से अपनी बात रखी। कहा कि जनता त्राहिमाम कर रही है कृपया इसे बनवा दें, नहीं तो जनप्रतिनिधियों से विश्वास खत्म हो जायेगा। इस पर दोनों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कहा कि चिंता न करें। नया फाइनेंशियल ईयर शुरू हो गया है। रोड का प्राक्कलन लगभग 110 करोड़ का बना हुआ है। जब फंड होगा तब उसका कार्य शुरू किया जायेगा लेकिन तत्काल अच्छे ढंग से मरम्मत की कार्रवाई 15 दिनों के अंदर शुरू करा दी जायेगी।

**सांसद ने 15 दिनों के अंदर काम शुरू कराने का दिया भरोसा**





प्रथम महापौर ने आज खुशी जाहिर करते हुए बताया दोनों माननीयो से वार्ता के बाद आज निगम के इंजीनियर 34 नंबर वार्ड पार्षद विजय प्रमुख के साथ निगम क्षेत्र तक रोड की मापी करते नजर आये जिसका कार्य निगम द्वारा कराया जायेगा। साथ ही निगम क्षेत्र के बाहर नेउरा तक का पथ निर्माण कार्य दूसरे विभाग से कराया जायेगा। प्रथम महापौर ने बताया कि सांसद ने मुझसे वादा किया है फंड की कमी होने से मैं सांसद मद से काम काम कराऊंगा जबकि वित्त मंत्री ने आश्वस्त किया है कि मेरे रहते फंड की कमी होने नहीं दी जाएगी जल्द काम शुरू होगा। प्रथम महापौर ने दोनों प्रतिनिधियों पर विश्वास करते हुए कहा कि अब जल्द उस रोड की दुर्दशा से जनता को निजात मिलेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर अब भी रोड नहीं बना तो चाहे जितना भी खर्च हो रोड की मरम्मत में निजी खर्चे से करवाऊंगी ताकि उसे रोड पर राजनीत नहीं जनता को सुविधा मिले।

# एक महान समाज सुधारक भी थे डॉ भीमराव अंबेडकर : डॉ ईश्वर

- बाबा साहब संविधान निर्माता हीं नहीं एक महान समाज सुधारक, विचारक व शिक्षा के भी प्रतीक थे : डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बाबा साहेब की जयंती के मौके पर उपस्थित भाजपा नेता।

**बिश्रामपुर पलामू।** बिश्रामपुर प्रखंड सहित नप के वार्ड 16 में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनायी गयी। मौके पर केक काट कर खुशियां मनायी गयी और बाबा साहब के जन्म दिवस के अवसर उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके अलावा भलूही, लालगढ़, उर्सुला, झगरुआ, डीहरिया, मुरमा कला सहित कई जगहों पर मनाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, नप वार्ड 16 वार्ड पार्षद पूनम देवी,समाज सेवी विजय कुमार रवि मुख्य रूप मौजूद थे। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर सीख ले। बाबा साहब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया है। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, अर्चना देवी, बबीता देवी, हरिशंकर राम, अशर्फी राम, कृष्णा राम, रामचंद्र राम, दीपक, मनोज, मोहित, संजय, निरंजन, राहुल, अनिल, बादल, मनीष, अकाश, प्रकाश, छोटू, जन्मजय, सुदामा, राजनाथ, सतेंद्र, शशिकांत कुमार उपस्थित थे।

अंबेडकर जयंती पर पांकी विधायक ने किया मधु स्मृति भवन का उद्घाटन

# गरीबों के मसीहा के रूप में याद किये जायेंगे पूर्व मंत्री स्व मधु सिंह: डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी के ग्राम कोनवाई में डॉ कृष्ण रामबाली उच्च विद्यालय कोनवाई के प्रांगण में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर और समरसता दिवस सह गरिबों के मसिहा पूर्व भू राजस्व मंत्री स्व मधु सिंह पावन स्मृति में मधु स्मृति भवन का उदघाटन पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विधिवत पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशिभूषण मेहता को गाजे बाजा व फूल माला से स्वागत किया। कार्यक्रम को



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते पांकी विधायक व अन्य।

संबोधित करते हुए पांकी विधायक ने कहा कि स्व मधु सिंह गरीबों, दलितों व शोषितों के मसीहा थे। उन्होंने कहा कि कोनवाई उच्च विद्यालय प्रांगण में मधु स्मृति भवन निर्माण किया गया है। इससे लोग काफी लाभांवित होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री मधु सिंह गरीबों के मसीहा के रूप में पांकी विस क्षेत्र में हमेशा याद किये जाते रहेंगे। उन्होंने पांकी विस क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खिंची थी जिसे पांकी विस क्षेत्र की जनता जानती है। मौके पर निजी सचिव सरोज चटर्जी, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, ललित मेहता, मिंटी वर्मा बृजदेव सिंह, लाला प्रसाद यादव भी थे।

### अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत : मनोज



**पाटन पलामू।** पलामू जिला जनता दल यूनाइटेड के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के बताए गए मार्ग पर चलने का सभी को संकल्प लेने की आवश्यकता है जिससे देश समाज और संविधान सामान्य रूप से चलता रहेगा और हम सबों की अच्छी तरक्की हो। कहा कि बाबा साहेब की लिखी गयी संविधान के तहत आज हम सभी समाज के सभी वर्ग के व्यक्तियों को उचित मान सम्मान समाज में मिलता रहता है। मौके पर पलामू जिला उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार रवि, अरुण प्रसाद, मुकेश सिंह उर्फ डब्लू सिंह, अनिल साहू आदि लोग मौजूद थे।

## किसी जात समाज की आलोचना के बजाए शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करें : घूरन राम

- डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर निकाली शोभा यात्रा, बाइक रैली भी निकाली गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर के 134 वीं जयंती पर बिश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में शोभा यात्रा निकाला गया। इसके अलावा युवाओं द्वारा मोटरसाइकल रैली भी निकाली गयी। सभी गांवों के जुलूसों का मिलन बी मोड़ चौक पर हुआ,जहां सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता वरीय समाजसेवी गोपाल राम व संचालन जिला पार्षद विजय रविदास ने किया। सभा के शुरुआत में डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये उन्हें नमन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घूरन राम



ने कहा कि बाबा साहब के अनुयायियों को किसी जात, समाज व धर्म की आलोचना के बजाए शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बाबा साहब का भी यही संदेश था कि शिक्षित बनो और अधिकार के लिये संघर्ष करो। युवा शिक्षा ग्रहण कर लेंगे तो समाज खुद बखुद मजबूत हो जायेगा।

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्म दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार को बाबा साहेब अम्बेडकर के 135 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में उनके छायाचित्र पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह के द्वारा माल्यार्पण एवं विद्यालय के अध्यापकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ ए॰ के॰ सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर समाज-सुधारक होने के साथ लेखक भी थे। छुआछूत की पीड़ा को जन्म से ही झेलने वाले बाबा साहेब ने समाज-सुधार के रूप में मसीहा की तरह काम किया।



भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक अंबेडकर जी का जीवन प्रेरणा से परिपूर्ण है। अपनी विलक्षण क्षमताओं के आधार पर उन्होंने सामाजिक असमानता को खत्म करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने समानता वाले भारत की स्थापना की। एक ऐसा देश जो ऐतिहासिक रूप से अधिकार वंचित लोगों के लिए अधिकार प्रदान करता था।

### जयंती पर अभाविप ने किया अंबेडकर को याद



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू जिला के अंतर्गत मेदिनीनगर इकाई ने संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थित अंबेडकर पार्क में माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान लिखकर भारत को एक अच्छा देश बनाया। प्रदेश कल्याण छात्रावास कार्य प्रमुख रामाशंकर पसवान ने कहा कि बाबा साहेब दलित बौद्ध आंदोलन के प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से होने वाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाये थे। मौके प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा, जीएलए कॉलेज अध्यक्ष किसलय दुबे, कॉलेज सह मंत्री सचिन उपाध्याय, सौरभ उपाध्याय, अंकित लाल, उज्ज्वल सिंह, राहुल चेरो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हरिहरगंज में जल्द खुलेगा डिग्री कॉलेज और आइटीआइः विधायक

- विधायक ने बाबा साहेब के मूर्ति का अनावरण किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ममरखा में सोमवार को बाबा साहब की जयंती मनी। मुख्य अतिथि विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने भारत-रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। कहा कि बाबा साहब ने संविधान का निर्माण कर वंचित दलित गरीबों को सत्ता में अधिकार दिया है। बाबा साहब के तीन सूत्र शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो का अनुपालन कर समाज का



समग्र विकास हो सकता है। परंतु केंद्र की भाजपा सरकार धीरे-धीरे संविधान को बदल रही है। कहा कि प्रखंड क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज स्थापना की स्वीकृति मिल गयी है। जल्द ही अंबेडकर लाइब्रेरी तथा डिग्री कॉलेज की स्थापना की जायेगी।

### पाटन प्रखंड में धूमधाम से मनी संविधान निर्माता अंबेडकर की जयंती

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनायी गयी। लोगों ने संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं पाटन प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विद्यालय के वार्डेन सुषमा कुमारी, शिक्षिकाएं एवं छात्राओं ने अंबेडकर की जयंती पर उन्हें याद किया। मौके पर वार्डेन सुषमा कुमारी ने कहा कि अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता एवं समाजिक न्याय के प्रणेता थे।

## अंबेडकर जयंती पर निकला बाइक, पिकअप-पैदल मार्च

- वित्त मंत्री ने अंबेडकर जयंती पर किया अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की घोषणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत फुलवारी के मैदान में संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बाबा साहब को मानने वाले अनुयायियों ने सभी ग्रामीण क्षेत्र से बाइक, पिकअप और पैदल मार्च करते हुए एक भव्य शोभायात्रा के रूप देकर छतरपुर का नगर भ्रमण किया उसके बाद फुलवारी के मैदान में एकत्रित होकर जनसभा के रूप में सभा की गई। इस



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री शह पाटन छतरपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू राम ने बाबा साहब के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।

### बारी गांव के अंबेडकर चौक, मानसोती, हलुमाड़ और पिपराकला में मनायी गयी अंबेडकर जयंती



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड के बारी गांव के अंबेडकर चौक,मानसोती, हलुमाड़ तथा पिपराकला में सोमवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। वहीं पीपरा में बाइक रैली निकली। इस दौरान बारी में मुखिया निरोतमा कुमारी की अध्यक्षता में डॉ अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया और केक काट कर उनकी प्रतिमा पर फूल माला अर्पित की गयी। इस दौरान जेकेएलएम केशव प्रधान शत्रुधन शत्रु, मुखिया संघ अध्यक्ष गिरवर राम, सरपंच जुबेर खान, विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, युगल किशोर राम, आशीष सिन्हा व कई अन्य उपस्थित थे।

डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी

# डॉ अंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापित कर हुआ रंगारंग दुगोला कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातू (पलामू)।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती पर युवा अंबेडकर क्लब जसपुर धरतीथान रजडेरवा मनातू ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण पर भव्य दुगोला कार्यक्रम किया। जिसकी अध्यक्षता मुकेश कुमार उर्फ छोटू रवि तथा संचालन अशोक अंबेडकर ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार प्रदेश सचिव (झारखंड) वीरेंद्र सिंह यादव



फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि।

तथा विशिष्ट अतिथि मनातू प्रखंड जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला, मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष अंतु यादव, भाजपा युवा मोर्चा अमरेश रंजन, मझौली पंचायत मुखिया पति उमेश प्रसाद साहू, समाजसेवी पंकज पासवान, भूमिदाता भगवान सिंह व कार्यक्रम के संरक्षक सोहराई राम, समाजसेवी रोशन यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने को लेकर कई सालों से विचार विमर्श किया गया था लेकिन सही जगह पर जमीन का व्यवस्था नहीं हो पा रही थी परंतु कुसड़ी निवासी भगवान सिंह ने ग्राम धरतीथान उनके जमीन होने की ग्रामीणों को सूचना थी और मूर्ति को स्थापित के लिए जमीन इन्होंने उपलब्ध कराया।

**खास बातें :** ग्रामीणों ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण करना गौरव की बात है। साथ ही कमेटी ने भूमिदाता को जमीन प्रदान करने के लिए बधाई दी। शाम 9 बजे से संस्कृत संगीत एक से एक बढ़ चढ़कर नृत्य के साथ प्रस्तुत कवियों ने किया।

# ज्ञान निकेतन स्कूल में अंबेडकर जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रातःकालीन सभा में बच्चों को उनकी जीवनी से परिचय कराते हुए उनके संघर्षों के बारे में बताया गया। सभी वर्गों में आज शिक्षकों ने बाबा साहब की जीवनी तथा उनके द्वारा लिखित संविधान पर विशेष चर्चा भी करायी गयी ताकि संविधान के महत्व के बारे में वे विशेष जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर संविधान पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें उच्च वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। प्राचार्य मनोहर पाण्डेय ने बच्चों को बताया कि बाबा साहब जाति के आधार पर भेद-भाव के विरोधी थे तथा इसे मिटाने के लिए उन्होंने संघर्ष भी किया तथा इसके लिए उन्होंने संविधान में व्यवस्था भी की। शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल ने बताया कि



बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग।

उनके द्वारा लिखित संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेद-भाव के समान अधिकार देता है, जो देश को एक और मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक है। हम सबों को संविधान के प्रति श्रद्धा और सम्मान रखना चाहिए। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने बच्चों से कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसमें देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त है और हमें यह अधिकार संविधान से ही प्राप्त होता है।

# बाबा साहेब के रास्ते पर चलकर समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है : मंत्री

- जयंती समारोह में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत के होसिर पश्चिमी पंचायत के अंबेडकर पार्क शब्दिटांड़ में मियांबांध, बगिया टोला, शब्दिटांड़ गोरिया टोला एवं देवीपुर के रविदास समाज को ओर से भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर समारोह में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की स्थापित प्रतिमा पर पुष्प गुच्छ एवं माल्यार्पण कर नमन किया।

इस मौके पर मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने हजारों वर्षों से अंधकार में डूबे समाज को न्याय, समानता व और सम्मान का उजाला देने का काम किया है, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी एक व्यक्ति से बढ़कर एक विचार हैं, एक आंदोलन हैं। उनके विचार हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। संविधान निर्माण के दौरान उन्होंने हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म और हर समुदाय के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया। हम सभी को उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है। इसके अलावा मंत्री जी ने गोमिया बैंक मोड़ और बड़कीपुनू में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि महादेव कुमार महतो ने भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पी के रूप में उन्होंने न केवल कानून बनाए, बल्कि उस भारत की कल्पना की, जहां हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का समान अवसर मिले। आज आवश्यकता है कि हम डॉ. अंबेडकर के विचारों को केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रखें, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और कार्यों में अपनाएं।

विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, समाजसेवी देवनारायण प्रजापति व अकाशलाल सिंह, पंचायत की मुखिया पार्वती देवी और पंसस महेश रविदास ने भी शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए, बाबा साहेब के योगदान की चर्चा करते हुए डॉ. अंबेडकर को महान युगपुरुष बताया। उन्होंने कहा कि अपने जीवन काल से शिक्षा, सामाजिक क्षेत्र में सभी जाति धर्म के लोगों को अपने हक और अधिकार प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित होकर जुझारू बनने की राह बाबा साहेब की देन है, उनके तीन मूलमंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मार्ग पर चलने की जरूरत है। वहीं सभी ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इधर मंच संचालन समाजसेवी नारायण रविदास व कपिल देव रविदास ने किया।

समारोह के दौरान ग्रामीणों ने मियांबांध में स्थापित बाबा साहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहां समारोह में पाचुलाल यादव, योगेन्द्र प्रसाद, मानिकचंद रविदास, रामकिशुन रविदास, प्रो. धनंजय रविदास, राजेश्वर साव, रोहित साव, शाखा महाप्रबंधक देवानंद रविदास, जलेश्वर रविदास, भरत रविदास, हीरालाल रविदास, पूरण दास, मुरली रविदास, रीना देवी, विंदीया देवी, बासुदेव रविदास, प्रेम शंकर रविदास, पप्पू रविदास, मुकेश अंबेडकर, रामदेव रविदास, सचिन रविदास, हेमंत रविदास, सहदेव रविदास, गणेश रविदास, दिनेश रविदास, लखनाथ सिंह, सत्येन्द्र तिवारी, शिक्षक रेवतलाल रविदास एवं मदन रविदास, हीरालाल यादव, चिड़न रविदास, दिलीप यादव, विकास दास, सिकेन्द्र रविदास, विकास कुमार प्रजापति, शिवा रविदास, अनिल दास, दीपक रविदास, जितेंद्र बौद्ध, विकास रविदास, नेमीचंद रविदास सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब ऑफ बोकारो ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन का किया भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन की आधिकारिक क्लब विजिट का भव्य आयोजन किया गया, जो रोटरी के नेतृत्व सेवा और आदर्शों का उत्सव था। इस कार्यक्रम ने क्लब की सेवा भावना, समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता और रोटरी के मूल्यों को एक बार पुनः प्रतिष्ठापित किया। क्लब मीटिंग संख्या 2675 की शुरुआत रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष और रोटेरियन जतिन अग्रवाल सचिव द्वारा की गई। समारोह का संचालन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन मन्नू श्रीवास्तव ने किया। रोटेरियन शमिता मुखर्जी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन का एवं रोटेरियन स्वगतिका प्रधान ने फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचन का स्वागत किया। पुष्पाभिनंदन के दौरान रोटेरियन अलका गुप्ता ने डीजी और फर्स्ट लेडी का जहां दिल से स्वागत किया वहीं पीडीजी महेश केजरीवाल एवं रोटेरियन पुष्पा केजरीवाल को पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन संध्या राज ने सम्मानित किया।

ओएनजीसी के टी एन उन्नीकृष्णन नायर और बलबीर सिंह का रोटेरियन नरेश लोधा एवं पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन पीए जकारिया ने क्रमशः स्वागत किया। संयुक्त सचिव रोटेरियन जतिन अग्रवाल ने क्लब की सेवाओं और आगामी परियोजनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें सेवाभाव व युवा उत्क्रमण गतिविधियां और रोटरी की छवि संवर्धन अभियान पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने सामुदायिक सहभागिता की प्रमुखता को भी विस्तारपूर्वक बताया।

पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन संजय तिवारी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन का विस्तार से परिचय देते हुए रोटरी में उनके सफर व सेवाओं और प्रभावशाली नेतृत्व को उजागर किया। उन्होंने बताया कि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की प्रेरणा और नेतृत्व क्षमता समाज व क्लब के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन बिपिन चाचन ने रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के सेवा कार्यों सामुदायिक सहभागिता के कार्यक्रमों और क्लब के संगठनात्मक एकता की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने क्लब द्वारा प्रस्तावित जीवन रक्षक एम्बुलेंस परियोजना को अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता की एक दूरदर्शी और जीवनदायिनी पहल बताया। उन्होंने रोटरी के आदर्श वाक्य सेवा- स्वयं से ऊपर को केवल नारा न मानते हुए इसे जीवन का आदर्श मार्ग बताया और सभी से अनुरोध किया कि वे स्वास्थ्य व एकशिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में स्थायी और प्रभावी परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करें। धन्यवाद ज्ञापन निरुपमा सिंह ने किया।

## पेटरवार में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, 1992 बोतल डिप्लोमेट ब्रांड की शराब बरामद





**बेरमो।** बोकारो जिला के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकारो–रामगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित पेटरवार बाजार के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेटरवार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पिकअप बोलेरो वाहन संख्या जेएच05सीएच 5527 को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में नारियल के बोरे के नीचे छिपाकर रखी गई डिप्लोमेट ब्रांड की अवैध शराब पाई गई। कुल 166 कार्टून में 750 एमएल की 1992 बोतलें बरामद की गईं। जिसका बाजार मूल्य लगभग चार लाख रुपए बताया जा रहा है। मौके से वाहन चालक अमिया चरण खुटिया का पुत्र बबलू खुटिया को गिरफ्तार किया गया, जो पूर्वी सिंहभूम जिले के बिरसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारीडीह गांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि बबलू खुटिया इसके पहले भी शराब तस्करी के मामले पर जेल जा चुका है। पूछताछ के दौरान बबलू ने बताया कि उक्त शराब बोकारो के बालिडीह स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप से लोड कर सरायकेला जिले के चौका ले जाई जा रही थी। चालक ने यह भी खुलासा किया कि उसे यह डिलीवरी जमशेदपुर के मानगो निवासी शंकर गोराई के निर्देश पर दी गई थी। मामले पर महेशपुर निवासी प्रदीप मंडल और कुंडोरी निवासी राजा बाबू की संलिप्तता सामने आई है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी राजु मुण्डा, पुअनि दुर्गाचरण मुर्मू, रामअवतार यादव शामिल थे।

## भाजपा कार्यालय में अंबेडकर जयंती मनायी गयी



**बेरमो।** सोमवार को पुराना वीडियो ऑफिस के पास भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के प्रांगण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती एससी मोर्चा के अध्यक्ष चंदन राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष जगन्नाथ राम, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, मंडल महामंत्री रमेश स्वर्णकार, टुनटुन तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष नवल सिंह जीओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष श्रीकांत, शिवलाल रवि, वार्ड पार्षद दिनेश रवि, मंडल के मंत्री अशोक रवि, बबलू सिंह, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष वैभव चौरसिया, वार्ड पार्षद भरत वर्मा, अभिषेक सिंह, लालमोहन महतो, अनिल गुप्ता, एससी मोर्चा के जिला मंत्री रामू तांती, एसपी शर्मा, श्याम मंडल, मूलचंद खुराना, मनोज कुमार आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीएसएल में जयंती पर बाबा साहेब को किया नमन



**बोकारो।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बीएसएल के कार्यकारी निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा, अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक माइंस विकास मनवटी, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन हरि मोहन झा, मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवा कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी लक्ष्मी दास, महाप्रबंधक सुरक्षा आलोक चावला , संचार प्रमुख मणिकांत धान, सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन शिप्रा हेमब्रम इत्यादि ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## इश इस्पात प्रा. लि. व बोकारो मेटल प्रा. लि. पर 40 लाख रुपये से ज्यादा के गबन की प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** इश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड एवं बोकारो मेटल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक/ निदेशक संजय कुमार राय एवं उनकी पत्नी सरिता देवी पर बोकारो स्टील सिटी थाना में केस नंबर 82/ 25 दिनांक 13.4.2025 के अंतर्गत बीएनएस 316(2)/318 (4) के तहत 40 लाख 25 हजार 547 रुपए के गबन का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएसएल एलएच निवासी, संस्कार ट्रेडर्स के प्रोपराइटर राकेश कुमार सिंह ने 11.4.2023 से 20.6.24 तक इश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड को 2 करोड़ 25 लाख 52 हजार 543 रुपए का लौह स्क्रैप बिक्री किया था जिसके एवज में इश इस्पात प्रा लिमिटेड ने एक करोड़ 96 लाख 8 हजार 3 सौ इक्कावन रुपये मात्र का भुगतान किया। इसके पूर्व 20 लाख रुपये का भुगतान और किया गया था। 29 लाख 44 हजार एक सौ बियानबे रुपया बकाया रखा। संजय कुमार राय एवं सरिता देवी की एक अन्य कंपनी बोकारो मेटल प्राइवेट लिमिटेड को 6 मई 2024 से 6 जून 2024 के बीच संस्कार ट्रेडर्स द्वारा 20 लाख 81 हजार तीन सौ पचपन रुपए का लौह स्क्रैप दिया गया जिसमें उन्होंने मात्र 10 लाख रुपए का भुगतान 27 जून 2024 को किया। इसमें भी उन्होंने 1081355 रुपए का बकाया रखा। विगत 27 एवं 28 मार्च 2025 को संस्कार ट्रेडर्स के प्रोपराइटर राकेश कुमार सिंह के दादाजी के निधन के बाद एवं वित्तीय वर्ष की आंकड़ों की प्रविष्टि पूरा करने को कुल बकाया 40 लाख 25 हजार पांच सौ सैंतालीस रुपए मांगने पर संजय कुमार राय एवं उनकी पत्नी सरिता देवी दोनों ने नाराजगी जताते हुए अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए बकाया राशि का भुगतान करने से इंकार किया और भविष्य में तगादा करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। नतीजतन राकेश कुमार सिंह ने बोकारो स्टील सिटी थाना में संजय कुमार राय एवं उनकी पत्नी सरिता देवी पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही अपने जान माल की रक्षा सहित दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निमित्त निवेदन किया है। इस संबंध में सेक्टर 12 थाना व पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक को भी सूचना दी गई है।

## गोड्डा में मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न



**गोड्डा।** स्थानीय अग्रसेन भवन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। जिसके चुनाव पर्यवेक्षक विजय परशुरामका और नवनित सरावगी बनाए गए थे। गोड्डा में कुल 27 मत पड़े। प्रदेश अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशियों में बसंत मित्तल और सुरेश चंद्र अग्रवाल मैदान में थे। गोड्डा में जिला अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल ने प्रथम मतदाता के रूप में शिव कुमार गाडिया को सम्मानित किया। मतदान करने में प्रदेश मंत्री प्रीतम गाडिया, प्रदीप बजाज, प्रकाश बजाज, दिलीप बजाज, शुभकरण भगत, गणेश अग्रवाल, महेश बजाज, पियूष खेमानी, किशन टेकरीवाल, राजेश टेकरीवाल, अविनाश अग्रवाल, ओमप्रकाश टेकरीवाल मौजूद थे।

## डीपीएस बोकारो में सीबीएसई की दो-दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में सीबीएसई के पटना उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त क्षमता-आधारित मूल्यांकन विषय के द्वितीय चरण के कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में विद्यालय के कुल 60 शिक्षकों ने विद्यार्थियों की योग्यता उनके कौशल और उनकी मेधाविता के प्रभावशाली मूल्यांकन के गुर सीखे। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार, रिसोर्स पर्सन जीजीपीएस व चास के प्राचार्य अभिषेक कुमार एवं एआरएस पब्लिक स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका सरिता झा ने संयुक्त रूप किया। रिसोर्स पर्सन्स का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ गंगवार ने शिक्षकों के आपसी ज्ञानार्जन एवं कौशल-संवर्द्धन की दिशा में इस प्रकार के कार्यक्रमों को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरी तरह धरातल पर उतारने में शिक्षकों की केंद्रीय भूमिका है जिसके लिए ऐसे कार्यक्रमों के जरिए उनकी क्षमता में विकास आवश्यक है। उन्होंने कार्यशाला में सीखी गई बातों का अपने दैनिक शिक्षण-कार्यों में इस्तेमाल करते हुए विद्यार्थियों को लाभान्वित कर सकारात्मक परिणाम लाने की प्रेरणा दी।

रिसोर्स पर्सन अभिषेक कुमार ने छात्र-छात्राओं की क्षमता अथवा योग्यता का आकलन करने से पूर्व उनके शारीरिक व मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को समझने पर बल दिया। समुचित मूल्यांकन के लिए उन्होंने अच्छे प्रश्नों की अनिवार्यता रेखांकित की और कहा कि अच्छे प्रश्न अच्छे शिक्षार्थी तैयार करते हैं। दूसरी रिसोर्स पर्सन सरिता झा ने कहा कि मूल्यांकन किसी भी पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को समझने में उनकी क्षमता का सही मूल्यांकन आवश्यक है। इसके लिए शिक्षक प्रश्नों को सही तरीके से तैयार करें। रिसोर्स पर्सन्स ने सवालों के अलग-अलग प्रकार अवधारणा-आधारित शिक्षण आदि पर विस्तार से चर्चा की तथा बहुवैकल्पिक प्रश्नों के चार प्रकारों झ्र आसान, जटिल, केस आधारित और कथन-कारण वाले सवालों झ्र को भी विस्तार से समझाया। दो दिन की इस कार्यशाला में सवालों को परखने और उनका मूल्यांकन करने एवं फ्री रिस्पॉन्स और कंस्ट्रक्टेड रिस्पॉन्स जैसे अलग-अलग प्रकार के सवालों को बनाने पर गहन चर्चा और मंथन हुआ। इसमें शामिल शिक्षकों ने निर्धारित विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भी भाग लिया।

## खबर एक नजर में

### चास रोटरी ने जन हितार्थ चास बाई पास रोड में लगाया प्याऊ



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास ने गर्मी को देखते हुए आम जनता के उपयोग के लिए बाईपास रोड चास में प्याऊ का संचालन शुरू किया। समाजसेवी संपत मल बैद ने राहगीर को पानी पिलाकर इस प्याऊ का उद्घाटन किया। संपत मल बैद ने कहा कि गर्मियों में प्याऊ खोलकर रोटरी क्लब चास ने पुण्य का काम किया है। इससे आम लोगों को पीने योग्य पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि लोगों को पीने योग्य स्वच्छ पानी मिलेगा और यह प्याऊ लोगों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चास मुख्य व्यवसायिक केंद्र है और यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग खरीदारी के लिए आते हैं। अब उन्हें पीने के लिए पानी खरीदना नहीं पड़ेगा। मुकेश ने बताया कि रोटरी क्लब ने चास में आज दो प्याऊ खोले हैं। कुल 6 प्याऊ खोलेगा। इस अवसर पर विमल रामपुरिया, शुभम चोपड़ा, कमल लोढ़ा, अंकित चोपड़ा, निर्मल रामपुरिया, ललिता चोपड़ा, संजय बैद आदि उपस्थित थे।

### पथरगामा में दो बाइकों की टक्कर में छह लोग घायल

**गोड्डा।** पथरगामा थाना क्षेत्र के बारकोप मोड़ के समीप सोमवार की सुबह एक सड़क हादसे में छह लोग बुरी तरह घायल हो गए। घटना उस समय घटी जब दो मोटरसाइकिलों की आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बारकोप निवासी शेखर सुमन साह अपने पुत्र को स्वामी विवेकानंद स्कूल गांधीग्राम हॉस्टल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान गांधीग्राम की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक दूसरी बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। इस बाइक को महागामा प्रखंड के भंडारीडीह निवासी दीपक कुमार राय चला रहे थे। दोनों बाइकों पर ट्रिपल लोड सवारियां थीं और किसी ने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था। टक्कर के बाद दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार छह लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा प्रखंड महामंत्री राजेश टेकरीवाल और पूर्व जिला परिषद सदस्य सियाराम भगत घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सहायता की। पथरगामा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सहायक पुलिस पर लगा शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप, फरार

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना में कार्यरत सहायक पुलिस गौतम वैध के खिलाफ इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 31 वर्षीय युवती ने शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। युवती ने अपने दिए आवेदन में बताया है कि सहायक पुलिस गौतम वैध से उसकी मुलाकात चार साल पहले सरैयाहाट में हुई थी। जिसके बाद दोनों आपस में प्रेम करने लगे। इस दौरान वह उसे बराबर तारापीठ घुमाने ले जाता था और वहीं पर होटल में उससे शारीरिक संबंध बनाता था। दिसंबर 2024 में उसने तारापीठ के ही एक होटल में उसकी मांग में सिंदूर लगा उसे पत्नी का दर्जा देकर बराबर हर महीने खर्च करने के लिए पैसे भी देता था। युवती के अनुसार वह 2024 में एक बार गर्भवती हो गई थी, जिसके बाद गौतम ने मेडिकल से कोई दवा उसे खिलाकर बच्चे को नष्ट कर दिया था। युवती ने बताया है कि गौतम की भाभी से उसे पता चला कि उसकी शादी कहीं ओर तय की गयी है, जिसके बाद उसने गौतम पर शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी से इंकार कर दिया। इस बीच युवती शिकायत लेकर एसपी और डीआईजी के पास पहुंची तो गौतम ने सरैयाहाट थाना में उसे बुलाकर बासुकीनाथ मंदिर में शादी करने की बात कही। लेकिन एक दिन बाद ही वह फिर शादी से मुकर गया और कहा कि उसके घर वाले शादी से मना कर रहे हैं। जिसके बाद उसने सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर इसी थाना में कार्यरत सहायक पुलिस गौतम वैध पर मामला दर्ज कराया है। इधर मामला दर्ज होने से पूर्व ही गौतम फरार हो गया है। अब सरैयाहाट पुलिस अपने ही थाना के सहायक पुलिस की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस पूरे प्रकरण में गौतम ने फोन पर बताया कि सारे आरोप बेबुनियाद हैं, उसपर राजनीतिक दबाव में मामला दर्ज कराया गया है। वहीं सरैयाहाट थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि युवती ने थाना में कार्यरत सहायक पुलिस के खिलाफ आवेदन किया है। आवेदन के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। युवती का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया गया है। पुलिस अनुसंधान कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दो अन्य घायल

**जामा।** दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के सिमरा डंगाल गांव के पास रविवार की देर शाम को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जहां ईलाज के दौरान एक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों युवक सिमराडंगाल गांव से बाइक से अपने घर उदलखाप वापस लौट रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवक मनोज पुजहर की मौत इलाज के दौरान हो गई। जबकि घायल नरेश पुजहर और उमेश पुजहर नामक युवक का इलाज चल रहा है। तीनों सिकटिया पंचायत के उदलखाप गांव के निवासी बताये जाते हैं।

# दुमका में डबल मर्डर से सनसनी, दंपति की चाकू घोंप की हत्या

- जमीन विवाद में हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**दुमका।** जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में एक दम्पति की चाकू घोंपकर निर्मम हत्या कर दी गयी है। घटना को घर के अंदर अंजाम दिया गया है। घटना बीती रात करीब 11 बजे की बतायी जा रही है। ग्रामीणों को जब घटना की सूचना मिली तो पति मोहन हांसदा खून से लतपथ घायल अवस्था में कमरें में पड़ा हुआ था। जबकि पत्नी बोरोनिका हेम्ब्रम की मौत हो चुकी थी। खून के धब्बे घर के दोनों तरफ बने आंगन तक फैले हुए थे। एक जोड़ी चप्पल में भी खून का धब्बा लगा हुआ था। आनन-फानन में ग्रामीणों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस बल ने पहाड़पुर गांव पहुंचकर एम्बुलेंस से मोहन हांसदा को दुमका भेज दिया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मोहन का उम्र 30 और बोरोनिका का 28 वर्ष बताया जा रहा है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने घर को सील कर दिया है। देखरेख के लिए चौकीदार की तैनाती की गई है।

### एसपी सहित कई पदाधिकारियों ने की जांच

घटना की जानकारी मिलने पर सोमवार को एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, एसडीपीओ विजय महतो, डीएसपी एकुड़ डुंगडुंग, काठीकुंड सर्किल इस्पेक्टर अरबिंद कुमार सहित पुलिस बल गांव पहुंचा। पुलिस की टीम ने घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी। इसी बीच डॉग स्क्वायड टीम और फोरेंसिक टीम भी गांव पहुंची। हत्या में प्रयुक्त चाकू और दावली को सूंघकर डॉग ने सबूत जुटाने का प्रयास किया। पुलिस दोनों ही हथियारों को जब्त कर लिया है। मामले को लेकर एसपी ने बताया कि फिलहाल जांच चल रही है। जांच के बाद ही मामले में कुछ बोला जा सकता है।

### सिर पर दावली से किया वार, गर्दन में चाकू घोंपा

पुलिस सूत्रों की मानें तो पत्नी बोरोनिका की हत्या दर्दनाक रही है। सिर पर दावली से प्रहार किया गया है। जिससे सिर फटकर ब्लीडिंग हुआ है। शरीर में कई जख्म हैं। दोनों हाथों में चाकू से काटा गया है। दोनों भुजाओं पर भी चाकू से गोदा गया है। एक हाथ का अंगुली भी काटा गया था, जो घटनास्थल पर पड़ा हुआ था। गर्दन पर चाकू से वार किया गया है। जबकि पति मोहन का नाभि में चाकू घोंपा हुआ था। इससे उसका आंत बाहर आ गया था। घटना में दोनों पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई है।

### मुझे बचाओ मुझे बचाओ की आई थी आवाज

पड़ोसी ने पुलिस को बताया कि रात करीब 10 बजे बोरोनिका की आवाज सुनाई दी थी। बोरोनिका मुझे बचाओ मुझे बचाओ की आवाज लगा रही थी। वह मामले को नहीं समझ पाई। कुछ देर बाद ही पड़ोसी को कुछ अनहोनी का शक हुआ तो उन्होंने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। काफी संख्या में ग्रामीण मोहन के घर पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर सभी स्तब्ध रह गए।

### पूछताछ में नहीं बताया किसी का नाम

घटना के बाद ग्रामीणों के साथ मोहन के घर बहन सुरुजमुनी सोरेन भी पहुंची थी। बताया कि मोहन पानी पीने मांगा, उसे पानी पिलाया फिर घटना के बारे में उसे जानकारी मांगी जा रही थी, लेकिन मोहन ने कुछ नहीं बताया। दुमका ले जाने के दौरान भी बहन सुरुजमुनी मोहन से हत्या के बारे में पूछती रही लेकिन वह चुप रहा। मामले को लेकर ग्रामीण भी कुछ नहीं बता पा रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मोहन और बोरोनिका ही घर पर रहते थे। इसके अलावे घर में कोई नहीं रहता था। घटना किसी और के द्वारा अंजाम दिया गया है या फिर खुद एक-दूसरे को मारकर आत्महत्या की गई है यह जांच का विषय है।

### मामा घर में रहता था मोहन हांसदा

मोहन और बोरोनिका की शादी वर्ष 2022 में क्रिश्चियन रीति रिवाज से हुई थी। मोहन अपने मामा घर पहाड़पुर में ही बोरोनिका को लेकर रहने लगा था। मोहन का मामा और नाना-नानी कोई जीवित नहीं हैं। बोरोनिका मूलरूप से गोपीकांदर थाना क्षेत्र के ही दीघा पर्वत की रहने वाली थी। मोहन का बड़ा भाई अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के सिंगारसी गांव में रहता है। जबकि मोहन की एक बहन सुरुजमुनी की शादी पहाड़पुर गांव में ही हुई है।

## पेज 1 का शेष

### राम मंदिर की तरह...

इस शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। तपोवन मंदिर के निर्माण में करीब 50 हजार घन फीट पत्थर का उपयोग किया जा रहा है, जो इसकी भव्यता को चार चांद लगायेगा। खास बात यह है कि मंदिर के निर्माण में उपयोग होने वाले सफेद संगमरमर राजस्थान के प्रसिद्ध मकराना से लाया गया है। इस संगमरमर का ताजमहल में भी इस्तेमाल किया गया था। नागर शैली की पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक तकनीकों का यह अनूठा संगम मंदिर को न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनायेगा। आने वाले समय में यह रांची का एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण भी बनकर उभरेगा। करीब 100 करोड़ की लागत इस पर आयेगी। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा। मौके पर सुबोधकांत सहाय ने कहा कि जब अयोध्या में श्री राम मंदिर बना तो सभी को लगने लगा था कि रांची में भी ऐसा मंदिर बनना चाहिए। प्रभु की प्रेरणा और आशीर्वाद से भक्त इसमें आगे बढ़े हैं, इसकी शुरूआत आज से हो गयी है।

स्पीड न्यूज

## प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन के तहत हों विस चुनावः शुभेंदु

**कोलकाता।** मुर्शिदाबाद में हाल ही में भड़की हिंसा को लेकर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सोमवार को नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। वर्ष 2026 में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत कराए जाने चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अगले वर्ष अप्रैल-मई में होने हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मूक दर्शक बनी रही, जबकि भीड़ ने कई इलाकों में जमकर उत्पात मचाया। जहां भी हिंदू अल्पसंख्यक हैं, वहां उन्हें मतदान से रोका जाता है।

## जाति जनगणना कराने के साथ एसएसी एसटी उप-योजना फिर लागू करे सरकार : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में जाति जनगणना को आवश्यक बताते हुए सरकार से एससी और एसटी के हित में पांच मांगे स्वीकार करने का आग्रह करते हुए इन वर्गों के लिए उप योजना को फिर से लागू करने की मांग की है। श्री खरगे ने डॉ अम्बेडकर जयंती पर सोमवार को यहां जारी बयान में कहा ह्लसंविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी की जयंती आज है। आज के दिन मैं कॉंग्रेस पार्टी की तरफ से 5 बातें कहना चाहता हूँ। पहली बात मैं कहना चाहता हूँ कि जाति जनगणना जरूरी है। अभी केंद्र सरकार 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर अपनी योजनाएँ बना रही है। साल 2021 में होनेवाली जनगणना का अभी तक पता नहीं। हम मांग करते हैं कि जनगणना के साथ-साथ ये भी जरूरी है कि जाति जनगणना कराया जाए। क्योंकि इतने वर्षों के बाद ये नहीं मालूम है कि आज समाज के अलग-अलग वर्गों की वास्तविक हालत कैसी है।

## थ्रिलर ड्रामा 'दायरा' में नजर आएंगी करीना



अभिनेत्री करीना कपूर हाल ही में फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। हमेशा की तरह इस फिल्म में भी उनके अभिनय को खूब सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। करीना के प्रशंसक काफी समय से उनकी अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे और अब उनका यह इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। दरअसल, करीना कपूर ने अपनी नई फिल्म की घोषणा कर दी है, जिसका नाम 'दायरा' है ।

करीना कपूर की आने वाली फिल्म 'दायरा' में साउथ के जाने-माने अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन उनका साथ देंगे। यह पहली बार है, जब करीना और पृथ्वीराज बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

# डॉ. अंबेडकर ने वंचित समाज को समान अधिकार दिलाने का आजीवन संघर्ष किया : राष्ट्रपति

## पीएम मोदी सहित कई नेताओं ने संसद भवन में बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संविधान निमार्ता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बाबासाहेब की तस्वीर के साथ संदेश भी साझा किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संदेश में कहा, भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर के जन्म दिवस पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। अपने प्रेरणादायी जीवन में बाबासाहेब ने अत्यंत विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए अपनी विशेष पहचान बनाई और असाधारण उपलब्धियों से विश्व स्तर पर सम्मान अर्जित किया। संदेश में आगे कहा, विलक्षण क्षमताओं और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बाबासाहेब अर्थशास्त्री, शिक्षाविद, न्यायविद और महान समाज सुधारक थे। वे समानता के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने महिलाओं तथा पिछड़े और वंचित वर्गों को समान आर्थिक और सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया।

वे शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन मानते थे। विभिन्न क्षेत्रों में उनका अमूल्य योगदान भावी पीढ़ियों को राष्ट्र-निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा, आइए, इस अवसर पर हम सब डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें और एक ऐसे भारत का निर्माण करें जहां सामाजिक समरसता और समानता का आदर्श स्वरूप दिखाई दे। वहीं अंबेडकर जयंती के अवसर पर कई प्रमुख नेता संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर एकत्र हुए और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के सैन्य छावनी (महू) में जन्मे डॉ. अंबेडकर एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार के रूप में उन्होंने संविधान की मसौदा समिति की अध्यक्षता की और बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में पहले कानून और न्याय मंत्री के रूप में कार्य किया।

डॉ. अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल थे। उन्होंने भारतीय संविधान के निमार्ता को पुष्पांजलि अर्पित की और समारोह में मौजूद बौद्ध भिक्षुओं से आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनकी प्रेरणा से देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, ह्लसभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत और आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।

## हिसार-अयोध्या फ्लाइट को पीएम ने दिखाई हरी झंडी, कहा

# श्रीकृष्ण की भूमि, श्रीराम की भूमि से सीधे जुड़ गयी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार को पहले एयरपोर्ट की सौगात दी। उन्होंने एयरपोर्ट से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और बटन दबाकर नए टर्मिनल का शिलान्यास भी किया। हरियाणावासियों को इस शुभ दिन की बधाई देते हुए उन्होंने कहा, ह्लयह शुरूआत हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी। पीएम मोदी ने कहा, आज हरियाणा से अयोध्या धाम के लिए फ्लाइट शुरू हुई है। यानी अब श्रीकृष्ण जी की पावन भूमि हरियाणा, श्रीराम जी की भूमि से सीधे जुड़ गई है। बहुत जल्द यहां से दूसरे शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू होंगी। आज हिसार एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास भी हुआ है। यह शुरूआत हरियाणा के विकास को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी। हरियाणा के लोगों को इस नई शुरूआत के लिए ढेर सारी बधाई देता हूं। मेरा आपसे वादा रहा है कि हवाई चप्पल



पहनने वाला भी हवाई जहाज में उड़ेगा। प्रधानमंत्री ने एक आंकड़े की जुबानी आम लोगों की हवाई यात्रा की कहानी सुनाई। उन्होंने कहा, बीते दस सालों में करोड़ों भारतीयों ने जीवन में पहली बार हवाई सफर किया है। हमने वहां भी नए एयरपोर्ट बनाए, जहां कभी अच्छे रेलवे स्टेशन तक नहीं थे। 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, 70 साल में 74। आज देश में एयरपोर्ट की संख्या 150 के पार हो गई है। पीएम मोदी ने अंबेडकर जयंती के खास अवसर पर लोगों को बधाई देते हुए कहा, ह्लआज का दिन हम सभी के लिए, पूरे देश के लिए और खासकर दलित, पीड़ित, वंचित, शोषित के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उनके जीवन में ये दूसरी दिवाली है। आज संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती है। उनका जीवन, उनका संघर्ष, उनका संदेश हमारी सरकार की 11 साल की यात्रा का प्रेरणा स्तंभ बना है। हर दिन, हर फैसला, हर नीति, बाबा साहेब अंबेडकर को समर्पित है। इससे पहले पीएम मोदी ने हिसार से अपने पुराने रिश्ते का जिक्र किया। बोले, ह्लखाटे जवान, खाटे खिलाड़ी, और थारा भाईचारा जो है हरियाणा की पहचान। हिसार से मेरी इतनी यादें जुड़ी हुई हैं। जब भाजपा ने मुझे हरियाणा की जिम्मेदारी दी थी, तो यहां अनेक साथियों के साथ मैंने लंबे समय तक काम किया। इन सभी साथियों के परिश्रम ने बीजेपी की हरियाणा में नींव को मजबूत किया है।

## सीएम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार का 'लोगो' तथा मंडाविया ने किया 'शुभंकर' का अनावरण

## आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देगा व युवा प्रतिभाओं को करेगा प्रोत्साहित : नीतीश

**एजेंसी**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार 2025 के आधिकारिक 'लोगो' तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का अनावरण रिमोट के माध्यम से किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक खेल सॉन्ग लॉन्च किया और खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



आज मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का बिहार में आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 मई को खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का पटना में उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन के माध्यम से राज्य में खेलों की बुनियादी संरचना को और मजबूत करने तथा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स, बिहार का लोगो और केन्द्रीय श्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'शुभंकर' का रिमोट के माध्यमसे अनावरण किया। इस मौके पर एक खेल सॉन्ग भी लॉन्च किया गया।

दरअसल, बिहार राज्य में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजन हो रहा है। यह खेल 4 मई से 15 मई तक बिहार के पांच जिले पटना, नालंदा (राजगीर), गया, भागलपुर और बेगूसराय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें 28 खेलों के लिए देशभर से 8 हजार 500 खिलाड़ी और 1500 टेक्निकल स्टाफ सहित कुल 10 हजार लोग भाग लेंगे।

बिहार के 38 जिलों से होकर गुजरेगी यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रामुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मशाल गौरव यात्रा रथ को रवाना किया। कार्यक्रम में खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेंदर ने मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन से संबंधित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।

## केंद्र ने बिहार के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रतीक्षा सूची समाप्तपटना, 14 अप्रैल (हि.स.)। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत बिहार की प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गई। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवासों का आवंटन कर दिया है। इन अतिरिक्त आवासों के आवंटन से राज्य में पीएम आवास योजना की 2018 से चली आ रही प्रतीक्षा सूची तकरीबन समाप्त हो गई है। सूची में मौजूद लगभग सभी लाभार्थियों को आवास मिलने का रास्त साफ हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। केंद्रीय कृषि एवं किसान और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कुमार को पत्र लिखकर पूरी स्थिति से अवगत करा दिया है ।पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की 9 अगस्त 2024 को हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण से संबंधित योजना को मंजूरी प्रदान करते हुए इस योजना का विस्तार आगामी 5 वर्षों 2029 तक करने की सहमति दी गई। इस योजना के शुरू होने से 2024-25 तक बिहार को 44 लाख 92 हजार 10 घर आवंटित किए गए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास मुहैया कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की थी, जिसका क्रियान्वयन राज्यों के सहयोग से किया जा रहा है।

इस पत्र में इस बात का खासतौर से उल्लेख किया गया है कि अतिरिक्त आवासों का आवंटन करने से प्रतीक्षा सूची को संतृप्त यानी पूरी कर दी गई है।

# मेहुल की गिरफ्तारी की पुष्टि हुई

## बेल्जियम ने कहा-भारत से मिला प्रत्यर्पण अनुरोध

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/ ब्रसेल्स।** बेल्जियम की सरकार ने भी भगोड़े भारतीय कारोबारी मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी की पुष्टि कर दी है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने सोमवार को बताया कि चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया और अभी उसे हिरासत में रखा गया है। बयान में कहा गया कि भारत ने चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध पेश किया है। बेल्जियम की संघीय लोक सेवा ने मीडिया को बताया कि मेहुल चोकसी को कानूनी सलाहकार तक पहुंच सुनिश्चित की गई है। बयान में कहा गया कि बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा यह पुष्टि कर सकती है कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध प्रस्तुत किया है। जैसा कि व्यक्तिगत मामलों में मानक है, इस स्तर पर



कोई और जानकारी साझा नहीं की जा सकती है। चोकसी के प्रत्यर्पण के संबंध में पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने कहा कि मेहुल चोकसी का प्रत्यर्पण एक बेहतरीन निर्णय होगा, लेकिन इसमें लंबा समय लग सकता है। तहव्वुर राणा के अमेरिका से प्रत्यर्पण का उदाहरण देते हुए फैबियन ने कहा कि उसे लाने में 17 साल लग गए, इसलिए हमें चोकसी के मामले में भी जल्द ही ऐसा होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्यर्पण कार्यवाही में समय लगेगा और बाधाएं हो सकती हैं। चोकसी के बारे में कहा गया है कि वह अपनी स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर प्रत्यर्पण को चुनौती देने जा रहा है। फैबियन ने बताया कि 2018 से चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक से अरबों रुपये की धोखाधड़ी कर फरार हैं। हम उनका पीछा कर रहे हैं। फैबियन का कहना है कि कोई यह निश्चित रूप से नहीं कह सकता कि बेल्जियम सरकार उसे प्रत्यर्पित करेगी या नहीं, लेकिन भारत को इसके लिए प्रयास करते रहना चाहिए।

चोकसी की गिरफ्तारी की रिपोर्ट के बाद उसके वकील विजय अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि अगर चोकसी को भारत प्रत्यर्पित किया गया तो उसके मानवाधिकारों का उल्लंघन होगा।

## हिंदू समाज की एकता व समानता को समर्पित रहा आंबेडकर और हेडगेवार का जीवन : डॉ. भागवत

**एजेंसी**

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि आज देश डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मना रहा है और आज ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत कार्यालय केशव भवन का प्रवेश उत्सव भी मनाया जा रहा है। ऐसा इसलिए कि डॉ. आंबेडकर और संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का पूरा जीवन हिंदू समाज की एकता एवं समानता के लिए समर्पित रहा। यह अलग बात है डॉ. आंबेडकर ने अंतिम दिनों में बौद्ध धर्म अपना लिया था, लेकिन एकता समानता एवं बंधुत्व से कभी विमुख नहीं हुए। संघ प्रमुख सोमवार को कानपुर में संघ के प्रांत कार्यालय के लोकार्पण के दौरान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



पांच दिवसीय कानपुर प्रवास पर आए सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के विचार धारा पर काम कर रहा है और इसी विचारधारा पर डॉ. भीमराव आंबेडकर भी कार्यरत रहे। एक बार डॉ. आंबेडकर ने कहा था कि यह विचार हमने फ्रांसीसी क्रांति से नहीं लिया, बल्कि यह बुद्ध के विचार से अपनाया गया है। विषमता को जड़ से उखाड़ देने के रूप में बाइक के अगर बाबा साहब पैडल किक थे तो संघ भी स्टार्टर है। संघ एक जीवन व वातावरण है, संघ का काम सबको जोड़ने का है।

# भारतीय रेलवे ने 2024-25 में बेहतर प्रदर्शन के साथ अधिक कमाई की

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए परिचालन अनुपात में सुधार दर्ज किया है, जो 98.32 प्रतिशत है। इसी के साथ आय में 2.65 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, यात्री राजस्व में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि माल ढुलाई आय में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारतीय रेलवे (आईआर) ने अपने परिचालन अनुपात में सुधार किया है, जो 98.32 प्रतिशत है। यह प्रदर्शन में दक्षता के स्तर को दशार्ता है। इसका मतलब है कि रेलवे ने 2024-25 के दौरान हर 100 रुपये कमाने के लिए 98.32 रुपये खर्च किए। वर्ष 2023-24 के दौरान परिचालन अनुपात 98.43 प्रतिशत रहा, क्योंकि रेलवे ने प्रत्येक 100 रुपये की कमाई पर 98.43



रुपये खर्च किए।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रेलवे की लागत में कटौती के उपायों में जनशक्ति प्रबंधन और पटरियों का विद्युतीकरण शामिल है, जिससे भारी बचत हुई है, क्योंकि डीजल इंजनों से ट्रेन चलाना अधिक महंगा है। भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता में सुधार हुआ है, क्योंकि वर्तमान में 80,000 किलोमीटर तक विस्तारित ट्रेनों के लिए 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति क्षमता है, जो 2014 में केवल 31,000 किलोमीटर थी।

इसके अलावा, 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति क्षमता के लिए 2014-15 से 2024-25 तक लगभग 23,000 किलोमीटर ट्रैक को अपग्रेड और सुधार किया गया है। आरक्षित श्रेणी में अधिक लोगों के यात्रा करने और माल ढुलाई में वृद्धि के साथ, भारतीय रेलवे ने वर्ष के दौरान आय में वृद्धि दर्ज की। 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 के बीच भारतीय रेलवे से कुल 715 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। डेटा से यह भी पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025 में कुल यात्रियों में से 81 करोड़ ने एसी और स्लीपर क्लास के यात्रियों सहित आरक्षित श्रेणी से यात्रा की और 634 करोड़ अनारक्षित श्रेणी के यात्री थे। इसमें उपनगरीय यात्रा भी शामिल है, जो भारतीय रेलवे के कुल यात्रियों का 55 प्रतिशत से अधिक है और इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। इसी तरह, भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2024 में हासिल 1,590.68 मीट्रिक टन की तुलना में 1,617 मिलियन टन (एमटी) से अधिक फ्रेट लोडिंग की। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 1.7 प्रतिशत या 26.70 मीट्रिक टन की वृद्धि है।

भारतीय रेलवे के कुल माल लदान मिश्रण में कोयला 50 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025 में भारतीय रेलवे द्वारा लगभग 822 मीट्रिक टन कोयला, 89 मीट्रिक टन कंटेनर, 51 मीट्रिक टन पेट्रोलियम और लगभग 50 मीट्रिक टन खाद्यान्न का परिवहन किया गया। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू कंटेनरों में हॉट रोल्ड कॉइल, सिरेमिक टाइलें, वॉल केयर पुट्टी और चावल प्रमुख वस्तुएं हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में, घरेलू कोयले की लोडिंग में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू कंटेनरों की लोडिंग में 19.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसी तरह, उर्वरकों की लोडिंग में सालाना आधार पर 1.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारतीय रेलवे द्वारा कोयले की अधिक लोडिंग के कारण, बिजली घरों में स्टॉक 57 मीट्रिक टन रहा।

